* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

18 मार्च, 2024
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 148

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

धनबाद, चतरा और जामताड़ा में अभ्यर्थियों ने काटा बवाल



# विकास के लिए खनन उद्योग का विकास आवश्यक

खनिज बहुमूल्य प्राकृतिक संसाधन हैं जो मूलभूत उद्योगों के लिये आवश्यक कच्चे माल के रूप में कार्य करते हैं।
किसी राष्ट्र के समग्र औद्योगिक विकास के लिये खनन उद्योग का विकास आवश्यक है।
भारत के खनन उद्योग में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि और विदेशी मुद्रा आय अर्जन को उल्लेखनीय रूप से प्रभावित करने तथा भवन, अवसंरचना, मोटर वाहन एवं बिजली जैसे उद्योगों को उचित दरों पर आवश्यक कच्चे माल उपलब्ध कराने के माध्यम से प्रतिस्पर्द्धात्मक बढ़त देने की क्षमता है।
मजबूत घरेलू मांग और वैश्विक विनिमार्ताओं के बीच अपने संयंत्रों को भारत में स्थानांतरित करने की बढ़ती रुचि के साथ, भारत के पास विनिर्माण के लिये एक वैश्विक केंद्र के रूप में उभरने का एक व्यापक अवसर मौजूद है। खनिजों और धातुओं के मामले में भारत की विशाल क्षमता देश के आकर्षण को बढ़ाती है। हालाँकि भारत के विशाल खनिज भंडार के बावजूद इसका खनन क्षेत्र अभी भी लीगेसी संबंधी मुद्दों : पूर्व के निर्णय, कृत्यों आदि के परिणामस्वरूप वर्तमान परिदृश्य) से प्रभावित है।

## खनन क्षेत्र का वर्तमान परिदृश्य

### निजीकरण का संक्षिप्त इतिहास

- नब्बे के दशक की शुरूआत के भारत के आर्थिक उदारीकरण और राष्ट्रीय खनिज नीति, 1993 ने भारत में खनिज अन्वेषण के लिये निजी निवेश का मार्ग प्रशस्त किया है।
- नए मानदंडों के अनुसार, निजी कंपनियाँ पहले आओ पहले पाओ प्रणाली के तहत भारत में अन्वेषण परमिट के लिये आवेदन कर सकती हैं, जिससे उन्हें किसी भी खोजे गए खनिज का पता लगाने और फिर उसका खनन करने या बिक्री करने का अधिकार प्राप्त होता है।
- 12वीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत कार्यसमूह की वर्ष 2011 की एक रिपोर्ट में खनिज अन्वेषण के क्षेत्र में निजी निवेश को प्रोत्साहित करने में प्रणाली के महत्त्व को रेखांकित किया गया।
- हालाँकि, सर्वोच्च न्यायालय ने वर्ष 2012 के अपने निर्णय में कहा कि प्राकृतिक संसाधन आवंटन की पद्धति हेरफेर, पक्षपात एवं दुरुपयोग के लिये अतिसंवेदनशील है। इसमें आगे कहा गया कि उच्च जोखिम और उच्च निवेश के साथ, नीलामी निजी निवेश को बाधित करेगी।
- खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 में वर्ष 2015 के संशोधन ने खनिज आवंटन के लिये के आधार को नीलामी से प्रतिस्थापित कर दिया।



## भारत में खनन को और अधिक अनुकूल बनाने के लिए उठाये जानेवाले संभावित कदम

**घरेलू अन्वेषण को प्रोत्साहन देना:** हाल ही में, खान मंत्रालय ने भारत में विभिन्न क्षेत्रों के विकास के लिये आवश्यक 30 अत्यंत आवश्यक खनिजों की एक सूची जारी की है। विंड टरबाइन, सोलर पैनल, बैटरी और इलेक्ट्रिक वाहन जैसी हरित प्रौद्योगिकियों के विनिर्माण के लिये ये आवश्यक हैं। इन अत्यंत आवश्यक खनिजों के घरेलू अन्वेषण को प्रोत्साहित करना वर्ष 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन तक पहुंचने के भारत के दीर्घकालिक लक्ष्य की प्राप्ति के लिये महत्त्वपूर्ण है।

**अन्वेषण मॉडल में बदलाव लाना:** अन्वेषण को प्रोत्साहित करने के लिये, वर्तमान के ह्यराजस्व को अधिकतम करने मॉडल से ह्यअन्वेषण निवेश प्रोत्साहनह्न मॉडल की ओर आगे बढ़ना आवश्यक है। यह भारत में छोटे अन्वेषणकताओं को भी आकर्षित कर सकता है जिन्होंने कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और अमेरिका में खनिज क्षेत्र के विकास में अच्छा योगदान दिया है।

**निजी कंपनियों को प्रोत्साहित करना:** महत्त्वपूर्ण गैर-परमाणु उपयोग रखने वाले अत्यंत आवश्यक खनिजों (जैसे दुर्लभ मृदा तत्त्व, लिथियम, टाइटेनियम, नाइओबियम आदि) के खनन में निजी भागीदारी की अनुमति दी जानी चाहिये । ऐसे गैर-विखंडनीय खनिजों को खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की पहली अनुसूची के भाग इ से हटा दिया जाना चाहिये, जो परमाणु खनिजों को सूचीबद्ध करता है। अत्यंत आवश्यक खनिजों के अन्वेषण में निजी क्षेत्र के लिये अधिक अवसर का अर्थ होगा अधिक खनन दक्षता और भारत के लिये अधिक आत्मनिर्भरता, जिससे भारत के खनिज आयात बिल में कमी आएगी।

**एक स्वतंत्र नियामक संस्था का गठन करना:** राज्य और केंद्र स्तर पर विभिन्न सत्तारूढ़ दलों के बीच स्पष्टता के अभाव की स्थिति को खनन क्षेत्र के विकास हेतु बाधक नहीं बनने दिया जाना चाहिये। इसलिये एक स्वतंत्र नियामक प्राधिकरण की आवश्यकता है जिसे सार्वजनिक और आर्थिक विकास के व्यापक हित में कार्य करने की शक्ति सौंपी जानी चाहिये।

## खनन क्षेत्र में अवसर

भारत लौह अयस्क उत्पादन के मामले में विश्व स्तर पर चौथे स्थान पर है और विश्व का दूसरा सबसे बड़ा कोयला उत्पादक है (वर्ष 2021)। भारत में संयुक्त एल्युमीनियम उत्पादन (प्राथमिक एवं द्वितीयक) वित्त वर्ष 2021 में 4.1 मीट्रिक टन प्रति वर्ष के स्तर पर था; इस प्रकार भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक बन गया। वर्ष 2023 में भारत में विस्तारित विद्युतीकरण और समग्र आर्थिक विकास के कारण खनिज की मांग 3% तक बढ़ने की संभावना है। भारत इस्पात एवं एल्युमिना के मामले में उत्पादन एवं रूपांतरण लागत में उचित लाभ की स्थिति रखता है। इसकी रणनीतिक अवस्थिति विकसित देशों के साथ-साथ तेजी से विकास कर रहे एशियाई बाजारों में निर्यात संभावनाओं को सक्षम बनाती है।

### खनन क्षमता का अन्वेषण है महत्वपूर्ण

### सतत परिवहन के लिए

भारत की नवयुगीन अर्थव्यवस्था के अत्यधिक खनिज गहन होने की संभावना है। चूंकि इस दशक के शेष वर्षों में भारत की बिक्री तेजी से बढ़ने वाली है इसलिये लिथियम, कोबाल्ट, निकेल और ग्रेफाइट की मांग उच्च होगी। इसके साथ ही इस्पात के रूप में लौह अयस्क, एल्युमीनियम के स्रोत के रूप में बॉक्साइट और कॉपर की मांग अधिक होगी।

### सहज ऊर्जा संक्रमण के लिए

विशेष रूप से ऊर्जा-संक्रमण खनिजों की मांग में भारी वृद्धि होने का अनुमान है, जो आंशिक रूप से उन्नत रसायन सेल बैटरी, सोलर पीवी मॉड्यूल, बड़े घरेलू उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के लिए प्रोडक्शन-लिंक्ड प्रोत्साहन योजनाओं में भागीदारी से प्रेरित होंगे।

### नवीकरणीय ऊर्जा के लिए

भारत का वर्ष 2030 तक 500 गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता प्राप्ति का लक्ष्य काफी हद तक सौर एवं पवन क्षमता से पूरा किया जायेगा। हालांकि, अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी का अध्ययन है कि तटवर्ती पवन संयंत्र को गैस-संचालित बिजली संयंत्र की तुलना में 9 गुना अधिक खनिजों की आवश्यकता होती है। एल्युमीनियम और कॉपर सौर ऊर्जा के लिए महत्त्वपूर्ण हैं लेकिन पवन ऊर्जा को दुर्लभ मृदा तत्वों जिंक, कॉपर और एल्युमीनियम की आवश्यकता होती है।

### पारंपरिक क्षेत्रों के लिए

आवास, अवसंरचना और परिवहन क्षेत्र लौह अयस्क, बॉक्साइट, कॉपर, लाइमस्टोन, क्रोमियम, जिंक आदि की मांग को बढ़ावा देंगे। तीव्र औद्योगिक विकास से वर्ष 2030 तक लौह अयस्क, बॉक्साइट, जिंक, कॉपर, निकेल आदि की घरेलू मांग दोगुनी हो जाने का अनुमान है। प्राथमिक क्षेत्र में, खाद्य सुरक्षा और कृषि इनपुट के रूप में रॉक फॉस्फेट और जिंक पर काफी निर्भरता है।

आजाद सिपाही मीडिया मार्केटिंग इनीशिएटिव






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 61,300 रु./10 ग्राम
चांदी 76,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 18 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in


# पलामू के आंकड़े और माहौल धड़कन बढ़ा रहे हैं भाजपा के

## ■ 3.36 लाख वोट को पाले में करना भाजपा के लिए बड़ी चुनौती

## ■ 2019 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिले वोट में था भारी अंतर

## ■ वोटों के इस अंतर को पाटना ही सबसे बड़ी चुनौती है विष्णु दयाल राम के हैट्रिक के रास्ते में

**आजाद सिपाही विशेष**

पलामू, यानी पलाश, लाह और महुआ की धरती, जो एक जिला के रूप में 132 साल पहले 1 जनवरी, 1892 को अस्तित्व में आया था, झारखंड के सबसे पिछड़े इलाके के रूप में जाना जाता है, लेकिन राजनीतिक रूप से यहां की धरती बेहद उर्वर रही है। पलामू लोकसभा सीट का गठन दो जिलों पलामू और गढ़वा के हिस्सों को लेकर किया गया है। जंगल और पहाड़ों से घिरे इस खूबसूरत लोकसभा क्षेत्र से फिलहाल भाजपा के सांसद विष्णु दयाल राम हैं। इस पूर्व आइपीएस अधिकारी पर भाजपा ने लगातार तीसरी बार दांव लगाया है, लेकिन इस बार शुरुआत में उनकी राह में बाधाएं दिखाई देने लगी थीं, सबसे बड़ी बाधा स्थानीय कार्यकर्ताओं में उनके प्रति बढ़ता असंतोष था, जिसे दो दिन पहले ही शांत कर दिया गया है। गढ़वा मंडल के 19 मंडल अध्यक्षों ने इनके खिलाफ विरोध का स्वर तेज किया था, बैठक की और घाषणाएं भी। लेकिन इनके लिए राहत की बात यह है कि अगले ही दिन भवनाथपुर के विधायक भानुप्रताप शाही के प्रयास से इन कार्यकर्ताओं को मना लिया गया और वे अब वीडी राम के पक्ष में काम कर रहे हैं। हालांकि पिछले लोकसभाचुनाव के सात माह बाद हुए विधानसभा चुनाव के आंकड़े बहुत अनुकूल नहीं रहे। 2019 के लोकसभा चुनाव में तो भाजपा को पलामू लोकसभा क्षेत्र के तहत आनेवाले सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में अच्छा-खासा वोट मिला था, लेकिन सात महीने बाद हुए विधानसभा चुनाव में ये वोट बहुत कम हो गये। हालांकि भाजपा ने इनमें से चार विधानसभा सीटों पर जीत हासिल की थी, लेकिन कम वोट मिलना उसके लिए चिंता का कारण है। इस बार भाजपा के लिए इस कमी को दूर करना बेहद जरूरी है। क्या है पलामू संसदीय सीट का वर्तमान सियासी माहौल और क्या हैं आंकड़े, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

लोकसभा चुनाव का एलान होने के साथ ही झारखंड समेत पूरे देश में चुनावी गहमा-गहमी तेज हो गयी है। जहां तक झारखंड का सवाल है, तो यहां मुकाबले की तस्वीर लगभग साफ हो गयी है। राज्य की 14 संसदीय सीटों पर भाजपा और महागठबंधन के बीच सीधा मुकाबला होने के आसार हैं। इस स्थिति में मुकाबला बेहद कांटे का और रोमांचक होगा, इसमें कोई संदेह नहीं है।

झारखंड की संसदीय सीटों में से एकमात्र पलामू सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। यह संसदीय क्षेत्र वास्तव में झारखंड के सबसे पिछड़े क्षेत्रों में शुमार है, क्योंकि यहां हर साल सुखाड़ या अनावृष्टि की स्थिति बनती है। बिना किसी बड़े उद्योग-धंधे वाले इस क्षेत्र का राजनीतिक परिदृश्य बहुत रोमांच पैदा करता है।

### पलामू में जातीय समीकरण है निर्णायक

जातीय समीकरण और वोटों के हिसाब से पलामू संसदीय सीट पर अनुसूचित जाति काफी अहम भूमिका निभाती है। वोटों के हिसाब से देखें तो यहां एससी जाति की संख्या करीब 27 प्रतिशत के करीब है। इसमें राम (15.1), भुइयां (5 प्रतिशत), पासवान (2.4), प्रसाद (2.1), बैठा (1.2), मांझी (0.6), मोची (0.3 ) प्रमुखता से शामिल हैं। यहां का जातीय समीकरण ही जीत-हार तय करता है। 2024 के लिए बन रहे चुनावी समीकरण में भाजपा का दावा मजबूत माना जा रहा है, लेकिन पिछले विधानसभा चुनाव के आंकड़े भाजपा की धड़कने बढ़ा रहे हैं। हालांकि वीडी राम का कद उम्मीदवार की हैसियत से काफी बड़ा है। वह पढ़े-लिखे हैं और गंभीर भी हैं। फालतू की बातें वह नहीं करते। झूठा वादा भी नहीं करते। जो कहते हैं, सीमा में रह कर कहते हैं और वही वायदे करते हैं, जिसे वह पूरा करा सकते हैं। शिक्षा, योग्यता और कद तीनों की बदौलत वीडी राम की छवि भाजपा आलाकमान की नजर में भी अच्छी है। यह भाजपा और इनके लिए राहत की बात है।

### कार्यकर्ताओं का गुस्सा शांत करने में सफल हुई पार्टी

पलामू संसदीय सीट से लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने के लिए संघर्ष करते वर्तमान सांसद और भाजपा प्रत्याशी वीडी राम की पहली चुनौती सभी जाति-धर्म के लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं को एकजुट करना है। वीडी राम को तीसरी बार उम्मीदवार बनाये जाने की घोषणा के बाद मेदिनीनगर और गढ़वा के भाजपा कार्यकर्ताओं में विरोध के स्वर सुनाई पड़े। बैठकें हुईं, आंदोलन की घोषणा की गयी। लेकिन इनके लिए राहत की बात यह है कि उसके अगले ही दिन भवनाथपुर के विधायक भानुप्रताप शाही और खुद वीडी राम के प्रयास से इन कार्यकर्ताओं को मना लिया गया और वे कार्यकर्ता एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प के साथ इनसे कंधा से कंधा मिला कर पार्टी की गतिविधियों में शामिल हो गये हैं। कार्यकर्ताओं की नाराजगी को दूर करने में प्रदेश भाजपा के नेताओं ने भी अहम भूमिका निभायी है।




### विधानसभा के आंकड़े धड़कन बढ़ानेवाले हैं

जहां तक चुनावी आंकड़ों का सवाल है, तो पलामू संसदीय क्षेत्र का चुनावी आंकड़ा भाजपा की धड़कन बढ़ा रहा है। पलामू संसदीय क्षेत्र के तहत छह विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें डाल्टनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, गढ़वा और भवनाथपुर शामिल हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को इन सभी क्षेत्रों में अच्छा वोट मिला था, लेकिन सात माह बाद हुए विधानसभा चुनाव में हालांकि भाजपा ने इनमें से चार विधानसभा सीटों पर जीत हासिल की, लेकिन उसके वोट नाटकीय रूप से कम हो गये। लोकसभा चुनाव में डाल्टनगंज सीट से भाजपा को 145935 वोट मिले थे, लेकिन विधानसभा चुनाव में उसे 103698 वोट ही मिले। लगभग पैंतालीस हजार वोट कम मिले। इसी तरह विश्रामपुर में लोकसभा चुनाव में भाजपा को 118583 वोट मिले थे, जबकि विधानसभा चुनाव में वह महज 40635 वोट ही ला सकी। यहां करीब 68 हजार वोट कम मिले। छतरपुर में लोकसभा चुनाव में भाजपा को 100126 वोट और विधानसभा चुनाव में 64127 वोट मिले थे। यहां लगभग 36 हजार वोट भाजपा के हाथ से छिटक गये। हुसैनाबाद में भाजपा ने लोकसभा चुनाव में 94858 वोट हासिल किये थे, लेकिन विधानसभा चुनाव में उसके द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार विनोद सिंह महज 27880 वोट ही ला सके। यहां 67 हजार वोट कम मिले। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा को लोकसभा चुनाव में 137947 वोट मिले थे, जबकि विधानसभा चुनाव में वह 83159 वोट ही ला सकी। यहां लगभग 54 हजार वोट कम मिले। इसी तरह भवनाथपुर में लोकसभा चुनाव में भाजपा को 155791 वोट मिले थे, लेकिन विधानसभा चुनाव में यह घट कर 96818 रह गया। यहां लगभग 59 हजार वोट कम मिले। इस तरह साफ है कि लोकसभा चुनाव में पलामू सीट पर भाजपा को 7.53 लाख से अधिक वोट मिले थे, जबकि विधानसभा चुनाव में यह घट कर 4.16 लाख रह गया। भाजपा के सामने बड़ा सवाल यह है कि 3.36 लाख वोट कहां गये और इस बार वह इस कमी को दूर करने के लिए क्या करेगी। इस संदर्भ में भाजपा के कुछ नेताओं का कहना था कि पिछली भाजपा सरकार के कामकाज से स्थानीय कार्यकर्ताओं में नाराजगी थी। अधिकारी उनकी बात नहीं सुनते थे। इसलिए उन लोगों ने चुनाव में सक्रियता नहीं दिखायी। इस बार ऐसी स्थिति नहीं है। प्रदेश भाजपा ने उस कमी को पाट दिया है।

### पलामू का राजनीतिक परिदृश्य

पलामू की राजनीति में धुरंधर माने जानेवाले नेताओं के राजनीतिक रिश्ते बनते-बिगड़ते रहे हैं। पलामू ने वह दौर भी देखा है, जब लोकसभा चुनाव को लेकर उपजे विवाद के कारण डालटनगंज विधानसभा में उपचुनाव भी हो गया था, क्योंकि तब डालटनगंज के तत्कालीन विधायक इंदर सिंह नामधारी ने सिर्फ इसलिए विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था, क्योंकि तब जदयू के शीर्ष नेतृत्व ने उनकी बात नहीं सुनी थी। लेकिन 12 वर्षों के बाद पलामू के राजनीतिक मैदान का स्वरूप पूरी तरह से बदला हुआ है। इंदर सिंह नामधारी के राजनीतिक नेपथ्य में जाने के बाद 2007 में घुरन राम को गिरिनाथ सिंह ने दिल्ली पहुंचाया था। आज वही गिरिनाथ सिंह भाजपा के लिए खड़े हैं। घुरन राम भी भाजपा में शामिल हो गये हैं। 2009 में नवजवान संघर्ष मोर्चा प्रमुख भानु प्रताप शाही ने कामेश्वर बैठा के लिए खुल कर काम किया था। तब बैठा को शाही ने कांग्रेस, झामुमो और नवजवान संघर्ष मोर्चा के प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतारा था। गिरिनाथ सिंह उस समय पलामू प्रमंडल में राजद की कमान संभाल रहे थे। वह हर हाल में कामेश्वर को रोकना चाहते थे। गिरिनाथ और भानु के रिश्तों में काफी तल्खी भी आ गयी थी। भानु बैठा को दिल्ली में तो ले आये, लेकिन इससे उनके राजनीतिक विरोधी बढ़ गये। आज भानु और गिरिनाथ के अलावा घुरन भी भाजपा में हैं।

### पलामू का राजनीतिक माहौल

पलामू संसदीय सीट पर इस बार सियासी माहौल पूरी तरह बदला हुआ है। पिछले चुनाव में वीडी राम के प्रतिद्वंद्वी रहे घूरन राम अब भाजपा में हैं। वह इस सीट से पिछला तीन संसदीय चुनाव लड़ चुके हैं। घूरन राम के पाला बदलने के बाद से अब लोगों की निगाह विपक्षी गठबंधन पर है कि वह किसे प्रत्याशी बनाता है। ऐसी संभावना है कि पलामू सीट राजद के कोटे में जायेगी और यह देखना दिलचस्प होगा कि वह किसे टिकट देता है। इधर चर्चा यह भी है कि पूर्व सांसद जोरावर राम के बेटे राकेश पासवान इस सीट पर बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ सकते हैं। यदि ऐसा हुआ, तो मुकाबला त्रिकोणीय हो जायेगा।

### थोड़ी सी भी चूक भाजपा को महंगी पड़ सकती है

वीडी राम को हैट्रिक बनाने के लिए उतारने के बावजूद भाजपा को इस बात का पूरा एहसास है कि उसकी थोड़ी सी भी चूक पलामू में महंगी पड़ सकती है। हालांकि अभी विपक्ष द्वारा अपना पत्ता नहीं खोला गया है, लेकिन 3.36 लाख वोट की कमी को पाटना भाजपा और वीडी राम दोनों के लिए बड़ी चुनौती है।

---

## युवाओं की बदकिस्मती उनका साथ नहीं छोड़ रही : अर्जुन मुंडा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में 11वीं जेपीएससी की परीक्षा देनेवाले अभ्यार्थियों के सपनों में एक बार फिर से पानी फिर गया है। चतरा और जामताड़ा जिला के बाद अभ्यर्थियों ने धनबाद जिला में भी पेपर लीक का आरोप लगाते हुए जम कर हंगामा किया। धनबाद में अभ्यर्थियों ने परीक्षा का बहिष्कार कर दिया है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि झारखंड के युवाओं की बदकिस्मती उनका साथ नहीं छोड़ रही है। जेपीएससी परीक्षा के पेपर लीक की बेहद दुर्भाग्यपूर्ण सूचना प्राप्त हुई है। मुख्यमंत्री से आग्रह है कि इस मामले की जांच करायें और दोषियों पर कार्रवाई करें।



## भाजपा ने जेपीएससी पेपर लीक मामले की सीबीआइ जांच कराने की मांग की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के प्रश्न पत्र लीक मामले में राज्य सरकार पर हमला बोला है। साथ ही इसकी सीबीआइ जांच की भी मांग की है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता विनय कुमार सिंह ने इस विषय को लेकर रविवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि जब से यह सरकार राज्य में बनी है, अच्छी खबर सुनने को कान तरस गये। हमेशा ऐसा कुछ सुनने को मिलता है जिससे राज्य का मान सम्मान कम होता आया है। अब जेपीएससी परीक्षा में पेपर लीक का मामला आया है। इसकी परीक्षाओं के दौरान प्रश्न पत्र परीक्षा केंद्र पर ही खोले जाते हैं पर अबकी ऐसा नहीं हुआ।

इससे साबित होता है कि पिछली परीक्षाओं की तरह इस बार की परीक्षा में भी बड़ा रैकेट शामिल है। सरकार में हिम्मत है तो इसकी सीबीआइ जांच कराये। विनय कुमार सिंह ने कहा कि जेपीएससी, जेएसएससी जैसी परीक्षाओं में राज्य सरकार के माध्यम से दलाल पैसे बना रहे हैं। विनोद सिंह जैसा एजेंट पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को पसंदीदा कैंडिडेट के लिए मैसेज करता है। यहां के खनिज संसाधनों की लूट के बाद अब युवाओं का भविष्य यह सरकार लूट रही। सरकार का काम गुड गवर्नेंस देना और विधि व्यवस्था बनाने की होती है जिसमें यह सरकार फेल है। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज और सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक भी मौजूद थे।

## पेपर लीक से शर्मसार हुआ झारखंड : डॉ लंबोदर महतो

**आजसू पार्टी के विधायक ने की मामले की सीबीआइ जांच की मांग**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने जेपीएससी द्वारा ली जा रही सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में प्रश्न पत्र का लीक होना झारखंड के लिए शर्मसार बताया है और इसकी सीबीआइ जांच कराने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि हाल ही में जेएसएससी की परीक्षा में भी प्रश्न पत्र लीक हो गया और इससे झारखंड की बदनामी हुई बावजूद इसके पुनः यह स्थिति जेपीएससी द्वारा ली जा रही परीक्षा के दौरान हो गयी। उन्होंने कहा कि जेपीएससी द्वारा ली जा रही परीक्षा के दौरान चतरा में तो परीक्षार्थियों ने यह कहकर हंगामा खड़ा कर दिया कि परीक्षा के पूर्व ही प्रश्न पत्र लीक कर दिया गया है। जबकि जामताड़ा जिले के परीक्षा केंद्र का जो दृश्य आया है वह यह स्पष्ट कर रहा है प्रश्न पत्र लीक हो गया। जामताड़ा के



मिहिजाम के एक परीक्षा केंद्र पर तो परीक्षार्थी खुलेआम उत्तर पुस्तिका भरते नजर आये हैं। यह झारखंड सरकार किस तरह से काम कर रही है, स्पष्ट कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह सरकार युवाओं व छात्रों के भविष्य के साथ तो खिलवाड़ कर ही रही है झारखंड की गरिमा को भी चोट पहुंचा रही है। जेपीएससी प्रश्न पत्र लीक हो जाना और परीक्षार्थियों द्वारा खुले आम उत्तर पुस्तिका को भरना भ्रष्टाचार व अराजकता को ही प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए सीबीआइ जांच की अनुशंसा करनी चाहिए।

## जेपीएससी पेपर लीक: दोषियों पर कार्रवाई करे राज्य सरकार: बाउरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि झारखंड के कई जिलों से जेपीएससी परीक्षा का पेपर लीक की सूचना लगातार सोशल मीडिया, मीडिया के माध्यम से मिल रही है और यह निश्चित हो गया है कि इस बार भी जेएसएससी पेपर लीक की तरह जेपीएससी का भी पेपर लीक हुआ है। यह काफी दुखद और शर्मनाक है। जेपीएससी के छात्रों के साथ राज्य सरकार ने एक बार फिर क्रूर मजाक किया है। कहा कि कई जिलों से जेपीएससी परीक्षा का पेपर लीक हुआ है। राज्य सरकार ने जहां एक तरफ कोयला, बालू, गिट्टी को बेच दिया, ठीक उसी तरह राज्य के युवाओं के भविष्य को भी इस सरकार ने बेचने का काम किया। श्री बाउरी ने राज्य सरकार से मांग की है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे।



## सीएम जेपीएससी प्रश्नपत्र लीक मामले की सीबीआइ जांच करायें: संजय सेठ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने कहा कि जेपीएससी का पर्चा लीक होना और उसके प्रश्नपत्र को लेकर जो वीडियो सामने आया है, वह झारखंड सरकार के लिए चुनौती है। झारखंड सरकार ने राज्य के युवाओं के साथ एक बार फिर से क्रूर मजाक किया है। उनके जीवन के साथ खिलवाड़ किया है। इसका जवाब इस राज्य के युवा ही नहीं, हर नागरिक समय आने पर देंगे।

सांसद ने कहा कि यह समझ में नहीं आ रहा है कि यह सरकार राज्य की जनता के साथ कैसा मजाक कर रही है। एक तरफ राहुल गांधी युवाओं को रोजगार देने की बात करते हैं। झामुमो का नेतृत्व झारखंडी हितों का दंभ भरता है। राजद के लोग इमानदारी की कसमें खाते नहीं थकते। इसके बावजूद भ्रष्टाचार का इससे उत्कृष्ट उदाहरण और कुछ नहीं हो सकता। श्री सेठ ने कहा कि यह तय है कि हेमंत सरकार को जिस गैंग के लोग चला रहे थे, उसी गैंग के लोग इस सरकार को भी चला रहे हैं। मतलब सिर्फ चेहरा बदला है, बाकी पूरी व्यवस्थाएं यथावत हैं।



www.epaper.azadsipahi.in

18 मार्च, 2024
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 148







## न्यूज रील्स

### दत्तात्रेय होसबोले फिर बने आरएसएस के सरकार्यवाह

मुंबई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने एक बार फिर सरकार्यवाह के पद के लिए दत्तात्रेय होसबोले को चुना है। वह साल 2024 से 2027 तक इस पद पर कार्यरत रहेंगे। बता दें कि होसबोले 2021 से सरकार्यवाह की जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं। नागपुर में चल रही प्रतिनिधि सभा में 17 मार्च को इसका ऐलान किया गया। बता दें कि रविवार को इस बैठक का आखिरी दिन था। संघ की प्रतिनिधि सभा ने सर्वसम्मति से यह चुनाव किया है। साल 2021 से पहले वह सह सरकार्यवाह का दायित्व संभाल रहे थे। इससे पहले भैयाजी जोशी सरकार्यवाह की जिम्मेदारी निभा रहे थे।

### अरुणाचल और सिक्किम में मतगणना 2 जून को

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने अरुणाचल और सिक्किम विधानसभा के लिए मतगणना की तारीख बदल कर दो जून कर दी है। आयोग ने इस संबंध में एक अधिसूचना भी जारी की है। इसमें बताया गया है कि दोनों राज्यों में विधानसभा की अवधि दो जून को ही समाप्त हो रही है। इस कारण यह कदम उठाया गया है। इससे पहले चुनाव आयोग ने 16 मार्च को लोकसभा चुनावों के साथ ही चार राज्यों में विधानसभा के चुनावों का ऐलान किया था।

### केजरीवाल को इडी के दो नये समन

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) से दो नये समन मिले हैं, जिनमें एक दिल्ली शराब नीति मामले में और दूसरा दिल्ली जल बोर्ड घूस केस से संबंधित है। केजरीवाल की कैबिनेट सहयोगी आतिशी ने कहा कि कोई नहीं जानता कि यह डीजेबी (दिल्ली जल बोर्ड) मामला किस बारे में है। यह किसी भी तरह केजरीवाल को गिरफ्तार करने और उन्हें लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करने से रोकने की एक बैकअप प्लान लगता है।

### भूपेश बघेल और 21 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रायपुर। महादेव एप मामले में रायपुर की आर्थिक अपराध शाखा ने छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल और अन्य के खिलाफ एफआइआर दर्ज की है। मामला आइपीसी की धारा 120बी, 34, 406, 420, 467, 468 और 471 के तहत दर्ज किया गया है। यह मामला चार मार्च को भूपेश बघेल और 21 अन्य के खिलाफ दर्ज किया गया था। एफआइआर में धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश, विश्वासघात और जालसाजी से संबंधित विभिन्न धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 और 11 के तहत आरोप लगाया गया है।

## जेपीएससी की परीक्षा में पेपर लीक के आरोप पर मचा बवंडर

# धनबाद, चतरा और जामताड़ा में अभ्यर्थियों ने काटा बवाल

- अधिकारियों ने पेपर लीक की खबरों को अफवाह करार दिया

**आजाद सिपाही टीम**

**रांची/धनबाद/चतरा/जामताड़ा।** झारखंड में एक बार फिर झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की परीक्षा में पेपर लीक होने का आरोप लगा है। पेपर लीक होने की सूचना के बाद धनबाद, चतरा और जामताड़ा में भारी हंगामा हुआ है। इसे लेकर झारखंड में राजनीतिक बवंडर मचा है। भाजपा पूरी तरह हमलावर है। हालांकि अधिकारियों ने पेपर लीक की सूचनाओं को अफवाह करार दिया है।

झारखंड लोकसेवा आयोग (जेपीएससी) ने रविवार को राज्य के विभिन्न जिला मुख्यालयों पर 11वीं संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा (प्रारंभिक) 2023 का आयोजन किया था। सुबह पहली पाली की परीक्षा शुरू होने से पहले अलग-अलग जिलों में अभ्यर्थी पेपर लीक का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। चतरा, जामताड़ा और धनबाद में पेपर लीक का कथित वीडियो भी वायरल हुआ। इसके बाद हंगामा बहुत बढ़ गया।

**अभ्यर्थियों का आरोप :** अभ्यर्थियों का कहना था कि पेपर के पैकेट की सील पहले से खुली हुई थी और कुछ प्रश्न पत्र पर सील ही नहीं थी। पेपर के पैकेट को परीक्षार्थियों के सामने खोले जाने की बजाय कार्यालय में ही खोल दिया गया था। उन्होंने कहा कि पेपर को नियम से नहीं खोला गया, जिसकी वजह से परीक्षार्थियों को दी जानेवाली प्रश्न पत्र बुकलेट और ओएमआर शीट का सीरियल नंबर मैच ही नहीं हुआ। अभ्यर्थियों ने पेपर शुरू होने से पहले जब सीरियल नंबर के मैच नहीं होने पर सवाल उठाया, तो उन्हें शांत करा दिया गया। कुछ अभ्यर्थियों का कहना था कि कहीं एक डेस्क पर एक अभ्यर्थी बैठा था, तो कहीं तीन अभ्यर्थी एक डेस्क पर बैठ कर परीक्षा दे रहे थे।





### चतरा में मौके पर पहुंची पुलिस

चतरा स्थित उपेंद्र नाथ वर्मा कॉलेज परीक्षा केंद्र पर पेपर लीक होने का अरोप लगा कर छात्रों ने हंगामा किया। सूचना के बाद सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुरेंद्र उरांव, डीएसपी मुख्यालय रोहित कुमार रजवार और एसडीपीओ संदीप सुमन मौके पर पहुंचे। उन्होंने हंगामा कर रहे अभ्यर्थियों को शांत कराने की कोशिश की। अधिकारियों ने मामले की जांच का आश्वासन देते हुए कहा कि अगर लापरवाही हुई होगी, तो निश्चित कार्रवाई की जायेगी। अभ्यर्थियों का आरोप था कि प्रश्न पत्र उनके बीच नहीं खोल गये।

### धनबाद में भी अभ्यर्थियों ने किया हंगामा

चतरा और जामताड़ा के अलावा धनबाद में भी पेपर लीक का आरोप लगा। धनबाद के राजकीयकृत उच्च विद्यायल पुटकी में 11वीं जेपीएससी का पेपर लीक होने का आरोप लगा कर अभ्यर्थियों ने जम कर हंगामा किया। हंगामे के बाद आला अधिकारी वहां पहुंचे और अभ्यर्थियों को शांत कराने की कोशिश की।

### जामताड़ा में सील खुले होने का आरोप

जामताड़ा स्थित जेजेएस कॉलेज मिहिजाम में परीक्षार्थियों ने जम कर हंगामा किया। उनका आरोप था कि पहले से ही प्रश्न पत्र खुला हुआ था, जिससे लीक होने की संभावना है। परीक्षार्थियों ने कहा कि सुरक्षा का कोई प्रबंध नहीं था, ना कोई अधिकारी था, जिसके कारण प्रश्न पत्र लीक होने की संभावना अधिक बनती है। परीक्षा शुरू होने के पहले ही लोग हंगामा करने लगे, जिसकी सूचना जिले के अधिकारियों को मिली, तो मौके पर जिले के उपायुक्त, उपविकास आयुक्त और अनुमंडल पदाधिकारी वहां पहुंचे और परीक्षार्थियों को समझा बुझा कर शांत कराया। जिले के उपायुक्त कुमुद सहाय ने बताया कि प्रश्न पत्र लीक की कोई संभावना नहीं है। बावजूद इसके हम लोग मामले को देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसकी जांच की जायेगी। उसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है। यहां की एक वीडियो भी वायरल की गयी। हालांकि वहां के उपायुक्त ने इस वीडियो को जामताड़ा का होने से इनकार किया है।

### बाबूलाल मरांडी हुए हमलावर



पेपर लीक प्रकरण पर भाजपा हमलावर हो गयी है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि पिछले दिनों जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षा आयोजित की गयी थी। उस समय पेपर लीक होने के कारण परीक्षा रद्द की गयी। रविवार को जेपीएससी द्वारा आयोजित परीक्षा के दौरान जिस प्रकार से पेपर लीक हुआ, उससे स्पष्ट है कि झारखंड सरकार ने जेएसएससी की तरह जेपीएससी को भी पैसा कमाने का जरिया बना दिया है। इसलिए झारखंड के नौजवानों से मेरी अपील है, अब इस सरकार को उखाड़ फेंकने में आप सबका साथ चाहिए। मैं विश्वास दिलाता हूं, भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही ऐसे भ्रष्ट लोगों को चुन-चुन कर जेल भेजेंगे और झारखंड के नौजवानों का हक, झारखंड के नौजवानों को दिला कर रहेंगे तथा कदाचार मुक्त परीक्षा सुनिश्चित करेंगे।

**जेपीएससी ने अफवाह करार दिया :** इस बीच झारखंड लोक सेवा आयोग ने पेपर लीक की आशंकाओं को निराधार बताते हुए इसे अफवाह करार दिया है। आयोग की अध्यक्ष नीलिमा केरकेट्टा के हवाले से सूत्रों ने कहा कि जामताड़ा के उपायुक्त ने वायरल वीडियो के जिले का होने से इनकार किया है। अन्य स्थानों से भी रिपोर्ट मंगायी गयी है और कहीं से भी पेपर लीक की सूचना नहीं है। परीक्षा में करीब साढ़े तीन लाख अभ्यर्थी शामिल हुए।

## 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' संपन्न

# मैं सिस्टम समझता हूं, इसलिए वे मुझसे डरते हैं : राहुल गांधी




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मुंबई।** कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' रविवार को मुंबई के शिवाजी पार्क में इंडी अलायंस की मेगा रैली के साथ संपन्न हो गयी। पार्टी सांसद राहुल गांधी द्वारा मणिपुर से 14 जनवरी को शुरू की गयी इस यात्रा ने 6600 किलोमीटर की दूरी तय की। इस दौरान यात्रा 15 राज्यों के 110 जिलों से होकर गुजरी। यात्रा के समापन पर आयोजित रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कि हम नरेंद्र मोदी से नहीं, बल्कि हम एक शक्ति से लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल हमने कन्याकुमारी से कश्मीर तक यात्रा की। वह यात्रा हमें क्यों करनी पड़ी, क्योंकि देश का कम्युनिकेशन सिस्टम, मीडिया या सोशल मीडिया देश के हाथ में नहीं है। जनता के मुद्दे, बेरोजगारी, हिंसा, नफरत, महंगाई, किसानों, अग्निवीर के मुद्दे आपको मीडिया में नहीं दिखेंगे। मैं इस सिस्टम को समझता हूं। इसलिए वे मुझसे डरते हैं। उन्हें किसी ने कहा कि राजा की आत्मा सीबीआइ, इडी, इनकम टैक्स में है। इसी राज्य के एक वरिष्ठ नेता कांग्रेस छोड़ते हैं और मेरी मां से रोकर कहते हैं कि मुझे शर्म आ रही है कि इस शक्ति से लड़ने की हिम्मत नहीं है, मैं जेल नहीं जाना चाहता। ऐसे हजारों लोग डराये गये हैं। उन्होंने कहा कि चीन में एक शेनझेन है। धारावी, शेनझेन का मुकाबला कर सकता है। बस उनके लिए बैंक के दरवाजे तो खोलिये। यहां 22 लोगों के पास उतना ही धन है, जितना हिंदुस्तान के 70 करोड़ लोगों के पास है। भारत में इंटरनेशनल एयरपोर्ट खुलवाने के लिए साल लग जाते हैं। यहां शादी के लिए 10 दिन में इंटरनेशनल एयरपोर्ट खुल जाता है। उन्होंने कहा कि मणिपुर में इसी शक्ति ने सिविल वार का माहौल बना रखा है। मैंने सोचा कि यात्रा वहीं से शुरू होगी और धारावी में खत्म होगी। मुंबई टैलेंट का केंद्र है। यही शक्ति एकसाथ लोगों को बर्बाद करने में लगी है। रैली में राहुल के अलावा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, राजद नेता तेजस्वी यादव, शिवसेना (उद्धव गुट) नेता उद्धव ठाकरे, एनसीपी (शरद गुट) के शरद पवार और सुप्रिया सुले, आम आदमी पार्टी और अन्य पार्टियों के नेता मौजूद थे। रैली में ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, सीताराम एचुरी और अरविंद केजरीवाल नहीं पहुंचे।

### चंपाई, आलमगीर, कल्पना और सुप्रियो भी शामिल हुए

रैली में शामिल होने के लिए झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भी मुंबई गये। उनके साथ ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन और झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य भी मुंबई गये। ये सभी नेता रैली के मुख्य मंच पर उपस्थित थे।

# हजारीबाग के छह एसपी बदल गये, पर नहीं बदला गोपनीय रीडर

- एक सिपाही के आगे नतमस्तक है पुलिस तंत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हजारीबाग के एसपी कार्यालय में रीडर का काम एक सिपाही कर रहा है। नाम है सुनील यादव। वह 2012 बैच का सिपाही है। सिपाही बनने के बाद से उसकी तैनाती किसी थाने में नहीं हुई है। वह रीडर के रूप में 12 साल से काम कर रहा है। विभाग में पकड़ इतनी कि छह एसपी बदल गये, लेकिन वह रीडर नहीं बदला। ऐसा नहीं है कि उसे बदलने के लिए अधिकारियों को कहा नहीं गया। लेकिन न जाने किस कारण से वह अब भी रीडर का ही काम कर रहा है। हजारीबाग में दो स्थायी रीडर अलग से तैनात हैं, लेकिन उन्हें गोपनीय रीडर बनने का सौभाग्य नहीं मिला। इस आरक्षी ने आइपीएस मनोज कौशिक, मयूर पटेल, अनूप बिरथरे, एस कार्तिक, मनोज रतन चौथे और अब अरविंद सिंह के एसपी बनने पर भी गोपनीय रीडर का काम कर रहा है।

**नहीं गया प्रशिक्षण में :** जमादार के पद पर प्रोन्नति के लिए सुनील यादव को प्रशिक्षण के लिए एमपीटीसी पदमा भेजा गया था। उसने वहां एक दिन भी प्रशिक्षण नहीं लिया, लेकिन उसकी हाजिरी बनती रही। वह गोपनीय रीडर का काम करता रहा। एमपीटीसी के एक हवलदार को जानकारी लगी, तो उसने रिपोर्ट कर दी। आरक्षी तो नहीं बदला, लेकिन हवलदार जरूर बदल गया। आरक्षी की शिकायत इधर पुलिस मुख्यालय में पहुंची, तो उस समय प्रशिक्षण की एडीजीपी प्रिया दुबे थीं। उन्होंने उसका प्रशिक्षण संस्थान पदमा से बदल कर नेतरहाट कर दिया। वह नेतरहाट भी नहीं गया। इस बीच प्रशिक्षण एडीजीपी सुमन गुप्ता बनायी गयीं। उनके योगदान के साथ ही प्रशिक्षण संस्थान एसपी ने आरक्षी सुनील यादव को निलंबित कर दिया और उसे पैतृक जिला हजारीबाग में वापस कर दिया। सुनील पहले से गोपनीय रीडर के रूप में काम कर रहा था। उसे कुछ ही दिन के अंदर निलंबन से मुक्त कर दिया गया। आज की तारीख में भी वह गोपनीय रीडर का काम कर रहा है।

### बना रहा है आलीशान बंगला

हजारीबाग केंद्रीय कारा के पीछे सुनील यादव का बड़ा मकान बन रहा है। सूत्र की मानें, तो नौकरी में आने के बाद उसने हजारीबाग में जमीन ली और अब उसी पर बड़ा घर बन रहा है। उसके कनेक्शन के तार पूरे जिले में फैले हुए हैं।

## चुनाव आयोग ने चुनावी बांड का ताजा डाटा वेबसाइट पर डाला

# 12 अप्रैल, 2019 से पहले के हैं नये आंकड़े

- सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर उठाया गया है कदम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने रविवार को चुनावी बांड पर ताजा डाटा सार्वजनिक किया, जिसे सीलबंद कवर में सुप्रीम कोर्ट में जमा किया गया था और बाद में इसे सार्वजनिक डोमेन में डालने के लिए कहा गया था। ये विवरण 12 अप्रैल, 2019 से पहले की अवधि से संबंधित हैं। इस तिथि के बाद के चुनावी बांड विवरण पिछले सप्ताह चुनाव आयोग द्वारा सार्वजनिक किये गये थे। चुनाव आयोग ने कहा कि राजनीतिक दलों से प्राप्त डाटा सीलबंद लिफाफे को खोले बिना सुप्रीम कोर्ट में जमा किया गया था। 15 मार्च, 2024 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री ने उसी के डिजिटल रिकॉर्ड के साथ भौतिक प्रतियां वापस कर दी हैं। भारत के चुनाव आयोग ने रविवार को चुनावी बांड पर सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री से डिजिटल रूप में प्राप्त डाटा को अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है।

**सुप्रीम कोर्ट ने दिये थे निर्देश :** दरअसल भारतीय स्टेट बैंक ने 2018 में योजना की शुरुआत के बाद से 30 किस्तों में 16 हजार 518 करोड़ रुपये के चुनावी बांड जारी किये हैं। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने स्टेट बैंक को 12 अप्रैल 2019 से खरीदे गये चुनावी बांड की जानकारी चुनाव आयोग को सौंपने का निर्देश दिया था। स्टेट बैंक चुनावी बांड जारी करने के लिए अधिकृत वित्तीय संस्थान है।

**स्टेट बैंक ने सौंपा था डाटा :** स्टेट बैंक ने मंगलवार शाम को उन संस्थाओं का विवरण चुनाव आयोग को सौंपा था, जिन्होंने चुनावी बांड खरीदे थे और राजनीतिक दलों ने उन्हें भुनाया था। शीर्ष अदालत के आदेश के मुताबिक चुनाव आयोग को 15 मार्च शाम पांच बजे तक बैंक द्वारा साझा की गयी जानकारी अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करनी थी।

### 1 मार्च, 2018 से 11 अप्रैल, 2019 के बीच का डाटा प्रकाशित करने की मांग

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गयी है, जिसमें एक मार्च, 2018 से 11 अप्रैल, 2019 तक बेचे गये चुनावी बांड के विवरण का खुलासा करने की मांग की गयी है। इसमें कहा गया है कि मतदाता योजना शुरू होने से पहले की अवधि के लिए सियासी दलों की फंडिंग के बारे में जानने के हकदार हैं। पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसले में केंद्र की चुनावी बांड योजना को रद्द कर दिया था। अदालत ने गुमनाम चुनावी चंदे को असंवैधानिक करार दिया। इसके साथ ही भारतीय स्टेट बैंक को इस योजना के तहत 12 अप्रैल, 2019 से 15 फरवरी, 2024 तक के चुनावी बांड का विवरण चुनाव आयोग को सौंपने का निर्देश दिया था।



आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 18 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in


## राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यकारिणी की बैठक, लोकसभा चुनाव पर मंथन




आजाद सिपाही संवाददाता

**झुमरीतिलैया।** राष्ट्रीय जनता दल, कोडरमा जिला कार्यकारिणी की बैठक झुमरीतिलैया में विशुनपुर रोड स्थित राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव आवास कार्यालय में हुई। अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने किया, जबकि संचालन घनश्याम तुरी ने किया। बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियों को लेकर चर्चा किया गया। साथ ही कोडरमा की राजनीतिक हालात पर विशेष चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि पिछले पांच सालों में भाजपा के पास उपलब्धि गिनाने के लिए कोई ठोस मुद्दा नही है। ढिबरा-पत्थर व्यवसाय बदहाल है। इस मुद्दे पर कोडरमा की आवाज कभी भी संसद में नही गूंजी। राज्य सरकार ने ढिबरा नीति लागू किया, लेकिन भाजपा के इशारे पर लिथियम के नाम पर ढिबरा पर ग्रहण लगा दिया गया। जिससे लाखो ढिबरा मजदूर बेरोजगार और बदहाल है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड बनने के बाद सबसे ज्यादा भाजपा सत्ता में रही, लेकिन कोडरमा में विकास कोसों दूर है। कोडरमा से केंद्र सरकार में मंत्री रहने के बाबजूद रोजगार बढ़ाने वाला, स्वास्थ्य-शिक्षा सेवा और केंद्रीय संस्थान का एक ईंट तक नही लगा और ना ही कोई संस्थान, उद्योग लग पाया। प्रदेश महासचिव जावेद अख्तर ने कहा कि कोडरमा में राजद हर बूथ पर भाजपा के अवसरवादी, ध्रुवीकरण और पूँजीवाद परस्त राजनीति को परास्त करेगी। उन्होंने कहा कि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में जनता बदलाव के पक्ष में गोलबंद हो रही है। राजद नेता अवधेश प्रसाद यादव ने कहा कि भाजपा की साजिश को जनता बखूबी समझ रही है। उन्होंने कहा कि कोडरमा में सुभाष प्रसाद यादव ने राजद की जमीन और जनाधार दोनों बढ़ा दी। लेकिन सुभाष प्रसाद यादव की बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा की नींद उड़ गई थी। कोडरमा में भाजपा की हार सुनिश्चित है। बैठक को युवा जिला अध्यक्ष मनोज रजक, राजकुमार यादव, सरफराज नवाज, दलित प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष संजय दास, रामबचन यादव, महेंद्र यादव, चरणजीत सिंह, विजय यादव, शंकर दयाल यादव, रघुनाथ दास, मो मुबारक समेत सभी प्रखंड अध्यक्ष और विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने संबोधित किया। मौके पर बिनोद साव, अमित कुमार, अनिल सिंह, बहादुर प्रसाद यादव, गीता देवी, शीला देवी, निरपत यादव, जागेश्वर दास, मो यूसुफ, लक्ष्मी देवी, गुंजा देवी, डिम्पी देवी, बबिता देवी, मो शहाब खान, इमरान खान, जमील मियां, गोविंद यादव, कुलदीप यादव, पूजा कुमारी, अन्नपूर्णा देवी, रेखा देवी, गोपाल पासवान, महेश दास, डीके मेहता आदि मौजूद थे।

## सिलाई-कढ़ाई का दस दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक सशक्तीकरण परियोजना के तहत संस्था समर्पण एवं आरएमआई के तत्वावधान से जिले के सुदूरवर्ती पंचायत बेंदी के ग्राम बोंगादाग, वीरागढ़ा एवं छतारा के योग्य युवतियों को सिलाई का प्रशिक्षण देने का कार्य किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वार्ड सदस्य दामोदर सिंह के द्वारा किया गया। संस्था सचिव इंद्रमणि साहू ने बताया कि कुछ दिन पूर्व संस्था द्वारा इस क्षेत्र की आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की गयी थी, तथ्य के आधार पर संस्था द्वारा प्रशिक्षण दिया जाना अनिवार्य समझा गया। इसी आधार पर फि लहाल तीन गांव में चिह्नित प्रतिभागियों को 10 दिवसीय प्रशिक्षण देने का कार्य किया गया। प्रशिक्षक के रूप में मीना देवी के द्वारा प्रतिभागियों को पेटिकोट, सिंपल ब्लॉज, टुककी वाला ब्लॉज, स्कर्ट, मिनी स्कर्ट, सलवार समीज, टेप, पटियाला शूट, नाइटी, बेबी फ्रॉक आदि बनाना सिखाया गया। इस प्रशिक्षण को सफल बनाने में परियोजनो का अहम भूमिका रही।

## कंटीले तार में फंसे दो भालू, वन विभाग के कर्मियों ने कराया मुक्त



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत लोकाई जंगल में दो भालू कटीले तार (घोरना) में फसे गए जिसके बाद इसकी सूचना वन विभाग को मिलने के बाद वन विभाग का टीम पहुंचकर कटीले तार (घोरना) से बाहर निकाला गया तथा जंगल में छोड़ दिया गया। प्रभारी वनपाल उस्मान अंसारी ने बताया कि रात में कुछ खाने के लिए भालू निकले होंगे तभी लोकाई जंगल के समीप तार के घोरान दिया हुआ था उसमें दो भालू आकर फस गए। इसके बाद इसकी सूचना वन विभाग को मिलने के बाद दलबल के साथ पहुंचकर दोनों भालू को मुक्त कराया गया ओर दोनों भालू जंगल वापस चले गए। मौके पर छत्रपति शिवाजी, गोपाल यादव, दुर्गा महतो आदि मौजूद थे।

## श्री काली महिला मंडल का होली उत्सव सह भजनों का कार्यक्रम



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** नगर के धार्मिक संगठन श्री काली महिला मंडल ने सामांतो काली मंदिर में होली उत्सव मनाया। इस दौरान महिलाएं पीली साड़ियों में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचीं। कार्यक्रम के दौरान कृष्णा राधा की झांकी आकर्षण का केंद्र बिदु रही। इसमें कृष्णा की भूमिका में पुनम बर्णवाल तथा राधा की भूमिका में मीना पांडेय शामिल हुईं। कार्यक्रम में श्रद्धालु भक्तों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। काली महिला मंडल की सरोजनी देवी ने कहा कि होली उमंग और प्रेम का पर्व है। समिति द्वारा प्रतिवर्ष होली उत्सव मनाया जाता है। इस अवसर पर पुनम सेठ, सरोजनी देवी, सुनीता लाल, मीना पांडेय, डॉ बी रानी, वीणा सिंह ने भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में गोता लगाने का मौका दिया। मौके पर जसवीर कालरा, प्रतिमा सिंह, मुन्नी वर्णवाल, पुष्पा सिंह, पुनम वर्णवाल, फुलकुमारी भारती, आशा मोदी, किरण देवी, मंजु देवी, ज्योति जायसवाल, इंन्दु यादव, सोनी जायसवाल, मालती देवी, रेखा यादव, अनिता वर्णवाल, रेखा देवी, सीमा मोदी, प्रमिला बर्णवाल, नीलम मिश्रा, पंडित अरिंदम बनर्जी, केदार पांडेय के साथ कई बच्चे और युवतियां शामिल थे।

## कपका निवासी प्रवासी मजदूर संतोष रविदास का गुजरात में हुआ निधन



**बरकट्ठा(आजाद सिपाही)।** प्रवासी मजदूरों का इन दिनों मौत का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है । प्रखंड क्षेत्र के कपका निवासी संतोष रविदास उम्र 35 वर्ष पिता स्वर्गीय नन्हकू रविदास की गुजरात में आकस्मिक निधन हो जाने की सूचना मिली है। परिजनों के मुताबिक मृतक 15 दिन पूर्व ही अपने घर से रोजी-रोटी की तलाश में गुजरात गए ही थे, जहां अहमदाबाद के आनंद टाउन स्थित एक कॉलेज कैंटीन में काम कर परिवार का भरन पोषण करता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक 14 मार्च की रात्रि में भोजन करके ठीक ठाक सोया था जिसके पश्चात रात्रि में ही उनका आकस्मिक निधन हो गई । जिसकी मौत की सूचना परिजनों को 15 मार्च की सुबह में मिली। जिसके बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है, बताया जाता है कि मृतक अपने घर का इकलौता कमाऊ व्यक्ति था जो अपने पीछे दो पुत्र एक पुत्री पत्नी और मां को छोड़कर चल बसा। रविवार को मृतक की पार्थिव शरीर कपका गांव पहुंचते ही पूरा क्षेत्र में मातम पसर गया। वहीं घटना की सूचना पाकर बगोदर विधायक विनोद सिंह बरकट्ठा पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने परिजनों से मिलकर परिजनों का ढांढस बंधाया और सांत्वना देते हुए सरकार से अविलंब 10 दिनों के अंदर पचास हजार रुपए की सरकारी मदद व उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दी। मौके पर जिप सदस्य कुमकुम देवी मुखिया कमलेश कुमार समेत सभी लोगों ने शौक संवेदना प्रकट किया।

## पाचू महतो सेवा संघ की प्रतिभा खोज प्रतियोगिता



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकट्ठा।** पाचु महतो सेवा संघ एवं पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज कपका के द्वारा प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी, झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन के अध्यक्ष विनोद भगत, संरक्षक सांसद प्रतिनिधि रघुवीर प्रसाद, पीसी डिफेंस अकादमी के निदेशक फूलचंद सक्सेस पॉइंट के निदेशक इंद्रदेव प्रसाद, गुरुकुल कोचिंग सेंटर गयपहाड़ी के निदेशक संजय प्रसाद, एनसीआरटी ट्यूटोरियल के निदेशक अजय पंडित, डीएस राज स्टडी पॉइंट के निदेशक दुलारचंद साव, एमजी क्लासेस के निर्देशक महेश कुमार गुप्ता, जन-जन कंप्यूटर साक्षरता मिशन के निदेशक दिलीप कुमार नायक, डॉक्टर बी आर अंबेडकर कोचिंग सेंटर के निदेशक मोहम्मद अमीन राजा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में कृष्ण कुमार पिता बलदेव साव बरकट्ठा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसे कंप्यूटर देकर सम्मानित किया गया। द्वितीय स्थान पर आर्यन कुमार राज पिता लिलधारी प्रसाद गयपहाड़ी रहे जिसे साइकिल देकर सम्मानित किया गया। तृतीय स्थानप्रिंस कुमार पिता कामेश्वर पंडित बरकट्ठा ने प्राप्त किया जिसे कलाई घड़ी देकर सम्मानित किया गया। टॉप 20 में स्थान बनाए विद्यार्थियों को स्कूल बैग, टॉप 100 विद्यार्थियों को पुस्तक एवं प्रतियोगिता में शामिल 1031 बच्चों को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में छिपी प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रतिभा को सामने लाना था। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बरकट्ठा प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालय, निजी विद्यालय एवं कोचिंग संचालकों का योगदान काफी सहयोगनात्मक रहा।

## मोदी वर्णवाल समाज का होली मिलन समारोह



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** रजगढ़िया रोड स्थित मोदी सेवा सदन में मोदी वर्णवाल समाज झुमरीतिलैया ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अहिवरण वंशज अध्यक्ष सूर्यदेव मोदी ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत जिला अध्यक्ष रामेश्वर मोदी, वंशज अध्यक्ष सूर्यदेव मोदी, सांसद प्रतिनिधि ईश्वरदेव वर्णवाल, डॉ प्रमोद वर्णवाल, प्रकाश मोदी, युवा अध्यक्ष अजय वर्णवाल, परियोजना निदेशक पीयूष पारस, सचिव पंकज वर्णवाल, डॉ बीएनपी वर्णवाल ने महाराजा अहिवरण के चित्र पर पुष्पांजलि कर किया। कार्यक्रम का संचालन अनूप वर्णवाल ने किया। तत्पश्चात सबों ने एक-दूसरे को गुलाल लगा कर होली की बधाई दी और लजीज व्यंजनों के साथ-साथ संगीत का लुत्फ उठाया। अहिवरण वंशज अध्यक्ष सूर्यदेव मोदी ने कहा कि होली त्योहार से बुराई को त्यागकर अच्छाई को अपनाने की सीख लेनी चाहिए। सचिव पंकज बरनवाल ने कहा कि होली भाईचारे व एकता का प्रतीक है। यह हमलोगों को एकता का पाठ पढ़ाता है, इसलिए एक साथ मिलकर प्रेम की सतरंगी रंगो का त्योहार को मनाना चाहिए। कार्यक्रम में रोहित कुमार, प्रवीण वर्णवाल, अजय वर्णवाल, मुरली मोदी, सकलदेव कुमार, नीरज कुमार, दीप प्रकाश, विकास कुमार, वरुण मोदी, विशाल मोदी, सुशांत रंजन, रंजीत वर्णवाल, अमर कुमार, विनोद मोदी, पवन कुमार, शंभू वर्णवाल, प्रहलाद मोदी, बीरेन्द्र मोदी, मोनू मोदी, राजन वर्णवाल, चंदन वर्णवाल, विक्रम कुमार, पंकज वर्णवाल सहित सकड़ो लोग उपस्थित थे ।

## बोकारो ने लातेहार को हरा कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में खेले जा रहे हैं इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 14 क्रिकेट टूनार्मेंट में चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में रविवार को बोकारो और लातेहार के बीच क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लातेहार ने 37.4 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर 107 रन बनाए। जिसमें प्रवीण ने 21 रन सोनू ने 18 और आर्यन ने 18 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए बोकारो की ओर से कुमार शुभ ने 5 विकेट और अविनाश ने तीन विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी बोकारो की टीम 25.02 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर जीत दर्ज की। बोकारो की ओर से जैद अली ने तीस रन और अविनाश ने 25 रन बनाए। गेंदबाजी करते हुए लातेहार की ओर से अमित मुंडा ने पांच विकेट और प्रियांशु ने एक विकेट लिए। बेहतर खेल के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बोकारो के कुमार शुभ को जेएससीए के संयुक्त सचिव पीएन सिंह ने दिया। मौके पर मैच ऑब्जर्वर राजेश कुमार झा, अंपायर स्वामित्त पटनायक, नीरज कुमार पाठक और स्कोरर जुलकर नैन सहित केडीसीए के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, सचिव दिनेश सिंह, विवेकानंद चौधरी, कोषाध्यक्ष मनोज सहाय पिंकू, आजीवन सदस्य सुनील जैन, पंकज यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## ध्वजाधारी आश्रम परिसर में ब्राह्मण महासंघ की हुई बैठक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला के ध्वजाधारी धाम आश्रम परिसर में अंतराष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ की आवश्यक बैठक प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से कोडरमा जिला स्तरीय कमेटी का विस्तार किया गया। साथ ही महासंघ की मजबूती और उससे जुड़े लोगों का कैसे विकास हो सके। प्रखंड स्तर पर कमिटी का विस्तार करने सहित कई तमाम मुद्दों पर विस्तृत रूप से चर्चा किया गया। वहीं कोडरमा कमिटी विस्तार में जिला अध्यक्ष महेंद्र पाण्डेय, महासचिव दिगम्बर पाण्डेय, जिला संरक्षक वीरेंद्र पाण्डेय, उपाध्यक्ष शंकर दयाल पाण्डेय, सचिव पप्पू पाण्डेय, संगठन सचिव दीपक पाण्डेय, विधि प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अधिवक्ता अनिल गुरु, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोज कुमार पाण्डेय को बनाया गया। मौके पर मुख्य रूप से दीपक पाण्डेय, शंकर दयाल पाण्डेय, दिगम्बर पाण्डेय, कृष्ण देव पाण्डेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, घर जल कर हुआ खाक

पंसस युसुफ अंसारी ने पीड़ित के घर पहुंच कर हरसंभव मदद करने का दिया भरोसा और किया आर्थिक सहयोग



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के केन्दुआ वन गांव में आग लग जाने से दो घर जलकर राख हो गया। घटना शनिवार शाम 7 बजे ग्राम केन्दुआ वन निवासी देवीलाल सिंह एवं छोटेलाल सिंह दोनों पिता रामधारी सिंह के मकान में बिजली शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने पर ग्रामीणों ने काफी प्रयास कर आग पर काबू नहीं पा सके। घर में रखे खानें का समान, कपड़ा सभी जल कर राख हो गया। दोनों भाई अत्यंत ही गरीब हैं। घटना की सूचना मिलने पर पंचायत समिति सदस्य सह स्वास्थ्य मंत्री बरकट्ठा युसूफ अंसारी पीड़ित के घर पहुंचे। मौके पर युसूफ अंसारी ने अंचलाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी से अबुआ आवास एवं सरकारी लाभ देने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि यह अत्यंत ही गरीब परिवार है इसके पास अब सर छुपाने का घर नहीं बचा। उन्होंने इस गरीब परिवार की आर्थिक सहायता दी। आगे और सहायता करने की बात कही। मौके पर समाजसेवी मुमताज अंसारी, नकुल ठाकुर, इस्माइल मियां, मुंशी मियां, वीरेंद्र शर्मा समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## रेडक्रॉस सोसाइटी और रक्तवीर सेवा के 25 लोगों ने किया रक्तदान



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** रेड क्रॉस सोसाइटी, रक्तवीर सेवा संघ एवं वर्णवाल नवयुवक संघ के तत्वावधान में बरनवाल सेवा सदन में रविवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि रेडक्रॉस सोसाइटी के डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन अजीत वर्णवाल, अरुण ओझा, सतीश कुमार दीपू , संजय सेठ, दिनेश कुशवाहा, शंभू वर्णवाल, राजकुमार मेहता, रक्तवीर सेवा संघ के संस्थापक राम वर्णवाल ने संयुक्त रूप से किया। अजीत वर्णवाल ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा बरनवाल सेवा सदन में यह पहला शिविर है। अब ऐसे शिविर हर साल आयोजित किया जाएगा। अजीत वर्णवाल ने कहा कि रक्तवीर सेवा संघ सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़ कर भूमिका निभाता रहा है। अजीत वर्णवाल ने बताया कि इस शिविर मे एक ही परिवार के मां बेटा और पति ने एक साथ रक्त दान किया। यह समाज के लिए एक संदेश के बराबर है कि रक्तदान करने से कोई दिक्कत नहीं होती है। रक्तदान करने वालों में आदर्श वर्णवाल, शंभू कुमार वर्णवाल, राजकुमार मेहता, रोशन कुमार और आदित्य कुमार शामिल थे। शिविर को सफल बनाने में रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष अजीत वर्णवाल, अमन वर्णवाल, रक्तवीर सेवा संघ के संस्थापक राम वर्णवाल, सदर हॉस्पिटल के कर्मी अमित कुमार और सूरज कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## विष्णुगढ़ के चार परीक्षा केंद्रों में जेपीएससी की परीक्षा संपन्न

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता (जेपीएससी)परीक्षा 2023 विष्णुगढ़ के चार परीक्षा केंद्रों में भारी सुरक्षा व्यवस्था के साथ सम्पन्न हुई।इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार विष्णुगढ़ में चार परीक्षा केंद्र बनाये गए थे। जिसमे विष्णुगढ़ इंटर कॉलेज ,प्लस 2 उच्च विद्यालय विष्णुगढ़, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय विष्णुगढ एवं मध्य विद्यालय विष्णुगढ़ शामिल है। उपरोक्त परीक्षा केंद्रों में कुल 1632 परीक्षार्थियों को शामिल होना था,परन्तु परीक्षा के दौरान 1276 परीक्षार्थी अनुपस्थित हुए।बताते है,कि इंटर कॉलेज विष्णुगढ़ में 624 में 469 अनुपस्थित,+ 2 उच्च विद्यालय विष्णुगढ़ में 576 में 472 अनुपस्थित,परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में 240 में 188 अनुपस्थित तथा मध्य विद्यालय विष्णुगढ़ में 192 में 147 अनुपस्थित रहे। इस तरह कुल 356 परीक्षार्थियों ने प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा को लेकर विधि- व्यवस्था बनाये रखने हेतु परीक्षा केंद्रों पर पुलिस प्रशासन मौजूद रहे।

## बीस सूत्री बैठक में गठबंधन के प्रत्याशी को विजयी बनाने का लिया गया संकल्प



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** बीस व पंद्रह सुत्री के सयुंक्त तत्वावधान में परिसदन भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता दारू प्रखंड बीस सुत्री के अध्यक्ष सह संघ के संयोजक शशि मोहन सिंह ने कीया। इस बैठक में हजारीबाग लोकसभा गठबंधन के तहत कांग्रेस का जो भी प्रत्याशी दी जाएगी उसे भारी बहुमत से विजय बनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए जिला कांग्रेस के पदाधिकारी युद्ध स्तर पर तैयार रहें। विशिष्ट अतिथि बरही विधायक उमाशंकर शंकर अकेला ने कहा कि महागठबंन के सभी नेता व कार्यकताओं को आपस में समन्वय बनाकर आगामी लोकसभा के चुनाव में उतरना होगा। झामुमो के केन्द्रीय सचिव सह जिला के संयोजक संजीव बेदीया ने कहा कि इस बार हजारीबाग लोकसभा में झामुमो पुरा दम-खम के साथ कांग्रेस के प्रत्याशी को भारी बहुमत से विजय बनाने में कोई कसर नही छोड़ेगी।दारू प्रखंड बीस सुत्री के अध्यक्ष शशि मोहन सिंह ने कहा कि भाजपा की सरकार देश की संविधान के साथ छेड़-छाड़ कर लोकतंत्र को खतरे में ले आई है उसे बचाना हम इण्डिया गठबंधन के लोगों का कर्तव्य बनता है। बैठक में जिला बीस सुत्री के सदस्य अजय गुप्ता, साजिद हुसैन, पंद्रह सुत्री के सदस्य निसार खान, प्रखंड बीस सुत्री के अध्यक्ष संजय कुमार यादव, राजीव कुमार मेहता, मनोहर राम, अर्जुन राम, प्रदीप मंडल, मो तब्बसुम, प्रखंड बीस सुत्री के उपाध्यक्ष कैलाश पति देव, अजित कुमार सिंह, मो मोइनुद्दीन, छोटे लाल बेसरा, विकास यादव, गौतम मेहता, नरसिंह प्रजापति, लाल मोहन रविदास प्रखंड सुत्री के सदस्य बाबर अंसारी, विशेश्वर स्वर्णकार, जयप्रकाश यादव, अब्दुल मन्नान वारसी, दीपक गुप्ता, संजय यादव के अलावा कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## मोटरसाइकिल की चोरी

**मरकच्चो(आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पंचायत मुर्कमनाय निवासी लक्ष्मण ठाकुर ने अपनी मोटर साईकिल की चोरी हो जाने को लेकर मरकच्चो थाना में आवेदन देकर खोजबीन करने की मांग की है। आवेदन में कहा है कि 16 मार्च को अपनी मोटर साइकिल जे एच 11जी 8543 से सुबह 8 बजे बरियारडीह मरकच्चो मुख्य स्थित मकतब विद्यालय मुर्कमनाय के समीप गाड़ी खड़ा कर बगल में कोचिंग सेंटर में दशम वर्ग का क्लास ले रहा था। जब क्लास लेकर निकला तो देखा मेरी गाड़ी वहां खड़ी नही है। इसके बाद आसपास काफी खोजबीन किया परंतु कही पता नहीं चला।

# कोयला लदे 6 हाइवा जब्त



कोयले की वैधता की जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

कुजू रेलवे साइडिंग से स्थानीय प्लांट में जा रहा था हाइवा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ पुलिस ने कोयला लदा 6 हाईवा को पकड़ा है। पकड़े गये हाईवा को रामगढ़ थाना परिषर में रखा गया। जिसके बाद पुलिस ने हाईवा में लदे कोयले की वैधता की जांच पड़ताल में जुट गयी है। इसके लिए पुलिस ने खनन विभाग को पत्र लिखकर कोयला की वैधता से अवगत कराने का आग्रह किया है। फिलहाल पुलिस अन्य बिंदुओं पर भी जांच पड़ताल कर रही है। कुजू रेलवे साइडिंग से स्थानीय प्लांट में जा रहा था हाईवा जानकारी के अनुसार रविवार को रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू को गुप्त सूचना मिली कि कुजू रेलवे साइडिंग से अवैध तरीके से कोयला लेकर छः हाईवा संख्या जेएच 24एल 2412, जेएच 24जे 2280, जेएच 24जे 6029, जेएच 24एच 2112, जेएच01डीपी 6866, जेएच 02एयू 4910 रामगढ़ की ओर जा रही है। सूचना पर श्री साहू ने सभी हाईवा को रांची रोड के निकट पकड़ लिया। जिसके बाद सभी हाईवा को रामगढ़ थाना परिषर ले आया। साथ ही जांच की प्रक्रिया में जुट गये। इस संबंध में रामगढ़ पुलिस ने कोयला अवैध है या वैध की जांच पड़ताल करने के लिए खनन विभाग को पत्र प्रेषित किया है। समाचार लिखे जाने तक खनन विभाग से कोई जबाव नहीं आया था।

**कुजू रेलवे साइडिंग से बेरोकटोक होता है अवैध कारोबार :** इधर बताया जाता है कि कुजू रेलवे साइडिंग से कोयले का अवैध कारोबार कोई नया नहीं है। साइडिंग से अवैध कारोबार दिनरात चलता है। जिसे देखने वाला कोई नहीं है। बताया जाता है कि कोयला तस्कर सबकुछ सेट कर ही कारोबार करता है। हालांकि पकड़े गये हाईवा वैध है अवैध उसकी जांच जारी है। लेकिन जानकार लोगों ने बताया कि सेटिंग इतना तगड़ा है कि सभी गाड़ियां छूट जायेगी। क्योंकि रुपया, पैरवी का खेल शुरू हो गया है। अब देखना यह दिलचस्प होगा कि जांच के नाम पर जब्त वाहनों को कितने घंटों तक रोका जाता है।

## मां की डांट के बाद युवती ने दामोदर पुल से लगायी छलांग, मौत



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। शहर के थाना चौक स्थित दामोदर पुल से रविवार को एक युवती ने छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती के छलांग लगाते ही लोग नदी की ओर दौड़ पड़े। स्थानीय लोगों की मदद से उसे गंभीर अवस्था में सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दी। घटना की सूचना पाकर रामगढ़ थाना के सब इंस्पेक्टर आशुतोष सिंह और मंजेश सिंह घटनास्थल पहुंचकर मामले की जानकारी लोगों से ली।मृतिका की पहचान जिले के वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के सोनडीहा निवासी 18 वर्षीय रुक्मणी कुमारी पिता लालधारी तुरी के रूप में कई गई। बताया जाता है कि रुक्मणी की मां ने किसी बात को लेकर उसे डांट फटकार लगाई थी, जिसे वह सहन नहीं कर पायी और रामगढ़ दामोदर पुल जाकर छलांग लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली। इधर, पुलिस मामले की छानबीन में जुड़ गयी है। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव दे दी गयी है।

## राष्ट्रीय सेवा मंच ने गरीबों के बीच भोजन वितरित किया





भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय सेवा मंच समाजसेवी संस्था द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बचने आये गरीब-जरूरतमंद महिला-पुरूष व बच्चों को भोजन कराया गया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह दर्जनों गरीब-जरूरतमंदों के बीच पुरी-सब्जी का वितरण करते हुए कहा की गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। सबों के सहयोग से पिछले आठ वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, सुकरा करमाली, लालू उरांव, उदयभान दुबे, लखन राम आदि का विशेष योगदान रहा।

## नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत नव साक्षरों की ली गयी परीक्षा



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय ओपन विद्यालय द्वारा रविवार को नव साक्षरों का पतरातू प्रखंड के 123 परीक्षा केंद्रो में परीक्षा संचालित किया गया। जिसमें 3000 से ज्यादा नव साक्षरों ने भाग लिया। पतरातू प्रखंड के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रभाकर कुमार, बीपीओ इरफान कुरैशी एवं रामेश्वर गोप के देख रेख में संचालित परीक्षा में 15 आयु वर्ग से ऊपर के उम्र वाले महिला-पुरुषों उत्साह के साथ हिस्सा लिया। मौके पर नव साक्षरो ने कहा कि हमभी पढ़-लिखकर अपने बहुत सारे निर्णय को लेने और समझने में सक्षम होना चाहते हैं। शिक्षा सबके लिए जरूरी है। परीक्षा के सफल संचालन में साक्षरता के स्वयंसेवक, सीआरपी, बीआरपी और विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक आदि का विशेष योगदान रहा।

## टंडवा के तीन केंद्रों में जेपीएससी परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

टंडवा (आजाद सिपाही)। झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित 11वीं प्रतियोगिता परीक्षा टंडवा के तीन केन्द्रों में शांतिपूर्वक संपन्न हुयी। आयोग द्वारा 948 अभ्यर्थियों के लिए टंडवा के डीएवी स्कूल, प्लस टू उवि तथा मिश्रौल हाइस्कूल में केंद्र बनाये गये। जिसमे कुल 284 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जिसके सफल आयोजन के लिए अधिकारियों की बतौर दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किये गये। अधिकारिक सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार टंडवा डीएवी स्कूल मे दो सौ सोलह में एक सौ अड़तालिस उपस्थित हुए। शेष 68 अनुपस्थित रहे। वहीं प्लस टू उच्च विद्यालय टंडवा मे 564 अभ्यर्थियो के विरुद्ध 403 उपस्थित हुये। इस केन्द्र में 161 अनुपस्थित रहे। वहीं मिश्रौल हाई स्कूल केंद्र में 168 अभ्यर्थियों के विरुद्ध 113 उपस्थित हुये, जबकि 55 अनुपस्थित रहे। परीक्षा कि कदाचार मुक्त आयोजन की ले बतौर दंडाधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल उरांव, कौशल किशोर, प्रिंस बक्शी, बीके पाडेय, नीरज कुमार आदि उपस्थित थे।

## चतरा संसदीय क्षेत्र से केएन त्रिपाठी को कांग्रेस प्रत्याशी बनाने की मांग

हंटरगंज/ चतरा। प्रखंड के बिना बैंकट हॉल में रविवार को कांग्रेस कार्यकताओं की एक बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष साकेत बिहारी सिंह तथा संचालन प्रमोद त्रिवेदी के द्वारा किया गया ।बैठक में कांग्रेस पार्टी के मजबूती को लेकर कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। बुथ स्तर पर ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने की बात कही गयी। कार्यकर्ताओं के द्वारा चतरा संसदीय क्षेत्र से केएन त्रिपाठी को कांग्रेस प्रत्याशी की मांग की गयी। इस दौरान बताया गया कि केएन त्रिपाठी लगभग दो सालों से चतरा संसदीय क्षेत्र का भ्रमण किया जा रहा है। और लोगों से मुलाकात करने का काम कर रहे हैं। इस क्षेत्र की समस्या से भी अवगत हैं। इन्हें टिकट मिलता है तो कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित होगी। वहीं गठबंधन के सभी लोगों से सहयोग करने की मांग किया है। बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमल कुमार केसरी, प्रमोद त्रिवेदी, मनोज सिंह, उप प्रमुख राहुल गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, विकास सिंह के अलावा कई कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## बुद्धिजीवी मंच की बैठक में शिक्षा -स्वास्थ्य पर जोर



बरकाकाना (आजाद सिपाही)। सामाजिक संस्था बुद्धिजीवी मंच की निर्धारित बैठक रामगढ़ पतरातु मुख्य मार्ग सीआईसी बस्ती बरकाकाना के मुंडा ढाबा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष सह स्टेशन प्रबंधक प्रदीप करमाली एवम संचालन मंच के सचिव डॉ शाहनवाज ने किया।बैठक में सर्वप्रथम पिछले दस माह में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई।बैठक के दौरान सदस्यता अभियान चलाने सहित शिक्षा व आउटडोर खेलकूद के लिए जागरूकता अभियान जारी रखने का निर्णय लिया गया साथ ही आगामी कार्यकारिणी की बैठक में नई कार्य योजना को गति प्रदान करने की सहमति बनी।आगामी एक मई को बुद्धिजीवी मंच की पहली वर्षगांठ पर आम सभा आयोजित किया जायेगा। बैठक में मुख्य संयोजक पंचदेव करमाली,कार्यकारी अध्यक्ष उमेश महतो, कोषाध्यक्ष मो सलीम, उपकोषाध्यक्ष देवकी बेदिया, प्रवक्ता सुशील कुमार, उपाध्यक्ष सोनी महतो, सेवानिवृत शिक्षक प्रदीप चक्रवर्ती, फरीदा खातून, घनश्याम प्रसाद, सह सचिव मदन दांगी, संगठन सचिव दिनेश करमाली,राजू रविदास, अभिषेक पाठक, रामा ठाकुर, भगवान सिंह, श्याम लाल करमाली, विनेश दांगी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# समाज को एकजुट करने का बेहतर प्रयास : संजयलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** शहर के दुसाध मुहल्ला स्थित पासवान धर्मशाला में रविवार को पासवान समाज के तत्वाधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता लखेन्द्र पासवान व संचालन उत्तम पासवान ने किया। जबकि, समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड आवास बोर्ड के चेयरमैन संजय लाल पासवान उपस्थित हुए। समारोह का शुभारंभ अतिथियों ने सर्वप्रथम पासवान समाज के पुरोहित चौहरमल बाबा के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया। मौके पर मुख्य अतिथि संजय लाल पासवान ने कहा की पासवान समाज का एक अलग इतिहास इस संसार में रहा है। हजारों साल पहले जब राजा और महाराजाओं का दौर रहता था तब पासवान उन राजा ओर महाराजाओं की सेना में रहा करते थे और जब दुश्मनों से युद्ध का होता था तो सबसे पहले पासवान समाज के सेना ही लड़ाई में आगे रहते थे। आज हमारे समाज के बच्चे पढ़ाई लिखाई में बेहतर करते हैं और अच्छे-अच्छे पदों पर चुनकर आ रहे हैं। समाज की बेटियां भी एक से एक इतिहास लिख रही है यह अपने आप में पासवान समाज के लिए बहुत गर्व की बात है। कुछ दिन पहले गुमला की रहने वाली परी पासवान ने मिस इंडिया का पुरस्कार भी जीता है जो यह एक मिसाल है। उन्होंने पासवान समाज को एकजुट रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख रुप से सरजू पासवान, सत्येंद्र पासवान, अशोक पासवान, राजेंद्र पासवान, लखेन्द्रर पासवान, केवल पासवान, ठाकुर पासवान, भगवान दास, बिहारी, रामदास, लखेन्द्र, अजय, पप्पू, उत्तम, केवल, राजू, संतोष, राजू, मनोज, भोला, कौशल, राजन पासवान, सकाल आदि उपस्थित थे।

# युवाओं का भविष्य छल रही सरकार : नीरज मंडल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** आजसू पार्टी रामगढ़ कैंट नगर सचिव नीरज मंडल ने रविवार को एक एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की झारखंड के छात्र, छात्राओं के भविष्य के साथ खेल रही है राज्य सरकार। कहा कि झारखंड झुकेगा नहीं के बड़े-बड़े पोस्टरों के पीछे छुप कर यह सरकार झारखंड के भविष्य का सौदा कर रही है। जेएसएससी सीजीएल के बाद अब 11वीं जेपीएससी पेपर लीक होने की खबर राज्य के विभिन्न जिलों से सामने आ रही है। दो महीने के अंदर दो परीक्षाओं का पेपर लीक होने का विश्व रिकॉर्ड राज्य सरकार के नाम। राज्य सरकार ने अपने कार्यकाल में भ्रष्टाचार को इतना बढ़ावा दिया है कि भ्रष्टाचार के इस जिन्न को काबू करना इनके बस से बाहर हो गया है। झारखंड सरकार से युवाओं को इंसाफ मिलेगा यह सोचना बेईमानी होगी। झारखंड के छात्र-छात्राओं अपने उज्वल भविष्य बनाने के लिए दिन-रात है व्यस्त, वही एक और झारखंड के सरकार लुटने ओर लुटाने में है मस्त। एक या दो सेंटर पर हुई परीक्षा को नहीं, सरकार अविलंब पूरी परीक्षा को रद्द करे और मामले की उच्चस्तरीय जांच करवा कर दोषियों के ऊपर अपने द्वारा बनाए कानून के तहत कार्यवाई करे।

# ठाकुरबाड़ी में होली मिलन समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** पटेलनगर सीसीएल कॉलोनी स्थित प्राचीन श्री राधा-कृष्ण ठाकुरबाड़ी में हर वर्ष के भांति रविवार को राधे-राधे महिला मंडली द्वारा मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर ठाकुरबाड़ी और श्री राधा-कृष्ण की प्रतिमा को फूल-माला से आकर्षक रूप से सजाया गया था। कार्यक्रम में स्थानीय महिलाओ ने होली उत्सव के अवसर पर जमकर होली खेलते हुए एक-दूसरे का आने वाले पर्व होली की शुभकामनाएं दी। इसके पूर्व भजन-कीर्तन के साथ श्री राधा-कृष्ण की पूजा अर्चना, छप्पनभोग व महाआरती सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन हुआ। तत्पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। समारोह में महिलाओं ने जमकर रंग-गुलाल उड़ाते हुए होली के गीत पर जमकर नृत्य किये। साथ ही अपने घर-परिवार व क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में सरिता सिंह, किरण यादव, बसंती विश्वकर्मा, सीमा गोस्वामी, रेखा शर्मा, सुनीता शर्मा, विद्या गोस्वामी, सुषमा सिंह, किरण गोस्वामी, स्वेता सिंह, शीतल, संतोष सोनी, मीना मुंडा, बबली सिंह, रंजीता करमाली का विशेष योगदान रहा।

# मारवाड़ी युवा मंच चेतना शाखा ने किया फाल्गुन धूम का आयोजन, फूलों की होली खेलने का आह्वान

आजाद सिपाही संवाददाता





**रामगढ़।** मारवाड़ी युवा मंच महिला चेतना शाखा के तत्वावधान में रविवार को शहर के गणक मैरेज हॉल में फाल्गून धूम का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उदघाटन शाखा के अध्यक्ष रीना मोदी, सचिव स्नेहा जैन सहित अन्य सदस्यों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान शाखाध्यक्ष रीना मोदी ने महिलाओं को होली की शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने हर्षोल्लास के साथ लोगों से होली मनाने का आह्वान करते हुए फूलो की होली खेलने का आह्वान किया। फाल्गून धूम के आयोजन के दौरान समारोह स्थल पर रांची, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, हजारीबाग, कोडरमा, जमशेदपुर सहित विभिन्न स्थानों से आये तीस से ज्यादा दुकानदारों ने फैंसी साड़ी, कुर्ती, ज्वेलरी, लड्डू गोपाल और होली व गणगौर महोत्सव के समान के अलावे स्वादिष्ट खान-पान और बच्चां के तरह-तरह के गेम के स्टॉल लगाये गये। जहां लोगों ने जमकर खरीदारी की। देर शाम फूलों की होली व गीत-संगीत के साथ फाल्गून धूम का समापन किया गया। मौके पर अन्नू खंडेलवाल, प्राची अग्रवाल, प्रीती चौधरी, सुमन, निशा, आरती, मनीषा, नीरू , कीर्ति, आरती, पूजा, सपना, नीलू, ज्योति, लवली सहित मारवाड़ी युवा मंच महिला चेतना शाखा के कई सदस्य शामिल थे।

# फायरिंग की घटना के बाद जांच में जुटी पुलिस

पुलिस ने गोली के दो खोखे बरामद किया।

फायरिंग की घटना पर पतरातू थाने में एफआईआर दर्ज।

आजाद सिपाही संवाददाता



**पतरातू।** पतरातू थाना अंतर्गत पालू पंचायत के पिपरी टोला में बीती रात करीब 8.40 बजे दो अज्ञात अपराध कर्मियों ने पिपरी टोला निवासी मनोज महतो पर फायरिंग कर दी। इस फायरिंग की घटना में वे बाल-बाल बच गए। जबकि एक अन्य व्यक्ति प्रकाश राम भी अपनी जान बचाकर भाग निकला। फायरिंग की इस घटना के बाद पतरातू पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। घटना को लेकर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और अज्ञात अपराध कर्मियों की धर पकड़ के लिए अभियान भी शुरू कर दिया है। इस संबंध में मनोज महतो ने एफआईआर दर्ज कराते हुए कहा है कि 16 मार्च की रात 8:40 बजे रात्रि दो अज्ञात युवक उसके घर पर पहुंचे और छापर से टेरपा बालू गिराने की बात करने लगे। दोनों युवक बकझक करने पर उतारू थे। बालू के मामले में इंकार करने पर दोनों युवकों में से एक ने रिवाल्वर निकाल कर फायर कर दिया। मनोज महतो ने पुलिस को बताया कि उस वक्त गांव का ही एक परिचित प्रकाश महतो भी वहां पर मौजूद था। फायरिंग करता देख वह भाग खड़ा हुआ और छुपकर अपनी जान बचाई। फायरिंग होते हीं मनोज अपने घर के आंगन की ओर भागा। लेकिन अपराध कर्मियों ने उनका पीछा करते हुए आंगन में जाकर भी फायर किया। पुलिस को दिए गए आवेदन में कहा गया है की जान से मारने की नीयत से दोनों युवकों ने फायरिंग की। लेकिन वह किसी तरह बच गया। तत्काल ही दोनों लोग प्रकाश राम की बाहर खड़ी स्प्लेंडर बाइक जेएच 24जे 7855 को लेकर वहां से फरार हो गये। मनोज के परिजनों ने बताया कि वहां चार राउंड फायरिंग की गयी। पुलिस ने घटनास्थल से गोली के दो खोखे बरामद किये हैं और आगे का अनुसंधान जारी रखे हुए है।

## चैती दुर्गा पूजा समिति मांडू बस्ती के अध्यक्ष रणधीर और सचिव बने सुशील

मांडू ( आजाद सिपाही)। चैती दुर्गा पूजा समिति मांडू बस्ती की एक बैठक मंदिर परिसर में रविवार को हुई। बैठक में सर्वसम्मति से धूमधाम से इस वर्ष से चैती दुर्गा पूजा करने का निर्णय लिया गया। बैठक में पूजा के सफल संचालन के लिए एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष रंधीर कुमार, उपाध्यक्ष विजय मंडल, सचिव सुशील कुमार सहसचिव तालेश्वर प्रसाद, कोषाध्यक्ष सहदेव प्रसाद, सह कोषाध्यक्ष अजय कुमार के अलावा निगरानी समिति में छोटेलाल साहू, सुरेशचंद्र साहू, लखनलाल साहू, महेश प्रसाद मंडल, वीरेंद्र प्रसाद, कुलदीप प्रसाद, शिवनारायण प्रसाद, संजय मंडल, नवरत्न मंडल, बिंदेश्वरी प्रसाद, संतोष, रामनारायण प्रसाद, गंगेश्वर और पवन कुमार को चुना गया।

## मध्य विद्यालय बोंगावार में 8वीं बोर्ड परीक्षा संपन्न

कुजू (आजाद सिपाही)। उत्क्रमित मध्य विद्यालय बोंगावार में शनिवार को जेक द्वारा आयोजित आठवीं बोर्ड परीक्षा कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह केंद्राधीक्षक अशोक कुमार की अगुवाई में दो पालियों में सीएन हाई स्कूल बोंगावार के 114, मध्य विद्यालय भरेचनगर के 09 व उत्क्रमित मध्य विद्यालय तिलैया के 23 विद्यार्थियों ने भाषा (हिंदी, अग्रेजी व संस्कृत) तथा सामान्य अध्ययन, गणित व विज्ञान की परीक्षा दी। बच्चों ने वस्तुनिष्ठ प्रश्न का ओएमआर शीट में परीक्षा दी। वीक्षक के रूप में प्रीतम चक्रवर्ती, दीपक कुशवाहा, मंजू देवी, कौशल महतो, तेतर तुरी, प्रयाग बेदिया, मधु कुमारी, खेमन महतो, सीमा देवी, किरण कुमारी, सूचिता देवी, गीता कुशवाहा, अर्चना वर्मा व परीक्षा नियंत्रक के रूप में सहायक शिक्षिका वीणा कुमारी पटेल शामिल रहे।

## पोटंगा सरना स्थल का स्थानांतरण पारगढ़ा में हुआ



उरीमारी (आजाद सिपाही)। न्यू बिरसा परियोजना विस्तारीकरण को लेकर सरना स्थल का चयन किया जाना था। वहीं पोटंगा पंचायत क्षेत्र अंतर्गत पोटंगा के विस्थापित ग्रामीणों के द्वारा पोटंगा सरना स्थल का स्थानांतरण रविवार को किया गया। जिसका स्थानांतरण पारगढा के आर आर साइट में किया गया। वहीं इस स्थानांतरण कार्यक्रम को गांव के पहान साधू मुंडा व गोडाइत राजू गंझू के द्वारा विधिवत पूजा पाठ कर किया गया। पुजा पाठ के दौरान जल जंगल जमीन से जुड़े प्राकृतिक की पुजा कर गांव की खुशियाली की कामना की। वहीं इस मौके पर विस्थापित नेता पर संजय करमाली, मनोज मुंडा, जीतन मुंडा,अकल मुंडा, संतोष सिंह, गिरधारी प्रजापति, प्रेमलाल मुंडा, मुकुंदर मुंडा, जयेंद्र मुंडा, राजन्द्र गंझू, अजय मुंडा, कैलाश मुंडा, सोहराय मुंडा, कामेश्वर मुंडा, बंधु गंझू, मंटू मुंडा, बिगलाहा मुंडा, कंचन मुंडा, मुकेंद्र मुंडा, संजय मुंडा, रविन्द्र मुंडा, राजकुमार मुंडा, अजित, राजेश मुंडा, रामकुमार प्रजापति, सुनील, संजय, महेंद्र गंझू, शिवशंकर मुंडा, बिराजो, मुनिया देवी, आरती देवी, पुनम देवी, जेठनी, कुंतीसहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

मांडू (आजाद सिपाही)। मांडू थाना क्षेत्र के बीसमाइल फोरलेन सड़क पर रविवार को अज्ञात वाहन के टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज के दौरान युवक की मौत हो गयी। बताया जाता है कि युवक अपने ग्लैमर मोटर साइकिल संख्या जेएच 24 सी/ 8632 में सवार होकर हजारीबाग से रामगढ़ की ओर जा रहा था। इसी दौरान एनएच 33 बीसमाइल के समीप पीछे से आ रहे वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में स्थानीय लोगों के मदद से एनएचआई के एंबुलेंस से इलाज के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर पहुंची मांडू पुलिस ने दुर्घटना ग्रस्त मोटर साईकिल को जब्त कर थाना ले आयी। समाचार लिखे जाने तक युवक की पहचान नहीं हो पायी है।

## सरहुल मनाने को लेकर सयाल में हुई बैठक



उरीमारी(आजाद सिपाही)। सरहुल पूजा मनाने को लेकर सयाल के दक्षिणी पंचायत भवन में रविवार को रेलवे साइडिंग टिपला के ग्रामीणों ने बैठक की। वहीं इस बैठक में सर्वसम्मति से विचार-विमर्श कर निर्णय लिया गया कि हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी प्राकृतिक पर्व सरहुल महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। इस दौरान आगामी 11अप्रेल को सरहुल पुजा करने व 14 अप्रेल को भव्य सरहुल जुलूस निकाली जायेगी। सरहुल पुजा सयाल टिना साइड, के के पोडा, रेलवे साइडिंग टिपला,दोतल्ला, मांझी धौडा, दत्तो सौन्दा में की जायेगी। जुलूस पोड़ा गेट पंचायत भवन से सीसीएल सौन्दा खेल मैदान में पहुंचेगी। जहां सभी अखाड़ा में शामिल सरहुल समिति के लोगों का मिलन होगा। इस मौके पर अध्यक्ष राजू उरांव, उपाध्यक्ष रूपेश उरांव, सचिव गणेश मुंडा, लालजी मुंडा, कृष्णा मुंडा, प्रेम मुंडा, संरक्षक अजय उरांव, प्रकाश मुंडा, मंटू उरांव, विक्की उरांव, शिवा उरांव, विजय मुंडा, राजा कच्छप, प्रसाद मिंज, संजू कच्छप, कुनाल बेदिया, मुकेश मुंडा, विक्की करमाली, सोमा उरांव, दीपक मुंडा, सुभाष करमाली, राजेश मुंडा आदि लोग मौजूद थे।

## मतदान के प्रति लोगों को किया जागरूक



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। रामगढ़ एसपी डॉ. विमल कुमार के निदेश पर पतरातू प्रखंड के बासल क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त माहौल में सुनिश्चित कराने को लेकर बासल पुलिस ने रविवार को विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार के नेतृत्व में बासल थाना क्षेत्र अंतर्गत पहाड़ों व जंगलो के बीच बसे जराद, किन्नी, सालगो, हरिहरपुर आदि सुदुरवर्ती गांवो के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। साथ ही ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए कई दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान 218 सीआरपीएफ के डी कंपनी द्वारा बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, एएसआई प्रभात कुमार, सैट के जवान, सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर बाबूलाल, अनीश प्रसाद, विकास कुमार एवं डीएसएमडी सर्च टीम के एमडी अंसारी के साथ एरिया डोमिनेशन, रूट सैनिटाइजेशन, डाइमिनिंग पेट्रोलिंग, विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूकता करने का काम किसा।

# सीएए के निहितार्थ का आकलन

नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के कार्यान्वयन की सरकार की घोषणा ने एक बार फिर भारत की धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों के बारे में गंभीर चर्चा शुरू कर दी है। कानून के कार्यान्वयन का समय, आम चुनावों से ठीक पहले और रमजान की शुरूआत में, सरकार की मंशा पर सवाल उठाता है। कई लोगों ने इसे मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने और चुनावी बांड योजना की जांच जैसे अन्य मुद्दों से ध्यान भटकाने के कदम के रूप में देखा है। भारत का सर्वोच्च न्यायालय 19 मार्च को सीएए नियमों के कार्यान्वयन पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया है। सीएए को चुनौती देने वाली लगभग 200 याचिकाएं शीर्ष अदालत के समक्ष लंबित हैं और उन पर अभी तक विचार नहीं किया गया है। कानून, जो 2019 में पारित होने के बाद से विवादास्पद रहा है, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के कुछ धार्मिक अल्पसंख्यकों से संबंधित पड़ोसी देशों के शरणार्थियों को शीघ्र नागरिकता प्रदान करता है लेकिन मुसलमानों को बाहर करता है। इस संशोधन से पहले, उचित दस्तावेज के बिना भारत में प्रवेश करने वाले व्यक्तियों को अवैध प्रवासी माना जाता था और उनके पास नागरिकता का कोई स्पष्ट रास्ता नहीं था, जब तक कि दीर्घकालिक वीजा के माध्यम से उनके प्रवास को नियमित नहीं किया जाता।

**हालांकि, सीएए इस नियम में संशोधन करता है, मुसलमानों को छोड़कर, 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में प्रवेश करने वाले प्रताड़ित हिंदुओं, सिखों, बौद्धों, जैनियों, पारसियों और ईसाइयों को नागरिकता प्रदान करता है।**

हालांकि, सीएए इस नियम में संशोधन करता है, मुसलमानों को छोड़कर, 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में प्रवेश करने वाले प्रताड़ित हिंदुओं, सिखों, बौद्धों, जैनियों, पारसियों और ईसाइयों को नागरिकता प्रदान करता है। इस कानून को विभाजन की गलतियों के सुधार के रूप में तैयार किया गया है, समर्थकों का तर्क है कि मुसलमानों को ऐसे प्रायश्चित की आवश्यकता नहीं है क्योंकि वे सूचीबद्ध देशों में सताए गए अल्पसंख्यक नहीं हैं। हालांकि, आलोचकों का कहना है कि यह धर्म के आधार पर भेदभाव करता है, जो संविधान के धर्मनिरपेक्ष लोकाचार के विपरीत है, जिसमें नागरिकता के लिए मानदंड के रूप में धर्म का उल्लेख नहीं है। धर्मनिरपेक्षता शब्द को 1976 में 42वें संशोधन के माध्यम से भारतीय संविधान की प्रस्तावना में शामिल किया गया था, जिसमें धार्मिक तटस्थता के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया था। सीएए का कुछ धार्मिक समूहों के प्रति अधिमान्य व्यवहार भारत के धर्मनिरपेक्ष आदर्शों को परेशान करता है। इसके अतिरिक्त, यह कानून संविधान के अनुच्छेद 14 द्वारा प्रदत्त समानता के अधिकार को कमजोर करता है। नागरिकता संशोधन अधिनियम राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) से भी जुड़ा है, जिसका उद्देश्य असम से अवैध आप्रवासियों, विशेषकर मुसलमानों की पहचान करना और उन्हें निर्वासित करना है।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**सरकारी केस को खारिज करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि व्हीलचेयर तक सीमित एक दिव्यांग प्रोफेसर पर यूएपीए के तहत लगाये गये गंभीर आरोप, कानून की नजर में साबित नहीं होते हैं। कोर्ट का यह विलंबित फैसला कानूनी मापदंडों और प्रमाणों पर आधारित है, जिसका स्वागत है। इस ऐतिहासिक न्यायिक निर्णय में यह बताया गया है कि कानून की नजर में राजनीतिक सिद्धांतों और विचारधाराओं का अध्ययन या किसी विचारधारा से सहानुभूति, अपने आप में अपराध की बुनियाद नहीं हो सकते, क्योंकि सभी को विचारों की स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति का मौलिक अधिकार है।**

# हमारी स्वतंत्रतावादी विरासत का पुनर्जागरण

**अश्वनी कुमार**





7 मार्च को प्रो जीएन साईंबाबा ने 10 वर्ष तक जेल में अंधेरी रातें काट कर, आजादी के उजाले में पुनः कदम रखा। सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाइकोर्ट के नागपुर बेंच के उस निर्णय पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है, जिसके कारण साईंबाबा और अन्य अभियुक्तों को 10 साल की लम्बी कैद से रिहाई मिली।

सरकारी केस को खारिज करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि व्हीलचेयर तक सीमित एक दिव्यांग प्रोफेसर पर यूएपीए के तहत लगाये गये गंभीर आरोप, कानून की नजर में साबित नहीं होते हैं। कोर्ट का यह विलंबित फैसला कानूनी मापदंडों और प्रमाणों पर आधारित है, जिसका स्वागत है। इस ऐतिहासिक न्यायिक निर्णय में यह बताया गया है कि कानून की नजर में राजनीतिक सिद्धांतों और विचारधाराओं का अध्ययन या किसी विचारधारा से सहानुभूति, अपने आप में अपराध की बुनियाद नहीं हो सकते, क्योंकि सभी को विचारों की स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति का मौलिक अधिकार है। नागरिकों की अवैध हिरासत से देश की प्रशासनिक और न्यायिक व्यवस्थाओं की निष्पक्षता पर सवाल उठता है। इसी मामले में सुप्रीम कोर्ट का 2022 का आदेश, जिसमें प्रोफेसर साईंबाबा को हाईकोर्ट द्वारा दी गयी रिहाई को छुट्टी के दिन खास सुनवाई करके रद्द कर दिया गया था, गंभीर चिंता का विषय है। इस केस के अनेक मोड़ों पर राज्य की कार्यकारी शक्ति एवं कानून की प्रक्रियात्मक मर्यादाओं की परख भी हुई है। महाराष्ट्र सरकार की अपील को खारिज करते हुए हाईकोर्ट ने माना कि नक्सल फिलॉसफी पढ़ने वाले और नक्सल सोच से सहानुभूति रखने वाले किसी व्यक्ति पर सिर्फ इस आधार पर यूएपीए के तहत आपराधिक कार्रवाई नहीं की जा सकती, कि उसके पास डाउनलोड किया गया नक्सल साहित्य है।

**हम जानते हैं कि स्वतंत्रता एवं मानवाधिकारों का संरक्षण सभी के एकजुट होने पर निर्भर करता है।**

साथ ही कोर्ट ने अभियोजन पक्ष द्वारा लगाए गए अस्पष्ट आरोपों को अपराध का आधार मानने से इंकार किया, जोकि आपराधिक कानून के बुनियादी दर्शन, कि बिना ठोस सबूत किसी को अपराधी नहीं माना जा सकता, की पुष्टि करता है। ऐसा दिव्यांग, जो बिना सहायता के अपनी अति निजी दिनचर्या भी नहीं कर सकता उसके साथ करुणा रहित व्यवहार और 10 वर्षों की कैद, भारत की न्यायिक प्रक्रिया और संवैधानिक नैतिकता से जुड़े अनेक प्रश्न खड़ा करते हैं।

शारीरिक, आर्थिक और भावनात्मक रूप से कमजोर व्यक्ति की असहनीय प्रताड़ना, हमारी न्याय प्रणाली की कमियों को दर्शाते हैं और यह प्रमाणित करते हैं कि देश की आपराधिक प्रक्रिया अपने आप में एक बड़ी सजा है। केस में अभियोजन पक्ष की यह दलील कि विकलांग साईंबाबा अपने विचारों की अभिव्यक्ति से देश और सरकार की सुरक्षा के लिए खतरा हो सकते हैं, हालांकि हास्यप्रद है, को फिर भी साईंबाबा अतः अन्य अभियुक्तों को बहुत लंबे समय तक कारावास में रखने का आधार माना गया।

1. क्या यह फैसला हमारे देश की लोकतांत्रिक आस्थाओं और संवैधानिक न्याय के मूलभूत आदर्शों के अनुकूल है? 2. क्या देशवासियों को ऐसी कानूनी प्रक्रियाओं को झेलना जरूरी है, जो अन्याय को जन्म देती है और जिसकी कोई भरपाई नहीं है? 3. क्या कानून एवं न्याय के पहरेदार ही नाइंसाफी के पैरोकार बन सकते हैं? 4. क्या निर्दोष लोगों को, उनके परिवारजनों के स्नेह और संगति से वंचित करने का कोई मुआवजा हो सकता है? 5. क्या न्याय के संरक्षक देश के रहबर निर्दोष और असहाय व्यक्तियों के दर्द के प्रति असंवेदनशील हैं? 6. क्या कठोर आपराधिक कानूनों के तहत बिना उचित जांच और पर्याप्त प्रमाणों के नागरिकों को लंबे समय तक जेल की चारदीवारी में कैद करके रखना और उनके मानवीय अधिकारों का हनन होना हमारे लोकतंत्र की पहचान हो सकती है? इन गंभीर सवालों से अब मुंह नहीं मोड़ा जा सकता।

दोषियों को सजा देने वाली न्याय प्रणाली के तहत जिस तरह से एक शारीरिक तौर पर अपंग को 10 साल जेल की सलाखों के पीछे रखा गया, देश की आत्मा को झकझोर रहा है। इसी कारण देश और विदेश में जनता का ध्यान साईंबाबा मामले पर केंद्रित है। नागरिकों की प्रतिष्ठा और गरिमा का हनन, उनके भविष्य पर प्रश्नचिन्ह और घोर अन्याय के सामने बेबसी, भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली एवं लोकतंत्र की डरावनी तस्वीर है। इस तस्वीर को बदलने के लिए जनता को न्याय, जो संवैधानिक संस्थाओं की पहली जिम्मेदारी है, के लिए सदैव संघर्षशील रहना होगा। घोर अन्याय के खिलाफ कब और कौन आवाज उठाये और क्या कोई असहाय व्यक्ति के प्रति न्याय की पुकार सुनेगा, यह सवाल आज के दौर में उपयुक्त है। मशहूर दिवंगत शायरा प्रवीण शाकिर की इन पंक्तियों में कमजोर और जुल्म के शिकार व्यक्तियों की भावनाओं का उल्लेख है :

**पा-ब-गिल (मजबूर) सब हैं,**
**रिहाई की करें तदबीर (समाधान) कौन,**
**दस्त-बस्ता (बंधे हाथ) शहर में खोले मेरी जंजीर कौन,**
**मेरा सर हाजिर है,**
**लेकिन मेरा मुंसिफ (जज) जान ले,**
**कर रहा है मेरी फर्द-ए-जुर्म (इल्जाम) की तहरीर (लिखाई) कौन**

देश की सर्वोच्च न्यायालय से यह उम्मीद है कि वह मानवाधिकारों के संरक्षक का उत्तरदायित्व प्रभावी ढंग से निभाएं, जो उनकी कार्यशैली में स्पष्ट रूप से दिखाई दे।

साईंबाबा केस में हाईकोर्ट के निर्णय का यह संदेश है कि भारत, जो अपने नागरिकों की आजादी और गरिमा के लिए सदैव समर्पित होने का दावा करता है, ऐसी न्यायिक प्रक्रिया को अनदेखा नहीं कर सकता है, जिसके तहत न्याय की हार हो और मानवीय अधिकारों का हनन। क्या इस फैसले के सबक को हमारी यादों के हाशिए पर धकेल दिया जायेगा, ताकि वह समय के साथ भुला दिए जायें, या फिर एक अंतहीन न्याय की यात्रा में परिवर्तनकारी क्षण का काम करेगा, एक महत्वपूर्ण सवाल है।

राष्ट्रों के इतिहास समय-समय पर होनी वाली महत्वपूर्ण घटनाओं से जुड़े होते हैं। इसलिए यह फैसला कमजोरों के प्रति सहानुभुति पर आधारित न्याय की हमारी सांस्कृतिक विरासत के पुनर्जागरण की ओर एक प्रभावी कदम होना चाहिए।

हम जानते हैं कि स्वतंत्रता एवं मानवाधिकारों का संरक्षण सभी के एकजुट होने पर निर्भर करता है। संविधान में स्वतंत्रता के अधिकार को मूलभूत मानवीय अधिकार की पहचान दी गई है। कहीं ऐसा न हो कि हम इस अधिकार को सशक्त करने में चूक कर जायें। इतिहास का स्थायी सबक यही है कि स्वतंत्रता का एहसास जुल्म की पीड़ा से ऊपर उठ कर, कायम रहता है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हाईकोर्ट के अभियुक्तों के बरी करने के आदेश पर रोक लगाने से इंकार किया है। इससे यह आशा जागृत हुई है कि देश की सर्वोच्च न्यायालय संवैधानिक मर्यादाओं अतः मूलभूत मानवीय अधिकारों की सुरक्षा का बीड़ा उठाने के लिए सक्षम है। मूलभूत मूल्यों से परिगत लोकतांत्रिक संस्थाओं से आपराधिक मामलों में ऐसे न्याय की आशा है, जो संवैधानिक आस्थाओं और मानवाधिकारों की कसौटी पर खरा उतरे और जिसको लोग भी न्याय संगत समझें। इस लेख को मैं साहिर लुधियानवी की इन पंक्तियों से समाप्त करता हूं।

**मुजरिम हूं मैं अगर,**
**तो गुनेहगार तुम भी हो,**
**ऐ रहबरान-ऐ-कौम,**
**खताकार तुम भी हो।**

## जमशेदपुर की खबरें

### तेली समाज और ओबीसी में राजनीतिक चेतना की कमी के कारण समाज हाशिये पर : राजेंद्र प्रसाद



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झारखंड ओबीसी आयोग के पूर्व सदस्य राजेन्द्र प्रसाद शहर पहुंचने पर तेली समाज और ओबीसी के प्रबुद्ध लोगों ने उनका स्वागत किया। रविवार को सिदगोड़ा में आयोजित सम्मान समारोह में उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य में तेली समाज की आबादी 15% और ओबीसी की आबादी 55% है, लेकिन राजनीतिक चेतना नहीं होने से समाज हास्य पर है। सभी माटी के लिए वोट करें। उन्होंने कहा दुसरे समाज से तेली समाज और ओबीसी समुदाय को सीखने की जरूरत है। उन्होंने कहा झारखंड में जो समाज संगठित है उनका राजनीतिक दल अनदेखी नहीं कर पाते। संगठित समाज को राजनीतिक भागीदारी भी मिलती है। अधिकारों के लिए संगठित और चिंतनशील होना होगा। उन्होंने कहा वैसे दल को ही समर्थन करें जो तेली समाज औरओबीसी को पार्टी संगठन से विधानसभा व लोकसभा में प्रत्याशी बनाए। उन्होंने झारखंड में ओबीसी को तमिलनाडु के तर्ज पर 36 से 50% देने की अनुशंसा की है। झारखंड सरकार लागू करें यह मांग ओबीसी और तेली समाज की ओर से उठाना होगा। संचालन मनोज कुमार गुप्ता ने किया। मौके पर शेखर कुमार साहू, प्रकाश विश्वकर्मा,मंजु शाह, डॉक्टर ऋषिकेश, कुंदन गुप्ता, शोभा गुप्ता, इंदु देवी, श्याम सुंदर साव, नागेंद्र कुमार गुप्ता, दिलीप कुमार गुप्ता, जयशंकर शाह, सुनील कुमार गुप्ता, कृष्णा साहू, शशिकांत महाराज, बच्चु शाह, पिंटू साहू, जयशंकर शाह, सुशील कुमार, संजय कुमार उमाशंकर शाह, गणेश,विमल,देवाशीष सहित अन्य शामिल रहे।

### बालिगुमा में संथाल समाज ने मनाया बाहा पर्व



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। बालिगुमा के खीकड़ीघुटु में संथाल समुदाय के द्वारा बाहा पर्व का आयोजन किया गया। मौके पर जानकारी देते हुए दीपक रंजीत ने कहा संथाल समुदाय में बाहा पर्व के दूसरे दिन शिकार करने का परंपरा है। पूर्वजो की संस्कार को संथाल समुदाय आज भी जारी रखा है। हालांकि जंगलों के घटने के कारण जंगली जानवर भी कम हो गया है। इसके लिए अभी सिर्फ शिकार प्रतिकात्मक रूप से ही मनाया जाता हैं।मौके पर उन्होंने नए पीढ़ी को जानकारी देते हुए कहा जंगल से ही हमलोगों का पहचान है। इसके लिए बाहा सेंदरा का आयोजन हर वर्ष किया जाता हैं।**

# आदित्यपुर की आरएसबी यूनिट-1 में तेंदुआ घुसने से मजदूरों में मचा हड़कंप

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिला के आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित आरएसबी ट्रांसमिशन यूनिट 1 में तेंदुआ घुसने से अफरा तफरी मच गयी। रविवार को सुबह तेंदुए के हमले से एक मजदूर घायल होने की सुचना है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी। उधर सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम और कंपनी प्रबंधन के आला अधिकारी मौके पर पहुंच कर रेस्क्यू में जुट गए। टीम के द्वारा दिन भर तेंदुए को पकड़ने की कोशिश की गई। लेकिन वन विभाग के रेस्क्यू टीम और जिलाप्रशासन को सफलता नहीं मिल सकी। हालांकि कंपनी में लगे सीसीटीवी कैमरे में तेंदुआ की चहल कदमी करते वीडियो कैद हैं।

### बाहा पर्व में शामिल हुए विधायक



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही।** जुगसलाई विधान सभा के पूर्वी कालीमाटी पंचायत अंतर्गत सलगाजुड़ी गांव में प्रकृति की उपासना के त्योहार ह्लबाहा पर्वह्व हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया।रविवार को विधायक मंगल कालिंदी ने जाहेरस्थान में पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली के लिए कामना की। मौके पर आदिवासी समुदाय के लोग विधिवत पूजा अर्चना कर सैकड़ो महिला व पुरूष के साथ बच्चे परंपरागत कपड़े पहनकर मांदर के धुन पर झूमते गाते नजर आए।मौके पर विधायक ने कहा बाहा पर्व समाज मे समृद्धि,सौहार्द और प्राकृतिक संबंध को मजबूत करती है। होली के पूर्व जाहेरस्थान में आदिवासी समुदाय के लोग धूमधाम से बाहा पर्व मनाते हैं। मौके पर नायके बाबा पीतांबर मूर्मू, ग्राम प्रधान पालू राम हेमब्रम, चंद्र मोहन सोरेन, राम पड़ेईया, सहित अन्य उपस्थित रहे।

## नदी में नहाने के दौरान डूबने से छात्र की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चांडिल।** सरायकेला खरसावां जिले के डोबो डैम में दोस्तो के साथ नहाने के दौरान डूबने से कोऑपरेटिव कॉलेज के छात्र 20 वर्षीय वरुण बागची की मौत हो गयी। रविवार को घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से युवक को एमजीएम अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतक वरुण बागची जमशेदपुर के सोनारी का रहने वाला है। वे अपने दोस्तों के साथ डोबो डैम नहाने के लिए गया था। नहाने के दौरान गहरे पानी में चला गया था। बचाने के लिए उसके तीन दोस्त नदी में छलांग लगा दी। हालांकि तीनों दोस्त डूबने लगे तब आसपास के लोगों ने सभी को सकुशल बाहर निकला। उधर वरुण नामक युवक की स्थिति काफी चिंता जनक बनी रही। तत्काल अस्पताल लाया गया।लेकिन वरुण ने रास्ते मे ही दम तोड़ दिया। उधर घटना की सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस पूरे मामले की तफ्तीश में जुट गयी। वही सूचना मिलने पर पहुंची परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आगे की कारवाई में जुट गयी है।

## मान्यता को लेकर गोशाला न्यास ने लगायी गुहार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** गोशाला न्यास समिति का सदस्य बना कर भी मान्यता नहीं दिये जाने के खिलाफ 110 सदस्यों का सब्र जवाब दे चुका है। चेयरमैन रतन जालान ने आमसभा में 15 दिनों के अंदर फैसला करने की बात कही थी, लेकिन 15 दिन गुजर जाने के बाद भी फैसला करने में आनाकानी करते रहे। इससे खफा सदस्यों ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। सदस्यों का कहना है कि सारे प्रमाण देने के बाद भी ट्रस्टी और पदाधिकारी तानाशाही कर रहे हैं। हुकूमत करने के लिए धार्मिक स्थल को चुनना कहां तक जायज है। आप सब भी गो माता की सेवा भावना से जुड़े हैं। हम सबकी भी वैसी ही भावना है। फिर भेदभाव क्यों। सदस्यता शुल्क के रूप में 11 सौ रुपये का चेक दिया था। बाद में पूर्व ट्रस्टी और पदाधिकारियों के हस्ताक्षर से आजीवन सदस्य बनाये जाने का प्रमाण पत्र भी दिया गया। बावजूद इसके यह कहना कि सब कुछ गड़बड है। ट्रस्टी के हस्ताक्षर से लेकर उनके द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र पर ही सवाल खड़ा कर रहे हैं।

### आदित्यपुर से गायत्री परिवार ने निकाली कलश यात्रा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन पर 24 कुण्डीये श्रद्धा संवर्धन राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ का शुभारम्भ किया गया। रविवार को कमलकांत मंडल व रामावती देवी द्वारा झंडोतोलन व 800 सौ माता बहनों द्वारा मंगल कलश लेकर कलश यात्रा में शामिल हुए। आदित्यपुर रोड नंबर 7 यागस्थल से निकली कलश यात्रा रोड नंबर 4 गायत्री स्कूल और रोड नंबर 32 होते हुए खरकाई नदी से जल लेकर महावीर नगर, लंका टोला होते हुए आदित्यपुर 2 के विभिन्न मार्गो से यगस्थल पहुंचे। दीप प्रज्वलित कर कलश आरती के बाद प्रसाद और भोग का वितरण किया गया। संध्या कालीन सत्र में भजन कीर्तन प्रवचन व प्रज्ञा पुराण कथा आरती के साथ कार्यक्रम की समाप्त हुई। कार्यक्रम संचालित शांतिकुंज के युग ऋषियों की टोली द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गायत्री परिवार के सभी सदस्यों का योगदान रहा।

### निधि कुमारी को गेट परीक्षा में मिला 697 रैंक



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस द्वारा गेट परीक्षा 2024 का परिणाम जारी कर दी गई।परीक्षा में जमशेदपुर के बागबेड़ा का रहने वाली शशिकांत मिश्रा की पुत्री निधि कुमारी ने मानविकी और सामाजिक विज्ञान की अंग्रेजी शाखा से पूरे भारत में 697 रैंक लाकर झारखंड के नाम रोशन की। निधि कुमारी बीते दिनों यूजीसी नेट परीक्षा भी उत्कृष्ट अंको से पास की। वे पूर्व में जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की होनहार विद्यार्थी भी रही है। निधि कुमारी का कहना है गुरुजनों ,माता-पिता के आशीर्वाद व सहयोग से ही यह संभव हो पाया। भविष्य में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट अनुसंधान से पीएचडी की प्राप्ति कर स्वस्थ समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगी।**

# कांडी में बड़े पैमाने पर सरकारी दवा फेंके जाने पर स्वास्थ्य मंत्री ने लिया संज्ञान

**उपयुक्त ने जांच कमेटी गठित की, हो रही है मामले की जांच**

अरुण कुमार चौबे



**गढ़वा/कांडी (आजाद सिपाही)।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के आदेश पर प्रखंड क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सरकारी दवा फेंक दिये जाने के मामले की जांच की गयी। जिला के उपायुक्त द्वारा गठित जांच कमेटी शनिवार की देर शाम दवाओं की जांच करने के लिए कांडी थाना पहुंची। जहां जब्त दवाओं की विस्तार से जांच की गयी। जांच रिपोर्ट उपायुक्त को सौंप दी गयी है। जहां से इसे सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को भेजा जायेगा। विदित हो कि शनिवार की अहले सुबह मीडिया द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना से दक्षिण बड़े गड्ढे और गड्ढे से बाहर एक ट्रैक्टर से अधिक सरकारी दवायें फेंकी हुई पुलिस ने बरामद की हैं। कांडी थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम के नेतृत्व में पुलिस जब्त दवाओं को थाना ले गयी। इस मामले को लेकर पुलिस के उच्च पदाधिकारी के निर्देशानुसार सनहा संख्या 10/2024, 16 मार्च 2024 दर्ज कर ली गयी। जांच टीम में शामिल गढ़वा जिला के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार ने बताया कि इस बैच नंबर की दवाएं फेंकी गयी है वह मझिआंव की नहीं हैं। इतनी बड़ी संख्या में दवाएं जिले की किसी भी फैसिलिटी सेंटर की नहीं हो सकती। कहा कि इस बैच नंबर की दवाओं का सप्लाई नहीं किया गया है। विशेष रूप से उन्होंने बताया कि गुलाबी और नीले रंग की दवाओं की आपूर्ति सीधे राज्य से की जाती है। जो बच्चों को देने के लिए बीआरसी में भेजी जाती है। लेकिन यहां पर जब्त दवाएं स्ट्रिप में हैं। इसमें केवल गुलाबी रंग की एक तरह की गोली यहां की है। वह मझिआंव या किसी अन्य जगह से सप्लाई की गयी है इसका पता करना होगा। उन्होंने कहा कि केवल आयरन की गोली फोलीक एसीड डेढ़ लाख की मात्रा में है। जबकि एल्बेंडाजोल की गोली 16000 है। दोनों दवाओं की कीमत की बात करें तो यह दवाएं न्यूनतम चार लाख रुपये की बताई जा रही हैं। हालांकि विश्वस्त सूत्रों की माने तो एल्बेंडाजोल की संख्या 23 हजार है। इस हालत में दवाओं का मूल्य और 63 हजार रुपये बढ़ जायेगा। सिविल सर्जन ने कहा कि यह जब्त दवाओं का स्टोरेज ढंग से नहीं किया गया था। जिससे दवाओं को अच्छी हालत में नहीं पाया गया है। मार्के की बात यह है कि दवाओं के साथ कुछ रंगीन फोटोग्राफ्स पाये गये हैं। जो कांडी प्रखंड क्षेत्र के एक विद्यालय में संपन्न कार्यक्रम के हैं। जब दवा की आपूर्ति का सही पता नहीं चल रहा है। इन दवाओं को जिला मुख्यालय गढ़वा सहित मझिआंव से आपूर्ति किया हुआ नहीं बताया जा रहा है तो इन तस्वीरों को बरगलाने के लिए रखा गया बताया जा रहा है।

जांच टीम में सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार के साथ जिला के भू राजस्व उप समाहर्ता रवीश राज सहित कई स्वास्थ्य कर्मी शामिल थे। लोगों ने कहा कि सरकारी दवाएं साधन हीन गरीब मरीजों का सहारा होती हैं। इस तरह की दवाएं फेंक कर गरीबों के भरोसे पर कुठाराघात किया गया है। लाख टके का सवाल यह है कि स्वास्थ्य विभाग सिरे से पल्ला झाड़ रहा है कि यह हमारे यहां से आपूर्ति की गयी दवाएं नहीं है तो सवाल उठता है कि कितने दूर के स्वास्थ्य कर्मियों ने कांडी प्रखंड क्षेत्र में आकर दवाएं फेंक कर चले गये। दूसरे जिले के लोगों के द्वारा आकर यहां दवा फेंक जाने की कोई संभावना नहीं है। क्योंकि सड़क के किनारे इस निर्जन स्थान की जानकारी अन्यत्र रहने वाले लोगों को नहीं हो सकती।

विभाग की आशंका की सूई बार-बार बीआरसी पर जाकर ठहर रही है। अब यहां सवाल उठता है कि इस दृष्टिकोण से इस मामले की जांच की जाए कि किस कार्यालय से किस-किस बीआरसी को कितनी दवाएं भेजी गयी और उनके द्वारा किस स्कूल में कितनी दवाओं की आपूर्ति की गयी। निष्पक्ष एजेंसी द्वारा इस गंभीर मामले की गहन जांच नहीं की जायेगी तो अन्य मामलों की तरह यह मामला भी दाखिल दफ्तर करके फाइल को बंद कर दिया जायेगा।

## बड़ी मात्रा में सरकारी दवा फेंके जाने की खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन रेस

गढ़वा (आजाद सिपाही)। कांडी प्रखंड अंतर्गत राजा घटुहुआ गांव के रास्ते के पास गड्ढे में काफी बड़ी मात्रा में सरकारी दवा फेंके जाने की सूचना प्राप्त होने पर उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिये गये। मामले में भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, गढ़वा और असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा को संयुक्त रूप से जांच कर 16 मार्च तक सुस्पष्ट जांच प्रतिवेदन की मांग की गयी। उक्त स्थल से दवाओं को एकत्रित कर कांडी थाना परिसर में सुरक्षित रखे गये दवाओं, जो उपयोगी है, उसे विधिवत सूची तैयार कराकर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मझिआंव द्वारा भंडार पंजी में नियमानुसार प्रविष्टि कराते हुए बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए उपयोग में लाने की बात कही गयी। साथ हीं प्राप्त जांच प्रतिवेदन के अवलोकनोपरांत उपायुक्त ने असैनिक शल्य चिकित्सक-सह- मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा को निदेश दिया है कि उक्त मामलें में दोषी के विरूद्ध अविलंब प्राथमिकी दर्ज करते हुए 24 घंटे के अंदर अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित करें।

## होली मिलन समारोह का आयोजन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। संगीत कला महाविद्यालय में होली मिलन समारोह बहुत ही धूमधाम से संस्कार पूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम सारे संगीत के छात्र छात्राएं उपस्थित अभिभावक और गण्यमान्य लोगों ने अबीर गुलाल का तिलक लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामना दिया। इस अवसर पर पूर्व नगरपरिषद अध्यक्षा अनिता दत्त ने कहा कि ऐसा माना जाता है कि होली के दिन लोग पुरानी कट्ठुता भुला कर गले मिलते है। होली में जिस तरह अनेकों रंग मिलकर एक हो जाते है, उसी तरह हर जाति धर्म के लोग सारा द्वेष मिटा कर एक हो जाते है। नगरपरिषद के भावी प्रत्यासी संध्या सोनी ने कहा कि होली पर्व का बहुत बड़ा महत्व है, जिस तरह होली पर्व को बसंत ऋतु का संदेश वाहक मन जाता है, उसी प्रकार धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस पर्व को बुराई पर अच्छाई के जीत के रूप में मनाया जाता है। निदेशक प्रमोद सोनी ने कहा कि होली के पर्व संस्कार मयार्दा में रह कर मनाने से होली की गरिमा और बढ़ जाता है। तत्पश्चात सारे संगीत के छात्र छात्राएं और वरिष्ठ कलाकार और उपस्थित लोगों ने एक से बढ़ कर एक लोकगीत धार्मिक और फिल्मी होली गाकर फागुन मास को होली के गीतों के माध्यम से रंगों से सराबोर कर दिया। सर्वप्रथम विवेक शर्मा ने घर मे पधारो गजानन जी,बंगाल में उड़ता अबीर आकाश कुमार रुद्र चौबे अनन्या कुमारी आराधना एवम साथियों ने होरी अवध भवन में खेलत सिया रघुवीर, नैतिक पांडये शशिकांत विश्वकर्मा नेहा कुमारी एवम साथियो ने बहल फागुनी बयार पाति लिखे सजना के गोरी, मोहित केशरी पूर्णिमा कुमारी और साथियों ने जोगी जी धीरे धीरे और होली के दिन दिल खिल जाते है रंगों में रंग मिल जाते है, पूजा कुमारी और साथियों ने सिया निकले अवधवा के ओर होलिया खेले राम लला, और जब हम पहनली साड़ी सैयां कहे डीजल गाड़ी, धर्मेंद्र कुमार पूर्णिमा कुमारी और साथियो ने रंग लेके दीवाने आ गए, परिधि कुमारी सुनेश विश्वकर्मा एवम साथी ने पनिया लाले लाल ए गौरा हमरो के चाही, अखिलेश चंद्रवंशी एवम साथियो ने ननदी जियब हम कइसे होलिया में, अनिल कुमार और साथियों ने एह होली में मूड बनाके निकलब जो बहरी तो बारी ई तिरंगा तोहरा छाती पर फहरी वरिष्ठ कलाकार गोपाल कश्यप खुशी कुमारी एवम साथियों ने भागी रे भागी रे बृजबाला कान्हा ने पकड़ा रंग डाला, रंग बरसे भींगे चुनरवाली रंग बरसे,नरेंद्र कुमार एवम साथियो ने अंगना लिबाइबे,उषा कुमारी और साथियो ने सिया रघुवर के संग खेले होरी, वाद्ययंत्र नाल पे कुलदीप तबला पर संजय कुमार ऑर्गन पर दिलीप कुमार बैंजो पर मनीष कुमार बहुत ही खूबसूरत तरीके से कलाकारों के साथ संगत किया। पूनम श्री ने होली की महत्व को बखान करते हुए मंच संचालन बेहतरीन ढंग से की। इस अवसर पर सुमन सोनी, लीला सोनी, पूजा, पूनम, ममता, पूनम देवी, मधु, चंदा काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# जमीन विवाद में मारपीट, दो महिला समेत 10 गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अरसली उत्तरी गांव में रविवार के सुबह दो पक्षों के बीच जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में दोनों पक्षों से आठ पुरुष और दो महिलाएं समेत कुल 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में पहले पक्ष से संजय चौरसिया, मिथलेश चौरसिया, मुन्ना चौरसिया, नारद चौरसिया व अमन चौरसिया जबकि जबकि दसरे पक्ष से नंदकिशोर चौरसिया, चंदन चौरसिया, दिनेश चौरसिया, मनीता देवी व बबिता देवी का नाम शामिल है। उक्त सभी घायलों को ईलाज हेतु स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहाँ चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद संजय चौरसिया, दिनेश चौरसिया, नारद चौरसिया, मिथलेश चौरसिया व अमन चौरसिया को बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया।

घटना के संबंध में पहले पक्ष के मिथलेश चौरसिया ने बताया कि गाँव के ही शेर मोहम्मद नामक युवक नंदकिशोर चौरसिया के खेत में से गाय पार कर रहा था, तभी नंदकिशोर ने उक्त युवक का गर्दन पकड़ लिया, जब मैं बीच बचाव किया तो नंद किशोर ने हाथ में लिए कुदाल से मेरे सिर पर प्रहार कर घायल कर दिया, मुझे बचाने पहुंचे मेरे भाइयों को भी रहर के खेत में पहले से घात लगाकर बैठे नगा चौरसिया, दिनेश, चंदन, जयप्रकाश, ओमप्रकाश व जयमंगल चौरसिया ने कुदाल, लाठी व डंडे से बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष के नंदकिशोर चौरसिया ने बताया कि हमलोग अपने खेत में पानी पटाने के लिए डिलेभरी पाईप बिछा रहे थे, तो मिथलेश चौरसिया व उसके भाई लोग अपने खेत से पाईप नही पार करने दे थे, और उक्त लोगो ने डिलेभरी पाईप को भी काटकर फेंक दिया जब हमलोग इसका विरोध किया तो मिथलेश चौरसिया और उसके भाईयों ने एकाएक लाठी डंडे से पीटकर हमलोगो को घायल कर दिये। मारपीट की घटना को लेकर दोनों पक्षो ने स्थानीय थाने में एक दूसरे के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी हेतु लिखित आवेदन देने की बात कहीं। उधर मारपीट की घटना की जानकारी मिलते ही थाना के सअनि प्रभु मेहता पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचकर घायलो से घटना की जानकारी लेने के बाद आवेदन के अलोक में मामले की जांच पड़ताल करने की बात कहीं।

# कस्तूरी मसाला मिक्स के डुप्लीकेट पर छापेमारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रमना।** रांची स्थित बालाजी फूड प्रोडक्टस के क्षेत्रीय विक्रय प्रबंधक सियाराम सिंह ने अपनी टीम के साथ कस्तूरी मसाला मिक्स के डुप्लीकेट बना कर बिक्री किये जा रहे नमकीन का निरीक्षण रमना व बंशीधर नगर सहित अन्य जगहों पर रविवार को किया। इस दरम्यान उन्होंने थोक और खुदरा विक्रेताओं से डुप्लीकेट कस्तूरी न बेचने का आग्रह भी किया साथ ही यह भी बताया कि टाटीसिलवे इंडस्ट्रियल एरिया रांची स्थित बालाजी फूड प्रोडक्ट्स के लोकप्रिय उत्पाद फैंटास्टिक कस्तूरी मसाला मिक्स का नकली उत्पाद बना कर कस्तूरी के ही नाम से उसी रंग-रूप में बिक्री पिछले कई महीनों से कुछ निमार्ताओं द्वारा की जा रही है।

उन्होंने कहा की नकली उत्पाद की गुणवत्ता निम्न स्तर की होने के कारण उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ने का खतरा है। कहा कि कम्पनी इस धोखाधडी को संज्ञान में लेते हुए ऐसे डुप्लीकेटर निमार्ताओं व उनके डिस्ट्रीब्यूटर, थोक विक्रेता-गण को चिन्हित कर करवाई करने की दिशा में अग्रसर है। जिसे लेकर लगातार छापेमारी कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने उपभोक्ता व विक्रेताओं से डुप्लीकेट कस्तूरी नमकीन की खरीद बिक्री नही करने की भी अपील की। मौके पर क्षेत्रीय उप विक्रय प्रबंधक निरंजन सुमन, रवि गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# लोकतंत्र के महापर्व में पत्रकारों को प्रशासन के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलने की जरूरत : दीपक कुमार पांडेय

**गढ़वा जिला प्रेस क्लब की ओर से लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका पर कार्यशाला सह होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा जिला प्रेस क्लब की ओर से लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका पर कार्यशाला सह होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन गढ़वा जिला प्रेस क्लब की ओर से रविवार को लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका पर कार्यशाला सह होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्सव गार्डेन नवादा मोड़ में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर हरिहरपुर के संवाददाता दुर्गेश सिंह और न्यूज 11 के पत्रकार अरूण कुमार को न्यूज रिपोटिंग के लिये सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुये पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहित लागू कर दी गयी है। ऐसे में पत्रकारों खासकर नये पत्रकारों को अपने दायरे को जानना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का यह महापर्व है, इसमें पत्रकारों को भी कंधे से कंधा मिलाकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को निष्पक्ष होकर काम करना चाहिये। भले इसमें जिला प्रशासन या पुलिस प्रशासन का फेवर हो या न हो। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया आदि के माध्यम से फेंक खबरें भी आती रहती हैं। इसलिये लोकसभा चुनाव में जब भी किसी तरह के विवादित या अपराध आदि से जुड़ी खबरें चलायें तो उसे एक बार वेरिफाई जरूर कर लें। उन्होंने कहा कि इससे समाचारों पत्र या इलेक्ट्रोनिक मीडिया की गरिमा बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में न्यूज ब्रिफिंग के लिये गढ़वा जिले में एसडीपीओ मुख्यालय को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है, तो उनसे न्यूज से संबंधित जानकारी पत्रकार ले सकते हैं। इस मौके पर लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका पर बोलते हुये वरिष्ठ पत्रकार विनोद पाठक ने कहा कि संवैधानिक रूप से लोकतंत्र के तीन ही स्तंभ हैं, लेकिन पत्रकारिता को व्यवहारिक रूप से चौथास्तंभ माना जाता है. इस स्तंभ को मजबूत बनाये रखने के लिये पत्रकारों को सही रूप से अपनी जिम्मेवारी का निर्वाहण करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के बाद यूट्यूब व सोशल मीडिया प्लेटफार्म से जुड़े पत्रकार भी जमीनी स्तर पर लोगों की समस्याओं को उठाने का काम कर रहे हैं। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश पाठक ने कहा कि लोकसभा चुनाव में विज्ञापन की वजह से खबरें प्रभावित नहीं होने चाहिये। हमें अपने समाचारों में कभी भी यह नहीं झलकने देना है कि हम किसी प्रत्याशी या दल विशेष के पक्ष में खबरें लिख रहे हैं। इसके पूर्व कार्यक्रम के उदघाटन के पश्चात प्रेस क्लब के अध्यक्ष विवेकानंद उपाध्याय ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव कमलेश सिन्हा ने किया। इस अवसर पर विजय प्रताप देव, संजय तिवारी, महेंद्र ओझा, नंद कुमार, श्रीकांत चौबे, ब्रजेश मिश्रा, भारत भूषण तिवारी, अंजनी उपाध्याय, पीयूष तिवारी, विजेंद्र तिवारी, शीतल विश्वकर्मा, गौरव पांडेय, मुकेश तिवारी, महमूद अंसारी, अभिमन्यु पाठक, प्रभात मिश्रा, उपेंद्र दूबे, राजकमल तिवारी, संजय यादव, बलराम शर्मा, राजीव सिंह, शिव कुमार रवि, श्याम बच्चन यादव आदि उपस्थित थे। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें होली गीत गाये गये।

## लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही प्रशासन सक्रिय



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव की तारीख की घोषणा होते ही प्रशासन सक्रिय हो गयी। शनिवार की सात बजे रात्रि में भवनाथपुर के व्यस्त्तम खरौंधी मोड़ पर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने एंटी क्राइम अभियान के तहत वाहनों की जांच की। इस दौरान पुलिस पदाधिकारी ने दो पहिया और चार पहिया वाहनों के डिक्की की जांच की। हलांकि इस दौरान कोई आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुई। वहीं दूसरी ओर रविवार को पंचायत सेवक अजित सिंह और थाना के एसआई निरंजन शर्मा ने सेक्टर सात के अंतर्गत पड़ने वाला 142, 143, 148, 149 और 150 नंबर बूथ का निरीक्षण किया। वहीं सेक्टर छह के बूथ संख्या-135, 136, 153, 154, 156, 157, 158 और 159 का निरीक्षण पंचायत सेवक विष्णु प्रसाद ने की।

## खेल में हार-जीत लगी रहती है, इससे निराश होने की जरूरत नहीं : अनंत



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के धनीमंडरा गांव में सुपर स्टार क्लब द्वारा कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 3 का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने फीता कर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि खेल में हार जीत लगा रहता है। इसलिए कोई भी टीम अगर हार जाती है, तो उस टीम के खिलाड़ियों को हतोस्ताहित नही होना चाहिए बल्कि अगले मैच में उन्हें पुरजोर तरीके से अच्छे खेल का प्रदर्शन कर मैच जितना चाहिए। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता का उद्घघाटन मैच युवा उज्जल क्लब धनीमंडरा और टोनिका क्लब सरैया के बीच खेला गया, जिसमें धनीमंडरा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 8 विकेट खोकर 51 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टोनिका सरैया की पूरी टीम 9.2 ओवर में 43 रन पर ही सिमट गयी। ऑल राउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार युवा उज्ज्वल क्लब धनीमंडरा के सूरज कुमार को दिया गया। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष शिवपारस कुमार, उपाध्यक्ष विनय महतो, महासचिव जयप्रकाश पासवान, चंदू पासवान, दीपक कुमार, कुंदन कुमार, सोनू कुमार, जितेंद्र कुमार, शिवशंकर चौबे, पंकज कुमार आदि उपस्थित थे।

## जेपीएससी परीक्षा के दौरान उपायुक्त ने परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण



गढ़वा (आजाद सिपाही)। झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023 का कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सफल संचालन को लेकर रविवार को उपायुक्त शेखर जमुआर ने आरके गोविंद प्लस टू हाई स्कूल समेत अन्य परीक्षा केन्द्रों पर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर मूल भूत सुविधा यथा पेयजल/शौचालय की व्यवस्था, परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों की उपस्थिति, निर्धारित संख्या में परीक्षार्थियों की बैठने की व्यवस्था, ससमय परीक्षा प्रारंभ कराने समेत अन्य का निरीक्षण कर प्रतिनियुक्त प्रेक्षक/केंद्राधीक्षक को सभी जारी निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन करने को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिए।

## मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक सभा का आयोजन



रंका (आजाद सिपाही)। अनुमंडल प्रखंड अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वयंसेवक समाजसेवी अमरेंद्र कुमार के द्वारा नुक्कड़ नाटक और नुक्कड़ सभा के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस मौके पर ग्रामीण और शहरी मतदाताओं से मतदान अवश्य करने की अपील की गयी। साथ ही नये मतदाता को पंजीकरण के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर अमरेंद्र कुमार ने कहा कि सभी मतदाता निर्भिक हो कर मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करें। उन्होंने कहा कि मतदान शत प्रतिशत किया जाए ताकि लोकतंत्र पर लोगों का भरोसा बनीं रहे। उन्होंने कहा कि मतदाता किसी भी लोभ लालच में नहीं आकर ईमानदार, कर्मठ, विकास करने वाला प्रत्याशी को वोट करें। कोई भी व्यक्ति वोट देने की अधिकार से वंचित नहीं हो।

## चौक-चौराहों से राजनीतिक दलों के बैनर हटाये गये



डंडई। लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग के द्वारा आचार संहिता की घोषणा करते ही प्रशासन रेस हो गई। उपायुक्त के निर्देश पर रविवार को डंडई प्रखंड क्षेत्र के सभी चौक-चौराहों पर पूर्व में लगाए गए राजनीतिक दलों के बैनर पोस्टर व दीवार लेखन को अभियान चलाकर हटाने का कार्य किया गया। वहीं लोगों से अपील की गई की आदर्श चुनाव आचार संहिता पालन करें। उसका उल्लंघन नहीं करें। अंबेडकर चौक डंडई बाजार, लवाही पेट्रोल पंप, रारो बाजार सहित अन्य जगहों पर कार्रवाई की गयी।


## सूचना

पिपचो मत्स्यजीवी स्वावलम्बी सहकारी समिति लि. के सभी सदस्यों को सूचित करना है कि कोरोना काल के कारण समिति का निर्वाचन समय पर नही हो सका । इसलिए निर्वाचन हेतु तदर्थ कमेटी का गठन करना है । अतः समिति के सभी सदस्यों को आग्रह पूर्वक सुचित करना है कि दिनांक 03.04.2024 दिन बुधवार को समय 11 बजे से दिन स्थान पिपचों चौंक शिव मंदिर के प्रंगण में समिति का निर्वाचन हेतु तदर्थ कमेटी का गठन करना सुनिश्चित है । आप सभी सदस्यों का उपस्थिति अनिवार्य है ।

निवेदक
सुखदेव भुईयाँ
पूर्व सचिव
पिपचो म. स. स. स. लि.

# रेलकर्मी की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** धनबाद रेल मंडल की बरवाडीह रेलवे डीपू के कैरेज एंड बैगन विभाग में कार्यरत रेल कर्मी की रविवार सुबह 6 :00 और 06:30 बजे के बीच ड्यूटी के दौरान मालगाड़ी के चपेट में आने से मौत हो गयी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सीडब्लूएस विभाग में कार्यरत संजीव कुमार टेक्नीशियन, पिता मिथिलेश कुमार, डालमियानगर डेहरी रोहतास (बिहार) का रहने वाला था। रविवार सुबह 6 बजे के करीब कैरेज विभाग में ड्युटी में पहुंचा हुआ था और ड्यूटी ज्वाइन कर कार्य के दौरान कैरेज विभाग कार्यालय के सामने रेलवे यार्ड नंबर 9 रेलवे लाइन में रेल ट्रेक पार करने के दौरान रेलवे यार्ड में शांटिंग कर रहे रेलवे वैगन के चपेट में आकर रेल कर्मी की मौत हो गयी।



घटना की सूचना पर आरपीएफ सब इंस्पेक्टर सचिन कुमार, रेलवे स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी घटनास्थल पहुंचकर रेल कर्मी की ट्रेन की चपेट में आने से हुई मौत के उपरांत इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों और उसके परिजनों को दी गयी। मामले की जांच पड़ताल में आरपीएफ की टीम जुटी हुई है। वही घटना की सूचना संबंधित रेल थाना डाल्टनगंज को दी गई जिसके बाद जीआरपी पुलिस आवश्यक जांच पड़ताल करते हुए शव को पोस्टमार्टम हेतु मेदनीनगर भेज दिया गया है। घटना के बाद रेल कर्मियों में शोक का माहौल है।

मृतक रेल कर्मी संजीव कुमार बरवाडीह रेलवे क्वार्टर में रहता था। उसकी शादी महज दो वर्ष पूर्व ही हुई थी। घटना के बाद उसके परिजन भी बरवाडीह पहुंचे जिनका रो-रोकर बुरा हाल था।

# नये आपराधिक कानून पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के कैलेंडर के अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा द्वारा पैरा लीगल वॉलिंटियर्स एवं एलएडीसीएस के अधिवक्ताओं को डालसा कांफ्रेंस हॉल में 01 जुलाई 2024 से लागू किये जा रहे भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के विभिन्न प्रावधानों की चर्चा कर मौजूद प्रतिभागियों को नये कानून से अवगत कराया गया। प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने बतलाया कि कानून की जानकारी नहीं होना कभी भी अपराध की सजा को कम नहीं करता है। भारतीय न्याय संहिता जो भारतीय दंड संहिता का स्थान लेगी उसमें कुल 358 धाराएं रखी गयी हैं। जबकि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता जो सीआरपीसी का स्थान लेगी उसमें 531 धाराएं हैं। जबकि भारतीय




साक्ष्य अधिनियम में कुल 170 धाराएं हैं।

नये कानून में पुराने प्रावधानों को रखते हुए फॉरेंसिक जांच एवं अरेस्ट इत्यादि को लेकर नये प्रावधानों को जोड़ा गया है। इसी प्रकार 144, 145 दप्रस के मुकदमे जो एसडीओ कोर्ट में चलते हैं उसकी नयी धाराएं 163 व 164 होगी। इसी प्रकार मृत्यु दंड के प्रचलित धारा 302 अब नये कानून में धारा 103 के रूप में जानी जायेगी। 307 जो हत्या के प्रयास से संबंधित है को नये कानून में 109 धारा के रूप में जानी जायेगी। 498 ए की धारा जो महिला उत्पीड़न से संबंधित है कि नयी धारा 85 होगी । जबकि 376 जो बलात्कार से संबंधित धारा है कि नयी धारा 64 होगी। दहेज मृत्यु की धारा जो पूर्व में 304 बी होती थी की नयी धारा 80 के रूप में जानी जायेगी। प्रशिक्षणार्थियों को क्रिमिनल केस के अनुसंधान, ट्रायल, और किस तरह केस जजमेंट तक पहुंचता है इसकी जानकारी दी गयी। जिसे मुख्य रूप से अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी राज कल्याण ने लोगों को बताया। इसी प्रकार सिविल वादों में किस प्रकार दीवानी अदालतें काम करती हैं। इसकी जानकारी वरीय सिविल जज अर्चना कुमारी ने दिया। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा राजेंद्र बहादुर पाल सपत्नीक, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री सुभाष, जिला जज अरविंद कुमार एवं अन्य न्यायिक अधिकारियों ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

नये कानून की जानकारी को लेकर उत्सुकता इस कदर थी कि न्यायिक अधिकारियों के परिवार भी इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए। पीएलवीयों ने उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों का भी उल्लेख किया। सत्र को संबोधित करते हुए पीडीजे सह डालसा अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल ने कहा कि पीएलवी के मेहनत के कारण ही विधिक सेवा प्राधिकार के कार्य संपादित हो पाते हैं। उनके द्वारा बहुत कार्य किये जा रहे हैं । उनके वेतनमान इत्यादि के बढ़ोतरी की बात झालसा एवं नालसा के संज्ञान में है जिसका जल्द ही कुछ उपाय निकाला जायेगा।

## रामनवमी पूजा कमेटी के अध्यक्ष बने ओमप्रकाश



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के ग्राम बभंडीह मे रविवार को तिरंगा क्लब के द्वारा रामनवमी पूजा को लेकर बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता ओमप्रकाश राम ने की। वही बैठक मे पुरानी पूजा कमिटी को भंग करते हुए नयी रामनवमी पूजा संचालन कमिटी की गठन किया गया। रामनवमी पूजा को धूमधाम, शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने का संकल्प लिया गया। बैठक मे नव कमेटी का गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष ओमप्रकाश राम चुने गये। वही उपाध्यक्ष उपेंद्र यादव, अमित सेन, सचिव पवन चौधरी, उपसचिव रोहित रंजन, विशाल सोनी, गोविंद सोनी एवं भीम पासवान, कोषाध्यक्ष अमित कुमार, उप कोषाध्यक्ष कुमार सावन, रोहित, रंजन और रितेश कुमार चुने गये।

## श्रीराम समिति का चुनाव, आकाश बने अध्यक्ष



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जय श्रीराम समिति की बैठक सदर प्रखंड के मन्हो पंचायत में आकाश राम की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में पुरानी कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें सर्व समिति से संरक्षक नवीन लाल सहदेव, विवेक लाल सहदेव, विश्वजीत लाल सहदेव, अध्यक्ष आकाश राम, महामंत्री जितेंद्र राम, कोषाध्यक्ष रवि शंकर राम, सह कोषाध्यक्ष पवन कुमार पाठक, उपाध्यक्ष नीलेश तिग्गा, अभिषेक पाठक, बुद्धेश्वर राम, संगठन महामंत्री कोलंबस राम, संगठन मंत्री अंकित कुमार सिंह, अमरेश राम, अविनाश उरांव, मीडिया प्रभारी छोटू राम, संपर्क अभियान प्रमुख मोहन उरांव, दिनोज राम को बनाया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष आकाश राम ने कहा जय श्री राम समिति के कार्यों के प्रेरणा स्रोत ही हम समिति से जुड़े। आज पंचायत अध्यक्ष बनने पर मुझे गर्व है और मैं पूरे सनातन समाज को एकजुट करने को प्रयासरत रहूंगा। मौके पर जिला संरक्षक अजय सोनी, जिला संचालन समिति सदस्य प्रदीप साहू, विक्की कसेरा, नगर अध्यक्ष व सदर प्रखंड संचालन समिति सदस्य दीपक साहू, मोहित तिग्गा, राजेश उरांव समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# डीसी, एसपी, डीडीसी ने किया सलगी पंचायत में स्थित बूथों का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुडू / लोहरदगा।** आगामी लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही लोहरदगा जिला और पुलिस प्रशासन पूरी तरह से पार्दर्शिता के साथ चुनाव को संपन्न कराए जाने हेतु तैयारियां तेज कर दी है। इधर इसी निमित रविवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां व उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत के द्वारा कुडू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पच्छिमी क्षेत्र के ग्राम पंचायत सलगी अंतर्गत विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराए जाने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से कमर कस ली



है। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन मतदाताओं को बूथ तक पहुंच पथ, पेयजल एवं अन्य सुविधाओं को शत-प्रतिशत बहाल कराए जाने हेतु मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर पूरी स्थिति वस्तु का मुआयना किया गया। डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि लोहरदगा जिला में लोकसभा चुनाव हेतु जिला प्रशासन की ओर से अधिकारियों और कर्मियों को लगातार प्रशिक्षण व चुनाव संबंधी बारिकियों से अवगत कराया जा रहा है, जिससे चुनाव को सरल तरीके से संपन्न कराने में किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराए जाने को लेकर प्रयुक्त संख्या में अधिकारियों और सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी। इस बीच उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां व डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत के द्वारा सलगी पंचायत अंतर्गत स्थित बूथों का निरीक्षण कर पूरी स्थिति वस्तु का जायजा लिया गया।

## आचार संहिता लगते ही राजनेताओं की हटने लगी तस्वीर

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव को लेकर शनिवार को निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी करते ही राजनेताओं की तस्वीर हटने लगी है। लोकसभा चुनाव में किसी भी तरह का कोई भी पार्टी का फोटो या घोषणा से संबंधित फोटो व तस्वीर है। उसे हटाने के लिए प्रखंड प्रशासन सजग हो गया है। देश में लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता की अधिसूचना जारी होते ही भंडरा के चौक-चौराहों में मुख्यमंत्री के लगे होल्डिंग को उतार दिया गया। साथ ही जनसंपर्क विभाग द्वारा योजना से संबंधित लोगों को जागरूक कर रहे जागरूकता वैन से भी मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का फोटो को हटाया गया। सीओ दुर्गा कुमार ने कहा कि आचार संहिता का उलंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

# जेपीएससी प्रश्न पत्र लीक मामले पर कानूनी कार्रवाई हो : आजसू पार्टी




आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जेपीएससी संयुक्त सिविल सेवा की परीक्षा का आज प्रश्न पत्र लीक होने का मामला जामताड़ा,चतरा सहित अन्य स्थानों से सामने आ रहा है, जिस पर छात्रों ने जमकर हंगामा भी किया हैं। इस मुद्दे को लेकर आजसू पार्टी के पूर्व केंद्रीय सचिव कवलजीत सिंह ने सरकार से मांग की है कि प्रश्न पत्र लीक मामले पर ठोस एवं उचित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कहीं ना कहीं यह मामला सरकारी तंत्र की विफलता एवं सरकार की विफलता को दशार्ता है। छात्रों के भविष्य के साथ इस तरह का खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सरकार को दोषीवारो को जेल की सलाखों के पीछे भेजने का काम करना चाहिये।

## 'होली पर्व की शुरुआत पिता-पुत्र की वैचारिक लड़ाई का परिणाम है'



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार चनंडीह गायत्री प्रज्ञा कुंज में अखिल विश्व गायत्री परिवार का होली मिलन समारोह हुआ। गायत्री परिवार के समन्वयक दिलेश्वर यादव ने बताया कि होली बाप बेटा की वैचारिक लड़ाई है। भक्त प्रहलाद समाजसेवी भक्त, संस्कार शिष्टाचार ज्ञानवान सभी को सम्मानित करने वाला भक्त प्रहलाद की जय जयकार हुआ। रितेश कुमार कि ने बताया कि गायत्री परिवार का उपदेश है। शक्तिपीठ के माध्यम से नशा मुक्ति, मुंडन संस्कार 16 संस्कार करने का काम किया जाता है। इस मंदिर के परिवाचक कौशल शर्मा, बलराम सिह, रितेश कुमार निकु, दिलेश्वर यादव, बबन पासवान, अरविंद पाण्डेय, संदीप प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

# मतदाता जागरूकता रैली में मतदान प्रतिशत बढ़ाने का लिया संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** आगामी लोक सभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर रविवार को प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में सेविका के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। जिसमें मुख्य रूप से आंगनबाड़ी सेविका सहायिका शामिल हुई। इसमें लोकतंत्र का सम्मान करेंगे निर्भय होकर मतदान करेंगे आदि नारे लगाये यह रैली आंगनबाड़ी से निकल कर अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगो को मतदान के लोगो को प्रेरित किया । साथ ही कर्मियों ने मतदाता को जागरूक करने और पूर्व की तुलना में अधिक मतदान कराने का संकल्प लिया। सीडीपीओ नंदी रानी ने बताया कि लोगों को जागरूक




होकर मतदान करना चाहिये, क्योंकि यह लोकतंत्र का सबसे बड़ा महापर्व है। अधिक मतदान करके ही देश में मजबूत लोकतंत्र बनाया जा सकता है। बिना किसी डर के स्वतंत्र रूप से मतदाताओं को मतदान करना चाहिए ताकि बेहतर सरकार का निर्माण हो सके। जो समाज के सरोकार के प्रति उत्तरदायी हो। इस मौके पर सहित भारी संख्या में आंगनबाड़ी सेविका सहायिका मौजूद थीं।

# जल-नल योजना के क्रियान्वयन में बरती जा रही है अनियमितता

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल-नल योजना के क्रियान्वयन में भारी अनियमितता बरती जा रही है। संवेदक ग्रामीणों के विरोध के बाद भी पुराने बोरिंग में समरसेबल लगा कर योजना शुरू कर रहे है। इससे ग्रामीणों में काफी नाराजगी है। जबकि कई जगह तो मानक के अनुसार बोरिंग भी नहीं किया गया है। भंडरा प्रखंड के गडरापो पंचायत अंतर्गत धनमुंजी गांव में आर ए कंस्ट्रक्शन कर्मियों द्वारा पुराना ड्राई हो चुकें है हैंडपंप के बोरिंग में मशीन लगाया गया है। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों द्वारा पुराने हैंडपंप के बोरिंग मशीन लगाने का भी विरोध किया गया



है।इसके बाद भी संवेदक द्वारा मशीन लगा दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि धनामुजी बस्ती का हैंडपंप ड्राई है। यहां मशीन लगाकर जल-नल योजना की खानापूर्ति करने का प्रयास ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है।

# केएन त्रिपाठी को चतरा लोकसभा से टिकट देने की मांग की गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**मनिका/ लातेहार।** मनिका प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष राज किशोर सिंह के अध्यक्षता में बैठक किया गया। मौके पर बैठक कर यह मांग किया गया की चतरा लोकसभा से लोकल प्रत्याशी पूर्वमंत्री केएन त्रिपाठी को चतरा लोकसभा से प्रत्याशी बनाया जाये क्योंकि अपने मंत्री काल में सरजू एक्शन प्लान से लेकर तमाम कामों को करवाने में सफल साबित हुए थे साथ ही स्थानीय प्रत्याशी का भी मांग पूरा होता है क्योंकि मनिका विधानसभा के मनिका प्रखंड के रांकीकला पंचायत के रांकीकला गांव के रहने वाले हैं।गांव में भी इनका काफी लोकप्रियता है इसलिए चतरा लोकसभा के हित के लिए केएन त्रिपाठी को चतरा लोकसभा का प्रत्याशी बनाना चाहिए।

## जय श्री राम समिति ने रक्तदान किया



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जय श्रीराम समिति ने अस्पताल में इलाजरत एक मरिज को ब्लड देकर मदद की। जानकारी के अनुसार बदला निवासी स्वर्गीय नारायण रवानी की पत्नी शांति देवी सदर अस्पताल लोहरदगा में इलाजरत थी। डॉक्टर ने खून की कमी बतायी। परिवार के लोग काफी परेशान जय श्रीराम समिति से संपर्क किया। समिति के तत्काल पहल पर समिति सदस्य कुंदन कुमार ने एक यूनिट ब्लड देकर मानवता का परिचय दिया। जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो ने कहा समिति अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करती है। हमेशा प्रयास रहती है की कोई भी मरिज ना छूटे। आगे भी समिति हमेशा प्रयासरत रहेगी। मौके पर जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो, संजय रवानी आदि लोग मौजूद थे।

## योगी सेना हिंदू संगठन की सदस्यता ली




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** रविवार को योगी सेना लोहरदगा जिला इकाई का हिंदू नव वर्ष होली मिलन समारोह का आयोजन आकाश यादव की अगुवाई में बाबा अखिलेश्वर धाम मंदिर में हुई। समारोह में सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी। वही चालू सदस्यता अभियान के तहत सैकड़ो लोगो ने योगी सेना की सदस्यता ग्रहण किया। सभी राम भक्तों ने प्रण लिया लव जिहाद गौ तस्करी धर्मांतरण को जड़ से खत्म करेगी। मौके पर प्रवीण ठाकुर, अंकित वर्मा, अमित साहू, बबलू यादव, अभिषेक राज, आर्यन सिंह, रवि उरांव, संजीत कुमार साहू, सौरव लाल नाथ सहादेव, श्रीकांत कुमार साहू, नमित यादव, मैनी उरांव, विवेक कुमार यादव, आकाश कुमार यादव, आनंद कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में योगी सेना के सदस्य मौजूद थे।

# आदिवासियों ने श्रमदान से सरना स्थल का निर्माण और घेराबंदी की, हुआ उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** रविवार को लोहरदगा सदर प्रखंड अंतर्गत ग्राम भटखिजरी खास स्थित जतरा मैदान के समीप भटखिजरी आदिवासियों द्वारा श्रमदान करके नवनिर्माण घेराबंदी सरना स्थल का हुआ शिलान्यास। इसका सहयोग भटखिजरी सरना पूजा समिति द्वारा उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इसका उद्घाटन समारोह की अगुवाई सरना पूजा समिति अध्यक्ष सुकेन्द्र उरांव के द्वारा की गई। सरना स्थल का उद्घाटन स्थानीय पहान बिगुल



पहान, राजेश पहान, पूजार-सुकरा उरांव, बिरसा उरांव और महतो - हरिराम महतो के कर कमलों से आदिवासी सरना रीति रिवाजों पराम्परागत से सरना पूजा पाठ व झण्डा गड़ी कार्यक्रम किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि भटखिजरी मुखिया मनिषा भेनी कुजूर, पूर्व मुखिया दिलीप उरांव व विशेष अतिथि लोहरदगा राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति के धर्म गुरु फूलकेश्वर उरांव, राष्ट्रीय महासचिव सह सलाहकार जलेश्वर उरांव, अध्यक्ष सोमदेव उरांव उपस्थित थे। उपस्थित सभी अतिथियों को आदिवासी गमछा देकर सम्मानित किया गया। भटखिजरी सरना पूजा समिति के अध्यक्ष सुकेन्द्र उरांव ने बताया कि आगामी 29 मार्च को भटखिजरी ग्राम में प्रकृति पर्व सरहुल पूजा मनाया जाएगा। कार्यक्रम में आदिवासी गाना पर रंगारंग सांस्कृतिक बच्चों व महिलाओं द्वारा भजन किया गया। इसका उद्घाटन समिति अध्यक्ष सुरेन्द्र उरांव, सचिव राजेश उरांव, कोषाध्यक्ष प्रकाश उरांव और संरक्षक दिलीप उरांव के द्वारा किया संचालन किया गया।

# पत्रकार के साथ डीएसपी के अंगरक्षकों ने की बदसलूकी

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा के पत्रकार राजीव कुमार उरांव इंदिरा गांधी चौक एनएच 75 सीएचसी के समीप आजीविका हेतु चाय की दुकान लगाते हैं। उनके द्वारा बताया गया कि शनिवार रात्रि करीब साढ़े 11 बजे 2 वाहन रुके, जिसमें 1 बोलेरो 1 स्कॉर्पियो रुकी, जिससे करीब 8 से 10 लोग उतरते हैं। पास के एक किराने की दुकान के बाहर रखे नमक की बोरी के पास पेशाब करने लगते हैं। राजीव द्वारा मना करने पर शराब के नशे में लोगों ने मार पीट की, फिर कप में



रखे गर्म चाय चेहरे पर फेंक दिया और राजीव कुमार को चंदवा थाना ले जाकर दो घंटे हाजत में बंद रखा। थाने से निकलने के बाद राजीव कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में अपना उपचार कराया। उक्त बातें पत्रकार राजीव कुमार उरांव ने कहीं है।

# लापता व्यक्ति का शव 12 दिनों बाद बरामद



आजाद सिपाही संवाददाता

**जारी।** जारी थाना अंतर्गत जरडा पंचायत स्थित गोरियाडिप्पा गांव के गढ़गढ़  ताला में 12 दिन से लापता छत्तीसगढ़ राज्य के मनोरा थाना क्षेत्र लुखी निवासी बिलियन कवर उर्म 40 वर्ष की सड़ा गल्ला लाश जारी थाना ने बरामद किया है। वही मृतक की उसकी पत्नी रजनी कवर ने बताया कि मेरा पति पिछले 12 दिनों से लापता था। जिसका गमशुदगी का मामला 12 तारीख को डुमरी थाने में आवेदन देकर किया गया था। साथ हमलोगों के द्वारा भी खोजबिन की जा रही थी। वही गांव के बच्चों के द्वार देखा गया कि कोई ब्यक्ति मरा पड़ा हुआ है। इसकी जानकारी बच्चों ने ग्रामीणों को दिया। वही उनके परिजनों के द्वार जारी थाने में मामले की जानकारी दिया गया। जानकारी मिलते ही जारी थानेदार आदित्य कुमार ने दल बल के साथ घटना स्थल पहुच कर मामले की जानकारी की। साथ ही शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया गया। वही बताते चले कि मृतक के दोनों हाथ नही है। ग्रामीणों को अनुसार मृतक के दोनों हाथों को किसी जंगली जानवरों ने गायब कर दिया है।

# भाजपा नगर मंडल ने शहरी क्षेत्र से 12 हजार मत से लीड लेने का लिया संकल्प

**नगर क्षेत्र के 38 बूथों पर भाजपा के विजयी होने की तैयार करें रणनीति : श्रीचंद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** नगर के 38 बूथों पर भाजपा कैसे बढ़त हासिल करे इसकी रणनीति बनाना हमारा पहला लक्ष्य होना चाहिए। वोटर कैसे घर से बाहर निकल कर बूथों तक पहुंचें और वह वोट भाजपा के लिए कैसे श्योर हो, इस बात की तैयारी ही हमारे प्रत्याशी को विजय दिला सकती है। उक्त बातें गुमला विधानसभा प्रभारी श्रीचंद प्रजापति ने कहीं।

रविवार को भाजपा नगर मंडल की बैठक में नगरीय कार्यकर्ताओं को एक बैठक में संबोधित कर रहे थे। यह बैठक नगर अध्यक्ष बालकेश्वर सिंह की अध्यक्षता में स्थानीय चुनाव कार्यालय में संपन्न हुई। बताया गया कि बैठक आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बुथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन  के रुप में आयोजित की गई थी। बैठक में लोहरदगा लोकसभा प्रत्याशी समीर उरांव ने कहा कि नगर मंडल में निवास करने वाले कार्यकर्ता पुरे जिले के कार्यकताओं के दृष्टिगोचर हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ संकल्प से कोरोना जैसे महामारी से देश एवं पुरे विश्व की मदद की। मोदी का जो नारा है अबकी बार 400 पार, इसे पूरा करने के लिए आपको लोहरदगा लोकसभा की जीत सुनिश्चित करना होगा। वर्ष 2014 में मोदी सरकार ने अंत्योदय का सपना पूरा किया। समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास कार्यों को पहुंचाने काम किया है। शताब्दी वर्ष 2047 तक देश स्वावलंबी हो इस दिशा में कार्य हो रहा है। नगर मंडल  से 12 हजार मत से लीड का संकल्प लेकर जाएं। बैठक में गुमला जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद  साहु, नगर मंडल  प्रभारी संजय सिंह, शिवशंकर उरांव, बिनोद कुमार, एस टी मोर्चा राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य एडवर्ड सोरेन, संजय सिंह, सविन्दर सिंह, अनुपचंद्र अधिकारी, भूपन साहु, सत्यनारायण पटेल, निर्मल गोयल, संजय साहु, राजकुमार दीनबंधु अभय तिवारी शमीम खान,सुधीर नंद, उज्जवल मिश्रा, ललिता गुप्ता, सावित्री, अनीता सिंह , शैल मिश्रा, सुजीत नंद, पुष्पा देवी, अनूप कुमार सहित बुथ अध्यक्ष सचिव स्तरीय कार्यकर्ता मौजूद थे।

# शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई जेपीएससी की परीक्षा

**जिले के 14 परीक्षा केंद्र में कुल 5697 अभ्यर्थी के विरुद्ध 4384 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जेपीएससी द्वारा आयोजित झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा रविवार को शांतिपूर्ण संपन्न हुई। इस दौरान सभी परीक्षा केंद्रों की वीडियोग्राफी कराई गई। इसके अलावा  परीक्षा केंद्र से 100 मीटर के दायरे में धारा 144 लगाई गई थी। सभी परीक्षा केंद्र में दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई थी। जिले के 14 परीक्षा केंद्र में कुल 5697 अभ्यर्थी के विरुद्ध 4384 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जबकि 1313 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने भी कई केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान परीक्षा केंद्र के आस पास भी सन्नाटा रहा। दो पाली में परीक्षा हुई। शहर के सभी 14 परीक्षा केंद्रों में एक - एक वरीय दंडाधिकारी, दंडाधिकारी, पर्यवेक्षक सह स्टैटिक दंडाधिकरी, पुलिस पदाधिकारी और सशस्त्र बल के जवानों की प्रतिनियुक्ति की गयी थी। गश्ती और उड़नदस्ता दल के द्वारा भी नियमित रुप से परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान कंट्रोल रुम में भी दंडाधिकारी की प्रतिनुयक्ति की गयी थी।

# जायसवाल समाज के होली मिलन समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** प्रखंड अन्तर्गत जीता पतरा के समीप जायसवाल समाज का होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर अध्यक्ष शिवप्रसाद जायसवाल ने कहा कि होली मिलन समारोह आपसी स्नेह का संगम है। हर पर्व त्योहार में इसी तरह मिलना जुलना एक दूसरे की सहभागिता बनाना है। समाज को प्रखंड से राष्ट्रीय स्तर तक ले जाना है। उन्होंने कहा कि जायसवाल समाज के गरीब लोगों के उत्थान करना ही हमारा लक्ष्य होगा। शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है, जो समाज में पिछड़े हुए हैं उन्हें अगली पंक्ति में लाने की जरूरत है। हर कोई समाज के लिए जागरूक रहे और संगठित होकर हर काम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।  इसी में समाज की प्रगति और उत्थान संभव है।



सुनील जायसवाल ने कहा की समाज शिक्षित है संगठित है लेकिन समाज को हर पहलू से सुसंगठित करने की जरूरत है। इस अवसर पर वन बिहारी भगत ने कहा कि कई दशक पूर्व जायसवाल समाज का कमेटी गठन हुआ था। सिसई, गुमला, भरनो, बसिया सहित कई प्रखंडों के जायसवाल समाज एकजुट थे। पिछले कई वर्षों से इस पर पहल नहीं हुआ था। अब एकजुट होकर सभी को समाज के प्रति समर्पित भावना से काम करने की जरूरत है। समारोह  में समाज के वरिष्ठ और पत्रकारों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस समारोह में कमेटी का विस्तार किया गया जिसमें अध्यक्ष शिवप्रसाद जायसवाल, उपाध्यक्ष दिलीप जायसवाल, सह सचिव अरविंद जायसवाल, संगठन सचिव पंचम जायसवाल, वसंत जायसवाल, किशोर जायसवाल चुने गये। वहीं नवयुवक संघ का भी गठन किया जिसमें सुभाष जायसवाल, अंशुल जायसवाल, अजय जायसवाल, विनय जायसवाल, विकास जायसवाल, नितिन जायसवाल, राजकुमार जायसवाल  सहित भारी संख्या में जायसवाल समाज के महिला-पुरूष उपस्थित थे।

# होली मिलन समारोह आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**केरसई।** केरसई थाना में होली त्यौहार को लेकर होली मिलन समारोह सह शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। मौके पर थाना प्रभारी नवीन कुमार ने कहा कि केरसई का इतिहास शांतिपूर्ण रहा है हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शांतिपूर्ण होली का त्योहार मनाना है किसी भी तरह का जोर जबरदस्ती लोगों को नहीं करना है शराब पूर्णतयः प्रतिबंध रहेगी, आपसी भाईचारा के साथ होली का त्योहार मनाना है युवा वर्ग हुड़दंग से बचें। रवि गुप्ता ने कहा कि केरसई का गौरवपूर्ण इतिहास के अनुरूप होली का त्यौहार मनेगा सभी जाति धर्म के लोग आपसी भाईचारा के साथ होली का त्यौहार मनाते हैं इस बार भी मनाएंगे किसी भी तरह के अफवाह पर लोग ध्यान ना दें और कोई भी घटना दुर्घटना होने पर प्रशासन को सूचना दें। मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रेमा बड़ा, मुखिया मनुएवल एका ब्लासियूस खेस, प्रणव कुमार, बासेन मुखिया सत्या देवी, मुखिया मुंश खेस, अरविंद कुमार, राजेश कुमार, संभु प्रसाद, उपेंद्र कुमार, बसारत अंसारी, जेफ्रीन केरकेट्टा, शंकर साहू सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# रसोइया संयोजिका अध्यक्ष संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थगित

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में  रविवार को झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका अध्यक्ष संघ  की बैठक आयोजित की गयी । प्रदेश अध्यक्ष  अजित प्रजापति एवं मायावती देवी ने संयुक्त रूप से बैठक की अध्यक्षता की । बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार रसोईया संयोजिका का शोषण कर रही है इसके विरोध में 18 मार्च से आयोजित अनिश्चितकालीन हड़ताल को आस्थगित करते हुए चुनाव के बाद रणनीति बनाई जाएगी। मंच का संचालन जिला सचिव  संध्या देवी ने कहां की 18 मार्च  से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर पूरे राज्य  का  था। वर्तमान में आम चुनाव आचार संहिता लागू  है। इसे  देखते हुए हड़ताल को



स्थापित किया गया। चुनाव के बाद प्रदेश कमेटी बैठक बुलाकर अगले रणनीति आंदोलन की रणनीति  तैयार किया जाएगा। हमारी मांग जो लंबी समय से चल रही है। लेकिन हमारी मांग पर सरकार ने पूरा नहीं किया न राज्य सरकार  चंपई सोरेन। हमारी मांग धरी की धरी रह गई। इस कारण लोकसभा चुनाव में संघ ने निर्णय लिया है कि नोटा बटन का 25000 परिवार प्रयोग करेंगे। सदस्यता अभियान चला कर सभी छुटे हुए रसोइया संयोजिका अध्यक्ष को जोड़ा जायगा। बैठक में मंजू तिर्की, निलमनी तोपनो, अशिशन कूलु, मालती देवी, माईकेल खेश समेत सैकड़ों कि संख्या में रसोइया संयोजिका अध्यक्ष शामिल थे।

# एनजीओ ने बच्चों को कराया थाना का भ्रमण



आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** प्रखंड के केमताटोली स्थित एनजीओ संकल्प आदिवासी विकास की पहल की ओर से 159 बच्चो को  बसिया थाना का भ्रमण कराया गया। ये सभी बच्चे बसिया एवं कामडारा प्रखंड के 12 राजस्व गांव के बच्चे थे जिन्हें थाना के मुंशी अजय कुमार के द्वारा पूरा थाना परिसर एवं भवनों का भ्रमण कराया गया और उन्हें पुलिस की कार्यप्रणाली से अवगत कराते हुए सड़क सुरक्षा, नशापान के दुष्प्रभाव, आइएएस आइपीएस परीक्षा पैटर्न के संबंध में बताया गया। मौके पर मौजूद बसिया थाना प्रभारी पुनीत मिंज द्वारा सभी बच्चो को मोटिवेट करते हुए उन्हें सफलता का मंत्र दिया गया।थाना प्रभारी  द्वारा सभी बच्चो को अपना लक्ष्य निर्धारित कर ईमानदारी और मेहनत के साथ पढ़ाइ करने की बात कहते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया गया। इस मौके पर एसआइ संजय मुंडा, मोहन सिंह, बनइ मुखिया एमलेन कुल्लू, अमित बघवार, फेलिक्स भुइयां, सिस्टर प्रेमा समेत एनजीओ के सिस्टर समेत शिक्षकगण उपस्थित थे।

# बेटी को जहर खिला कर मां ने भी खुद खाया, बेटी की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड के गुमला जिले के कामडारा में एक मां ने पहले बेटी को जहर खिलाया फिर खुद भी जहर खा लिया। इससे बेटी की मौत हो गयी, जबकि मां का इलाज चल रहा है। जहर खाने के बाद महिला ने पुणे में काम करने गये अपने पति को फोन कर घटना की जानकारी दी।

कामडारा पुलिस ने रविवार को उरूगुटू गांव निवासी गंगी कोंगाड़ी की चार वर्षीय पुत्री सृष्टि कोंगाड़ी के शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया।

**चार साल की बेटी की मौत:** जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के उरूगुटू गांव निवासी गंगी कोंगाड़ी तोरपा शहर में किराये पर रहती थी और बच्ची भी पढ़ती थी। शनिवार को वह शाम में तोरपा से उरूगुटू आयी थी। देर रात को गंगी



कोंगाड़ी द्वारा अपने चार वर्षीय बच्ची सृष्टि कुमारी को कीटनाशक खिला दी और खुद भी कीटनाशक खा ली। इसके बाद उसने अपने पति जीवन कोंगाड़ी को मोबाइल से सूचना दी। तब तक दोनों की हालत गंभीर हो गयी थी।

ग्रामीणों ने दोनों को कामडारा अस्पताल लाकर भर्ती कराया, जहां दोनों को रेफरल अस्पताल बसिया रेफर कर दिया गया।

बच्ची की रेफरल अस्पताल बसिया मे इलाज के दौरान मौत हो गयी। महिला की नाजुक स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया गया, जहां महिला इलाजरत है।

## ऑटो पलटने से महिला की मौत, तीन घायल एक रिम्स रेफर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला जिले के भरनो थाना क्षेत्र के डाड़केशा बांध के पास ऑटो पलट गया. ऑटो पलट कर सड़क से 20 फीट नीचे जा गिरा। इससे ऑटो में सवार सिंगरौली गांव निवासी सीतामुनी देवी ( 60 वर्ष) की मौत हो गयी, जबकि ड्राइवर मदन उरांव, पत्नी जूलिया उरांव, साली प्रमिला उरांव घायल हैं। स्थानीय लोगों के सहयोग से सीएचसी में भर्ती कराया गय, जहां इनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार सिंगरौली गांव से मदन उरांव अपने ऑटो में पत्नी जुलिया उरांव, साली प्रमिला उरांव व मृतक को लेकर अपने ससुराल सिसई प्रखंड के बुड़का गांव मेहमानी जा रहा था। ऑटो में प्रमिला उरांव की 9 साल की बेटी और 8 माह का बेटा भी था, परंतु उन्हें खरोंच भी नहीं आयी। मृतक की बेटी भी बुड़का गांव में रहती है।

# चैती दुर्गा पूजा को लेकर हुई बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** प्रखंड के कलिगा में आगामी 9 अप्रैल से शुरू होने वाले चैती दुर्गा पूजा को लेकर चैती दुर्गा पूजा समिति के द्वारा कलिगा हनुमान अखाड़ा में दिलीप कुमार मिश्रा के अध्यक्षता में बैठक रखी गयी।  बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैती दुर्गा पूजा बड़े ही धूमधाम से मनाने एवं प्रथम पूजा को भव्य कलश यात्रा निकालकर विभिन्न कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। इस बैठक में मुख्य रूप से शरद राम पासवान, सुनील साहू, विनोद महतो समेत स्थानीय ग्रामीण एवं कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

# बेरोजगार युवाओं के लिए वरदान है मधुमक्खी पालन: महेंद्र भगत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र गुमला विकास भारती बिशनपुर के द्वारा सात दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन 15 मार्च से शुरू किया गया। इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कर रहे संयुक्त सचिव विकास भारती महेंद्र भगत ने कहा कि विकास भारती अपनी शुरूआत काल से ही पर्यावरण के प्रति काफी सजग रहा है। साथ ही साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए किसानों को प्रेरित करते रहा है। उन्होंने बताया कि विकास भारती के साथ कृषि विज्ञान केंद्र जुड़ने से वैज्ञानिक तरीके से मधुमक्खी पालन की शुरूआत की गयी। जिस जिले में काफी युवा



मधुमक्खी पालन से जोड़कर अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। आगे बताया कि मधुमक्खी पालन पर्यावरण के लिए एक वरदान है क इस कार्यक्रम में डॉ संजय कुमार वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान ने इस प्रशिक्षण सत्र के अंतर्गत किसानों को संबोधित करते हुए कहा यहां पर शिक्षक राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहर मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मधुमक्खी पालन के द्वारा हमारी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सकती है। साथ ही साथ एक रोजगार का साधन भी प्राप्त हो सकता है बस आवश्यकता है कि हमें वैज्ञानिक ढंग से  मधुमक्खी पालन करके लाखों की आमदनी प्राप्त कर सकते हैं इसे हम एक प्रकार से प्रकृति का वरदान भी कह सकते हैं। डॉक्टर संजय कुमार ने बताया कि इस जिले में प्रथम मधुमक्खी शहद जांच केंद्र की स्थापना आने वाले दिनों में की जायेगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अटल बिहारी तिवारी वैज्ञानिक पादप सुरक्षा ने बताया कि मधुमक्खी पालन के द्वारा जहां हमें शहर प्राप्त होती है वही विभिन्न फसलों के उत्पादन में 25 से 40 प्रतिशत तक उत्पादन में वृद्धि भी पायी जाती है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत गुमला जिले के विभिन्न प्रखंडों रायडीह गुमला चैनपुर बसिया सिसई घाघरा बिशनपुर के 50 किसान भाग ले रहे हैं।

# देश की अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेजी से विकसित हो रही है : गवर्नर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि हमारे देश की अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। इसका लक्ष्य विकसित भारत 2047 हासिल करना है। वर्तमान में हमारे देश की अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। राज्यपाल रविवार को रांची के गोस्सनर कॉलेज में रांची चैप्टर ऑफ



कॉस्ट एकाउंटेंट की ओर से कॉस्ट एकाउंटेंट द फोर्स बिहाइंड इंडिया मर्जेंस एस थर्ड लार्जेस्ट इकोनॉमी विषय पर आयोजित वार्षिक सामारोह .2024 में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया का गौरवशाली इतिहास रहा है। इसके 90 हजार सदस्य हैं और पांच लाख विद्यार्थी हैं। इन विद्यार्थियों पर देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने की अहम जिम्मेदारी है।

राज्यपाल ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में सीए का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश खनिज संपदा से परिपूर्ण है, लेकिन हम नीचे से दूसरे पायदान पर है। झारखंड राज्य के आर्थिक विकास के लिए हमारे सीए गंभीरतापूर्वक चर्चा करें। उन्होंने कहा कि जीएसटी के सफल कार्यान्वयन में भी सीए की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। साथ ही कहा कि सीए का क्षेत्र व्यापक है। कर संग्रह में उनकी भूमिका अहम है। उन्होंने कहा कि प्रसन्नता का विषय है हमारे देश में करदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है।

## अपील : जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

# आदर्श आचार संहिता का पालन करने में जनप्रतिनिधि करें सहयोग : शशि रंजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन ने रविवार को समाहरणालय सभागार में लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि शनिवार को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की तारीखों की घोषणा के पश्चात ही पलामू जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। ऐसे में इसका अनुपालन आवश्यक है।


पदाधिकारियों के साथ बैठक करते जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन।

उन्होंने कहा कि 24 घंटे के भीतर सभी सरकारी कार्यालयों व परिसरों से दीवार लेखन, पोस्टर्स बैनर्स आदि को हटाना अनिवार्य है। इसके साथ ही 48 घंटे के भीतर अन्य सार्वजनिक स्थानों जैसे रेलवे स्टेशन बस अड्डे आदि स्थानों से भी राजनीतिक पोस्टर बैनर झंडा कटआउट वगैरह को भी हटाया जाना है। उन्होंने बताया कि इस अवधि के दौरान आधिकारिक वाहनों के दुरुपयोग पर पूर्ण रूप से बैन रहेगा। इसके अलावे उन्होंने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को प्रचार सामग्रियों के अनुमोदन के लिए मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी से अनुमति लेने के प्रावधानों से भी अवगत कराया। उपरोक्त के अतिरिक्त प्रतिनिधियों को आयोग की विस्तृत गाइडलाइन तथा विभिन्न प्रकार के अनुमतियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। इसके साथ ही चुनावी खर्च को लेकर विभागीय निर्देश की जानकारी दी गयी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि से कहा की भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए सभी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित रूप से हो,इसके लिए सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल को दिशा-निर्देश का पालन करना अतिआवश्यक है। उन्होंने कहा की कोई भी अभ्यर्थी अधिकतम चुनाव प्रचार में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 95 लाख राशि खर्च कर सकता है। व्यय लेखा का संधारण प्रत्येक अभ्यर्थी को कराना होगा और उन्हें समय-समय पर जिला द्वारा निर्धारित तिथि को अपने व्यय लेखा की जांच करानी होती है,वे अनिवार्य रूप से अपने व्यय लेखा की जांच निर्धारित तिथि में कराना सुनिश्चित करेंगे। कहा कि 50 हजार से ज्यादा नकद लेकर आवागमन की स्थिति में उसकी स्क्रुटनी की जाएगी। बिना अनुमति के कोई भी रैली या रोड शो पर प्रतिबंध रहेगा। मौके पर डीडीसी रवि आनंद, मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन, आदर्श आचार संहिता के नोडल पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी, भाजपा, कांग्रेस, झामुमो, आजसू और बहुजनसमाज पार्टी के प्रतिनिधियों समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## होली को लेकर शांति समिति की बैठक



**मनातू/पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर शनिवार को शांति समिति की बैठक की गई। जिसमें शराब का सेवन करने वालों व शराब का धंधा करने वालों के विरुद्ध सख्त रहने की बात कही गई। पुलिस पदाधिकारियों ने इसके लिए आमलोगों से सहयोग करने की बात कही। मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने कहा गया कि होली का पर्व महान पर्व है। इसमें लोग एक दूसरे को रंग व गुलाल का प्रयोग कर के खुशी मानते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी शराब का सेवन करते पकड़ा गया तो जेल भेज दिया जाएगा। होली के दिन प्रशासन द्वारा शांति व्यवस्था बनाने के लिए पूर्ण व्यवस्था की गई है। किसी प्रकार की कहीं कोई गलत घटना या अपराध ना हो इसकी उचित व्यवस्था की गई है। शांति समिति की बैठक के समाप्त होते ही रंग गुलाल के साथ होली मिलन समारोह मनाया गया। जिसमें सभी लोगों ने एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाया। बैठक में 20 सूत्री अध्यक्ष उमेश प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष सिना यादव, बीगू साहू,अयोध्या साहू, वीरु यादव शशि कुमार और श्रवण यादव आदि थे।

# आदर्श आचार संहिता लागू होते ही हटाये जाने लगे राजनीतिक दलों के बैनर-पोस्टर

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** मुख्य चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की घोषणा करते ही पूरे देश में अचार संहिता शनिवार से लागू हो गई है। ऐसे में हरिहरगंज नगर पंचायत प्रशासन भी बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स हटाने में जुट गई है। प्रभारी बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी कुमार अरविन्द बेदिया के निर्देश पर नाजीर प्रितम प्रफुल



एक्का और सामुदायिक संगठन कर्ता विचित्रा कुमारी ने रविवार से हरिहरगंज शहर के मेन रोड किनारे लगे बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स को हटाने का कार्य शुरू कर दिया है। प्रभारी बीडीओ कुमार अरविन्द बेदिया ने बताया कि बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स हटाने का कार्य तेजी से चल रहा है। साथ ही सभी राजनैतिक दलों से भी आग्रह किया है कि यदि उनके बैनर और पोस्टर कहीं लगा है तो उसे तत्काल हटा लें।

# बच्चों में संस्कार के साथ ही गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा जरूरी है : रवींद्र सिंह

**आरसी पब्लिक स्कूल का मना वार्षिकोत्सव समारोह**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के सुदुरवर्ती ग्राम पंचायत कोशी अंतर्गत खैरा गांव में आरसी पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य दिलीप कुमार पाल व मंच संचालन उसी गांव के पारा सहायक शिक्षक बैजनाथ पासवान ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा के वरिष्ठ नेता रविंद्र सिंह उर्फ बबलू सिंह, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक रामकेश्वर भगत, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय



प्रसाद गुप्ता आदि ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रवींद्र सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद शहर से 15 किलोमीटर दूर सुदुरवर्ती गांव के बच्चों को शिक्षा देना बहुत पुण्य का कार्य हैं। इस स्कूल के संचालित करने वाले शिक्षक व सहयोगकार्त सभी धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक परिवेश में बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी जरूरी है। वहीं, स्कूली बच्चों ने नृत्य व गीत के माध्यम से आये हुए अतिथियों को स्वागत किया। साथ ही एक से बढ़कर एक नृत्य और संगीत को पेश कर सबका मनमोह लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता ने दर्जनों वृद्ध व प्रबुद्ध और समाजसेवी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर मनोज कुमार सिंह, पंसस रीता देवी, रणविजय सिंह, कृपा नाथ पाठक, अरुण कुमार, रंजीत कुमार सिंह, सुष्मिता कुमारी, निशु कुमारी, सीमा कुमारी, संगीत कुमारी, कंचन कुमारी सहित भारी संख्या ग्रामीण मौजूद थे।

## होली को लेकर कथारा ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक, डीजे व नशापान पर रोक

**कथारा (आजाद सिपाही)।** होली पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर कथारा ओपी में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता ओपी प्रभारी जितेश कुमार ने की। इस दौरान ओपी प्रभारी ने कहा कि होली के त्योहार पर शांति बनाए रखने की आवश्यकता है। पर्व इस प्रकार मनाएं की किसी की भावना आहत ना हो। उन्होंने अपेक्षा जाहिर की कि उपस्थित सभी प्रबुद्ध जन प्रशासन को सहयोग करेंगे। साथ ही सभी से आग्रह करते हुए कहा कि पर्व को लोग आपस में भाईचारे का संबंध बनाकर मनाएं। किसी प्रकार का हो हल्ला, शोर शराबा एवं अप्रिय घटना को रोकने का पूरा प्रयास करें। खासकर उक्त अवसर पर डीजे एवं नशा पान पर अनावश्यक विवाद करने की स्थिति उत्पन्न ना करें। उन्होंने कहा कि आप सभी से अपील है। साथ ही यह उम्मीद है आप हमें इस कार्य में निश्चित रूप से सहयोग करेंगे। उक्त अवसर पर नव प्रोन्नत पुलिस अवर निरीक्षक संतोष सरदार, सहायक अवर निरीक्षक गुप्तेश्वर पांडेय, थाना मुंशी इंदर पासवान, कथारा पंचायत की मुखिया पूनम देवी, पंचायत समिति सदस्या निभा देवी, झामुमो नेता शमशुल हक, समाजसेवी प्रदीप यादव, जाबिर आलम, डॉ. सर्जन चौधरी, मथुरा सिंह यादव, पूर्व मुखिया मो. मुस्ताक, मुर्शीद अली, बबलू यादव, विजय यादव, राजेश कुमार पांडेय, गोबिंद यादव, गोपाल यादव, रामचंद्र यादव, बिनोद यादव आदि की उपस्थिति थे।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल क्षेत्र के मोहम्मदगंज थाना अंतर्गत गाजीबिहरा गांव निवासी दीपक सिंह की 32 वर्षीय पत्नी पूजा देवी का शव पुलिस ने संदिग्ध स्थिति में बरामद किया है। बताया जा रहा कि घर में ही पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली है। जबकि मायके पक्ष ने आशंका व्यक्त किया है कि पूजा की गला दबा कर हत्या करने के बाद उसे फंखे से लटका दिया गया है। मृतका हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के कचरा गांव निवासी दिनेश सिंह की पुत्री थी। मोहम्मद गंज पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टण रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों पा पता चल सकेगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### उत्पाद विभाग की छापामारी, एक हजार किलो जावा महुआ और 25 लीटर अवैध शराब जब्त



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर उत्पाद विभाग द्वारा जिले के नवाबाजार थाना क्षेत्र के कंडा इलाके में छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान उत्पाद विभाग की टीम ने एक हजार किलोग्राम जावा महुआ व 25 लीटर अवैध महुआ शराब को जब्त किया। हालांकि, इस अवैध कारोबार में संलिप्त भजु प्रजापति फरार पाये गये। समाचार लिखे जाने तक छापामारी जारी है। इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि उपायुक्त के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव व होली के दृष्टिगत इस तरह का छापामारी अभियान लगातार जारी रहेगा।

### बकाया खाद्यान्न के लिए जायेंगे न्यायालय



**उंटारी रोड/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत डेवडर बिंदुआ के ग्रामीणों को अगस्त, सितंबर और अक्टूबर महीने का खाद्यान्न नहीं मिला है जिससे नाराज ग्रामीणों ने न्यायालय का रुख करने का मन बना लिया है। जानकारी के अनुसार करकटा के जनवितरण प्रणाली उजाला समूह द्वारा लाभुकों को तीन माह का राशन वितरण नहीं किया गया था। हालांकि मामला प्रकाश में आने के बाद संबंधित पीडीएस संचालक को निलंबित कर बकाया खद्यान्न की रिकवरी कर नजदीकी डीलर को प्राप्त करा दिया गया है। ग्रामिणों ने बताया कि संबंधित पदाधिकारियों की लापारवाही के कारण रिकवरी किया हुआ राशन वितरण नहीं किया जा रहा है। अगर जल्द राशन वितरण नहीं किया गया तो हम सभी ग्रामीण बाध्य हो कर न्यायालय का रुख करेंगे और संबंधित पदाधिकारी के खिलाफ याचिका दायर करेंगे। मौके पर सकीना बीवी, सरीफन बीवी, सैरून बीवी, हसीना बीवी, सहाना बीवी, असमा बीवी, संजय राम, मुचू राम, तपेसर राम, प्रगाश राम, लालती कुंवर, तेतरी कुंवर, पप्पू राम, सुनारपति देवी, सुषमा देवी, बंधु राम, मुखदेव राम, कोशीला कुंवर, सीता देवी सहित दर्जनों ग्रामीणों बताया कि हम सभी खेती पर ही निर्भर रहते है सुखा पड़ने की वजह से सरकारी राशन ही एक मात्र सहारा है वक्त रहते खाद्यान्न नहीं मिला तो हम सभी न्यायालय के शरण में जायेंगे और भूख हड़ताल करेंगे। वहीं डीलर भरोसा राम ने बताया कि तीन माह के बकाया 82 क्विंटल खाद्यान्न प्राप्त हुआ है पदाधिकारियों के आदेश के बाद वितरण करेंगे, वहीं इस सम्बंध में जानकारी हेतु प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी के फोन पर संपर्क करने के बाद बोले कि ऑफ लाइन नहीं वितरण किया जाएगा जब तक मशीन काम नहीं करेगा तब तक वितरण नहीं किया जाऐगा।

### ट्रैफिक प्रभारी से मिला विद्यार्थी परिषद का प्रतिनिधि, विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विद्यार्थी परिषद की ओर से नवनियुक्त ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद का स्वागत नगर मंत्री रामाशंकर पासवान की अध्यक्षता में किया गया। उक्त अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नितीश दुबे ने बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नवनियुक्त ट्रैफिक प्रभारी सभी जन समस्याओं का समाधान करेंगे एवं सभी ट्रैफिक नियमों का पालन कुशलतापूर्वक आम आवाम से करवाएंगे। नवनियुक्त ट्रैफिक प्रभारी ने आम लोगों से आग्रह किया है कि वाहन चलाते समय सभी ट्रैफिक नियमों का पालन करें एवं अपने एवं अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करें। उक्त अवसर पर परिषद के राष्ट्रीय प्रादेशिक विश्वविद्यालय सहसंयोजक विनीत पांडे,जिला सोशल मीडिया प्रमुख राजन कश्यप, जिला कला संयोजक अंकित लाल, गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय कॉलेज उपाध्यक्ष कौशल मिश्रा,कार्यालय मंत्री उत्कर्ष तिवारी, मनीष पांडेय आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



झारखंड एडवोकेट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला अवेंजर टीम और इंडियन एसोसिएशन के बीच हुआ। जिसमें इंडिया एसोसिएशन ऑफ लायर्ड ने 14 रनों से मुकबला जीत लिया।

## झारखंड एडवोकेट क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 का समापन, खिलाड़ी हुए सम्मानित

# अवेंजर को हरा इंडिया एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स बना चैंपियन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड अधिवक्ता मंच रांची के तत्वावधान में आयोजित झारखंड क्रिकेट एडवोकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच का उद्घाटन झारखंड अधिवक्ता मंच के संस्थापक संरक्षक राजकुमार साहू ने किया। रविवार को झारखंड एडवोकेट क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला सेमी फाइनल झारखंड हाई कोर्ट एवं अवेंजर टीम के साथ हुई जिसमें अवेंजर टीम ने पहला सेमीफाइनल मैच 7 विकेट से जीत लिया। वहीं, दूसरा सेमीफइनल फाइनल मैच केदार साहू एसोसिएट की टीम एवं इंडियन एसोसिएशन आफ लॉयर



के बीच रहा, जिसमें इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स ने दूसरा सेमीफाइनल मैच 40 रनों से जीता। इसी बीच महिला अधिवक्ताओ का एग्जीबिशन मैच हुआ जिसमें क्वीन बी एवं गैलेक्सी गर्ल्स के बीच हुआ जिसमें क्वीन बी की टीम ने मैच जीत लिया। झारखंड एडवोकेट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच अवेंजर टीम एवं इंडियन एसोसिएशन का लॉयर्स के बीच हुई जिसमें इंडिया एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स 14 रन ने फाइनल मैच जीत लिया। टूर्नामेंट में खेले गए सभी मैच के बेस्ट प्लेयर को मैन ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया। साथ ही टूर्नामेंट मैच के बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बॉलर, बेस्ट फील्डर, मैच ऑफ द टूनामेंट से खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रमेश सिंह, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य, (प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ता ) ने भी खिलाड़ियों को सम्मानित किया । झारखंडी अधिवक्ता मंच के संस्थापक श्री राजकुमार साहू, अधिवक्ता मंच के अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार, झारखंड नागरिक परिषद के अध्यक्ष श्री उत्तम कुमार, शैलेश सिंह, अमरनाथ चौधरी, आशीष कुमार, मुकेश केसरी, बबलू सिंह, मनीष कुमार, ज्योति आनंद, श्री पुरुषोत्तम साहू, विजय सिंह, नीरज कुमार प्रशांत कुमार बंदिश कुमार ज्योति आनंद , सोनू कुमार, केदार साहू आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

# मोरहाबादी मैदान में अहिंसा रन 31 मार्च को, पंजीकरण शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑगेर्नाइजेशन (जीतो) संस्था की ओर से 31 मार्च को मोरहाबादी मैदान में अहिंसा रन का आयोजन किया जा रहा है। रन सुबह 5.30 बजे से प्रारंभ होगी। इस अहिंसा रन के लिए पंजीकरण का प्रारंभ हो गया है। संस्था की अध्यक्ष प्रियंका पाटनी, सरोज पांड्या ,कुणाल जैन, देवेश जैन, अनंत जैन एवं खेल संयोजक सोनम पटोदी इस आयोजन को सफल बनाने में जोर शोर से लगे हुए है। टीम के सदस्य विभिन्न संस्थाओं से संपर्क कर कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दे रहे हैं। इसे लेकर संस्था का एक प्रतिनिधिमंडल सदर अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार, एडीएम राजेश्वरनाथ आलोक से मिलकर उन्हें रन में शामिल होने का निमंत्रण दिया। अहिंसा रन को लेकर उन्होनें प्रशासन की ओर से मिलने वाली व्यवस्था को उपलब्ध कराने की बात कही। अध्यक्ष ने बताया कि अहिंसा रन झारखंड ओलिंपिक एसोसिएशन कर देख रेख में हो रहा है। अहिंसा रन में शामिल होने वाले प्रतिभागियों के लिए तीन तरह के दायरे तय किये गये है। इसमें 10 किलोमीटर की दौड़ में महिला और पुरूषों के लिए प्रथम स्थान को 21 हजार, द्वितीय को 15 हजार और तृतीय स्थान पाने वाले को 11 हजार रुपये पुरस्कार दिये जायेंगे। वहीं पांच किलोमीटर दौड़ के लिए प्रथम 11 हजार, द्वितीय 7100 और तृतीय को पांच हजार रुपये मिलेंगे। इसके अलावा 45 वर्ष से उपर के महिला-पुरुष प्रतिभागियों में 10 किलो मीटर दौड़ में प्रथम स्थान को 21 हजार, द्वितीय को 15 हजार और तृतीय स्थान पाने वाले को 11 हजार रुपये, जबकि तीन किलो मीटर दौड़ में प्रथम स्थान को 7100 रुपये पुरस्कार दिया जाएगा।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 18 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in



# बालू के अवैध उत्खनन व भंडारण से फूल रहा दामोदर नदी का दम

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** धनबाद-बोकारो मुख्यमार्ग को जोड़ने वाले ओवरब्रिज के बीच स्थित तेलमोचो, दामोदर नदी से बालू तस्कर मशीनों से नदी का सीना चीर रहे हैं। इस कारोबार से जुड़े तस्कर एनजीटी के सभी नियमों को ताख पर रखकर नदी की धारा को मोड़ने में लगे हैं। इनके इस कृत्य से दामोदर नदी का अस्तित्व ही खतरे में पड़ा दिख रहा है। यही नहीं, घाटों से बड़े पैमाने पर बालू निकासी के बाद उसे तेलमोचो स्थित ग्राम रक्षादल से हीरक जाने वाली सड़क पर कुंजी, नागदा एवं भाटडीह के करीब सड़क के आस-पास अवैध रूप से भंडारण कर दूसरी जगहों पर आपूर्ति की जा रही है। इसके अलावे धनबाद, बोकारो मुख्यमार्ग के आसपास भी बालू का भंडारण किया जा रहा हैं। न तो खनन विभाग और ना ही पुलिस प्रशासन इस अवैध भंडारण पर अंकुश लगा पा रही है।





अवैध खनन को लेकर सरकार के मंसूबों पर प्रशासन की उदासीनता काफी भारी पड़ रही है। बालू माफियाओं से खनन विभाग और स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से बालू का काला कारोबार खूब फलफूल रहा है। इसके अलावे तस्करी के लिए कुख्यात ढोंगा घाट, तेलमोचो घाट, नगदा घाट, कुंजी घाट, भाटडीह घाट से उठाव कर माफियाओं द्वारा रात-दिन ट्रैक्टरों व हाइवा से बालू लाया जा रहा है। इसके बाद जगह जगह सड़क के किनारे गिराई जा रही है। सरकार और प्रशासन बालू के अवैध खनन और धंधे को रोकने में विफल साबित हो रही है। इधर, लगातार अवैध कारोबारियों का दबदबा बढ़ता जा रहा है। माफियाओं द्वारा आक्रमकता दिखाई जा रही है। महुदा थाना क्षेत्र कई बार बालू के अवैध धंधे को लेकर टकराव की बड़ी घटना को झेल चूका है। पूर्व के दिनों में मारपीट, हथियार लहराने और चलाने की घटना घट चुकी है। पुलिस-प्रशासन द्वारा लगातार बालू लदे ओवर लोड हायवा और ट्रैक्टर पकड़े जाने की कार्रवाई के बावजूद इस धंधे पर रोक नहीं लग पा रहा। खुलेआम अवैध बालू का धंधा हो रहा है। हाइवे पर यह साफ देखा जा सकता है कि कुछ लोग बालू लदे वाहन को पास कराने के लिए लाइन देते हैं कि अभी पुलिस नहीं है वाहन निकाल लो। बड़े पैमाने पर अवैध कारोबार के बीच आम लोग परेशान हैं। बालू सरकार की ओर से तय मूल्य से दो से तीन गुणा ऊंची दर पर बेची जा रही है। कोई सुधि लेने वाला नहीं है। माफिया मजे से अपना काम कर निकल जाते हैं।

## अधिकारी खामोश, गरीबों को घर बनाना हुआ मुश्किल

खनन विभाग और पुलिस मुख्यालय के कड़े निर्देश के बावजूद अवैध बालू खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है। सूत्रों की मानें तो आधा दर्जन से अधिक अवैध बालू घाट क्षेत्र में चल रहे हैं। लोग लगातार परेशान हो रहे हैं। उनकी शिकायत पर खनन विभाग, जिला पुलिस ने सभी थानाध्यक्षों और अंचलाधिकारीयों को जांच कर कड़ी कार्रवाई का निर्देश भी दिया है। इसके बावजूद इसका कोइ असर अवैध बालू कारोबार पर पड़ता नहीं दिख रहा है। लोगों के बीच चर्चा है कि कथित तौर पर इस कारोबार में किसी बड़े नेता का संरक्षण प्राप्त है। बता दें कि अगर प्रशासन कार्रवाई करती है तो बड़े मामले का खुलासा हो सकता है। इसमें कई बड़े सफेदपोश के भी नाम आ सकते हैं। महुदा में कई जगहों पर अवैध बालू भंडारण पर खनन विभाग व पुलिस मौन।बालू माफिया दामोदर नदी से जमकर बालू का अवैध उत्खनन करवा रहे हैं। ताकि बारिश के समय बालू की उत्खनन में नाकाम रहे तो अवैध बालू का अकूत भंडारण से उच्ची कीमतों पर बेचा जा सकेगा। भंडार की खबर के बावजूद भी बालू के भंडारण स्थल पर पुलिस या खनन अधिकारीयों द्वारा छापा नहीं मारा जाता हैं, बल्कि उनके द्वारा सड़क या बालू लाते एका-दुका ट्रेक्टर को पकड़ कर छापामारी की कॉलम को पूरा करते हैं, नतीजतन स्थानीय प्रशासन और खनन विभाग के पदाधिकारियों पर अंगुलियां उठना शुरू हो चुका हैं।

## बालू भंडारण का नियम

नियम के तहत यदि कोई व्यक्ति बालू का भंडारण कर उसे बेच रहा है तो इसके लिए उसे विभाग की वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन करना होगा। यह बताना होगा कि किस स्थान पर भंडारण करेगा, किस पट्टा धारक से बालू खरीदेगा, कितने घनमीटर बालू का भंडारण करेगा। शासनादेश के मुताबिक 100 घनमीटर तक बालू डंप का कोई लाइसेंस नहीं होता। जबकि इससे ऊपर भंडारण किए जाने पर लाइसेंस की जरूरत पड़ती है। इसके बावजूद मानक से अधिक बालू का भंडारण जगह-जगह हो रहा है। वहीं विभागीय अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## बैट्री चोरी के आरोपी को भेजा गया जेल



**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** चिरकुंडा के सरसापहाड़ी स्थित श्रम कल्याण केंद्र के पास खड़े ट्रक से बैट्री चोरी के मामले में चिरकुंडा पुलिस ने नदी धौड़ा निवासी विशाल कुमार रजक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने ट्रक संख्या जेएच 10 बीके 2202 से चोरी हुए बैट्री को भी बरामद कर लिया है। जानकारी हो कि राज किशोर प्रसाद के ट्रक से 14 मार्च की देर रात चोरों ने बैट्री की चोरी कर ली थी। इसके बाद राज किशोर प्रसाद द्वारा दिए गए लिखित शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बैट्री के साथ चोर को धर दबोचा।

## जेपीएससी पीटी परीक्षा में उपस्थिति से अनुपस्थित अभ्यर्थियों की संख्या अधिक

**बोकारो आजाद सिपाही।** झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 में रविवार को बोकारो जिले के विभिन्न प्रखंडों में बनाएं गएं 59 परीक्षा केंद्रों में कुल 27,569 परीक्षार्थी शामिल होने थे। लेकिन प्रथम पाली में 08,531 परीक्षार्थी ही शामिल हुए जबकि 19,038 अनुपस्थित रहें। इसी तरह दूसरी पाली में 8,514 परीक्षार्थी ही शामिल हुए, जबकि 19,055 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें।

## रामरतन स्कूल में आयोजित जेपीएससी परीक्षा में 168 में से शामिल हुए महज 33 परीक्षार्थी



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाह)।** झारखंड लोकसेवा आयोग की जेपीएससी प्रारंभिक परीक्षा रविवार को संपन्न हुई। फुसरो में रामरतन उच्च विद्यालय में शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संचालित हुई। जहां 168 परीक्षार्थियों में से मात्र 33 परीक्षार्थी ही परीक्षा देने पहुंचे। कम परीक्षार्थी होने के कारण जल्दबाजी में परीक्षा लिया जाना बताया गया। जहां बिना रिजेक्शन लिस्ट जारी किए ही सीधा एडमिट कार्ड डाउनलोड करने का नोटिफिकेशन आ गया था। परीक्षाथियों ने बताया की एडमिट कार्ड डाउनलोड करने में भी बहुत दिक्कत आ रही थी। किसी तरह एडमिट कार्ड डाउनलोड हो भी जा रहा था तो उसमें गड़बड़ी नजर आ रही थी। परीक्षाथियों ने कहा कि इस सेंटर में अधिकतर दूसरे राज्य के ही परीक्षाथियों का सेंटर पड़ा है। हो सकता ही एडमिट कार्ड में गड़बड़ी या फिर यातायात की सुविधा उपलब्ध न हो सकी होगी इस कारण परीक्षार्थी काम आए है।

**नाराजगी :** दूसरी पाली की परीक्षा का किया बहिष्कार, पुलिस तैनात

# धनबाद में जेपीएसपी का प्रश्न पत्र लीक होने का आरोप, चार पकड़ाये

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** शहर के सरायढेला थाना अंतर्गत कार्मिक नगर स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में रविवार की दोपहर जेपीएससी के छात्रों ने जमकर हंगामा किया। यही नहीं, प्रश्नपत्र लीक होने का आरोप गाते हुए आक्रोशित छात्रों ने दूसरी पाली के परीक्षा का ही बहिष्कार कर दिया है। जानकारी के मुताबिक दिल्ली पब्लिक स्कूल में परीक्षार्थियों ने स्कूल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कुछ परीक्षार्थी स्कूल के अंदर ही थे। छात्रों के पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वह अंदर से निकले ही नहीं है। इसी को लेकर परीक्षार्थियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। वहीं परीक्षार्थियों ने जमकर हंगामा किया जिसे जिला प्रशासन ने पुलिस बल के सहयोग से शांत कराया। इस दौरान हंगामा करने वाले चार युवकों को पुलिस ने हिरासत में लिया और थाने ले गयी। मामले की जानकारी मिलने पर सरायढेला पुलिस, एडीएम लॉ एंड आर्डर, डीएसपी लॉ एंड आर्डर, समेत कई पुलिस बल मौके पर मौजूद है और परीक्षार्थियों को समझने का प्रयास कर रहे हैं।



हंगामा कर रहे विद्याथियों की समझाती पुलिस।

## बसंत मेला में मिथिला महिला समिति का स्टॉल भी रहा आकर्षण का केंद्र



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** स्टील प्लांट के सौजन्य से नगर के सेक्टर-5 स्थित पुस्तकालय मैदान में आयोजित दो दिवसीय बसंत मेला का रविवार की देर शाम समापन हुआ। मेले में बोकारो स्टील प्लांट के विभिन्न विभागों के अलावा महिला समिति बोकारो, जन-सम्पर्क विभाग, मिथिला महिला समिति सहित अन्य सरकारी व स्वयंसेवी संगठनों, महिला उद्यमियों के स्टॉल लगाये गये थे। प्रतिष्ठित सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद, बोकारो की इकाई मिथिला महिला समिति का स्टॉल भी बसंत मेला में आकर्षण का केंद्र रही। यहां मिथिला पेटिंग सहित अन्य कलाकृतियां लोगों को आकर्षित कर रही थीं। साथ ही यहां समिति की ओर से उपलब्ध कराये गये विभिन्न प्रकार के खान-पान भी लोगों को पसंद आ रहे थे। आयोजन में मिथिला महिला समिति की अध्यक्ष सीमा झा, सांस्कृतिक सचिव बीनू चौधरी सहित किरण मिश्रा, अमिता झा, नमिता झा, आशा झा, प्रेरणा ओझा, रुचि प्रेरणा, मधु ठाकुर, मधुबाला झा, वंदना झा, गुड़िया झा, विनीता राय, बबीता झा आदि की सक्रिय भूमिका रही। मेले में खाने-पीने के लिए विभिन्न प्रकार के भारतीय व्यंजनों के स्टॉल भी लगाये गये थे, जिसमें मॉडर्न पंडित कैफे, कोजी स्वीट्स, हंस रिजेन्सी आदि स्टॉलों पर खूब भीड़ जुटी। मेले में गीत-संगीत, नृत्य के मनोहारी कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। बच्चों-बड़ों ने भी मेला में विभिन्न प्रकार के झूले का आनंद लिया।

# लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही हटाये गये राजनीतिक दलों के बैनर-पोस्टर, होर्डिंग

आजाद सिपाही संवाददाता

**एग्यारकुंड।** लोकसभा चुनाव का अधिसूचना जारी होते ही चिरकुंडा नगर परिषद की ओर से क्षेत्र में लगे राजनितिक दलों के पोस्टर, होर्डिंग, बैनर आदि को हटाना रविवार से प्रारंभ कर दिया गया है। इसकि जानकारी देते हुए सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने बताया कि नगर परिषद कार्यालय के आसपास व नेहरू रोड किनारे लगे राजनितिक दलों के बैनर, होर्डिंग, पोस्टर आदि को हटाया गया। यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होने कहा कि जिन राजनितिक दलों के नेताओं को पोस्टर, बैनर, होर्डिंग आदि लगाने को ले स्वीकृति लेनी है।वे सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह एग्यारकुंड बीडीओ से अनुमति ले सकते हैं। मौके पर सुपरवाइजर अनिल साव, ओंकारनाथ श्रीवास्तव, चिन्मय बनर्जी,अमर दास, बैजू साव, अनुप कुमार आदि उपस्थित थे।




## आरटीआइ के नाम से लोगों को ब्लैकमेल करते हैं जगत महतो : सुनील प्रजापति



**महुदा (आजाद सिपाही)।** बाघमारा प्रखंड के पूर्व बीडीओ सुनील कुमार प्रजापति ने सामाजिक कार्यकर्ता जगत महतो द्वारा लगाये गये सभी आरोपों को झूठा, बेबुनियादी और तथ्यहीन करार दिया। साथ ही आरोप लगाया कि जगत महतो आरटीआई के नाम से लोगों को ब्लैकमेल करते हैं। बताया कि आवास की पूरी धनराशि लाभुकों के खातों में जाती हैं। आवास बनाने की जिम्मेदारी लाभुकों की हैं। उनका काम जमीन उपलब्ध कराना है। पूर्व बीडियो ने कहा कि जगत महतो अपने मन ही मन कुछ भी निर्णय कर लेते हैं, जबकि आवास के लिए भूमिहिनो को मुफ्त में सरकार की ओर से भूमि दी जाती हैं। जिसके बाद लाभुक घर बनाना शुरू करते हैं। इसमें कोई ठेकेदारी, ठेका नहीं, सीधे लाभुकों के खाते में राशि भेजी जाती हैं। आवास बनाने की जिम्मेदारी लाभुकों की हैं, समय पर निर्माण नहीं करने पर सरकार की ओर से चिठ्ठी आई, उसपर हमने संज्ञान भी लिया। बावजूद इसके जगत महतो झूठे आरोप लगाते रहते हैं। पता नहीं इसमें उसकी क्या मंशा हैं। वे पूर्व में भी सीओ और डीसी का पुतला दहन कर चुके हैं। गौरतलब हो कि विगत सोमवार को बाघमारा बीडीओ डॉ सुषमा आनंद के आदेश पर पंचायत सचिव सतेंद्र ठाकुर ने आरटीआई एक्ट के तहत सामाजिक कार्यकर्ता जगत महतो को सिनीडीह पंचायत में बने पीएम आवास का निरीक्षण कराया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में जगत महतो ने पूर्व बीडीओ पर प्रधानमंत्री द्वारा भूमिहीन गरीबों को समर्पित पीएम आवास में घोर अनियमितता एवं भारी गड़बड़ी करने का गंभीर आरोप लगाते हुए जांच का विषय करार दिया था।

## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में 100 मरीजों की हुई जांच



**कतरास (आजाद सिपाही)।** बाघमारा अंचल चित्रगुप्त महापरिवार ट्रस्ट की ओर से रविवार को कतरास के डॉ राजेन्द्र प्रसाद सेवा संस्थान (राजेंद्र क्लब) में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 100 मरीजों के नेत्र की जांच की गई। इससे पहले चित्रगुप्त महापरिवार की ओर से डॉक्टरों की टीम को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। एएसजी आई अस्पताल धनबाद की ओर से आये डॉक्टरों की टीम में डॉ सत्यम श्रीवास्तव, डॉ संजय कुमार एवं डॉ अमित कुमार शामिल थे। डॉ संजय कुमार रजक ने बताया कि जिन मरीजों के नेत्र की जांच करवायी जा रही है और जिन आयुष्मान कार्डधारी मरीजों में मोतियाबिंद आदि के लक्षण पाए जा रहे हैं। उनको धनबाद एएसजी अस्पताल में निःशुल्क जांच एवं निःशुल्क ऑपरेशन, दवा व चश्मा आदि दिया जाएगा। वहीं, शिविर को सफल बनाने में शिक्षाविद मोहन प्रसाद लाला, बिजय कुमार सिन्हा, धनंजय श्रीवास्तव, पंकज सिन्हा, देवेंद्र सिन्हा, अमित सिन्हा, कृष्ण कुमार सिन्हा(किशु लाला), विक्की लाला, कबीर रंजन, मुकेश सिन्हा, शैलेन्द्र सिन्हा, शशि सिन्हा, मनोज लाला, भरत प्रसाद लाला, प्रियांक सिन्हा, अरविंद सिन्हा आदि की भूमिका रही।

# तालाब में नहाने के दौरान डूबने से दो बच्चे की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के माथाडीह गांव में शनिवार की शाम तालाब में नहाने गये दो बच्चे की तालाब में डूबने से मौत हो गयी। उनकी पहचान माथाडीह गांव निवासी टिंकू पंडित के आठ वर्षीय पुत्र मुकेश पंडित और उमा पंडित के पांच वर्षीय पुत्र पियुष पंडित के रूप में हुई। दोनों बच्चे आपस में चचेरे भाई थे। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। मृतक मुकेश के पिता टिंकू पंडित ने बताया कि दोनों बच्चे घर के बगल में स्थित नाई की दुकान में बाल कटवाने गये थे। बाल कटवाने के बाद दोनों शनिवार की शाम करीब चार बजे घर के बगल में ही स्थित कदमा आहर में स्नान करने चले गए थे। इसी क्रम में दोनों का पैर फिसल गया और गहरे पानी में चले गए, जिससे डूबने से उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा कि मृतक बच्चे की मां भी उसी तालाब में नहाने पहुंची तो देखा कि दोनों बच्चे डूब रहे हैं। उन्होंने बच्चे को डूबता देख शोर मचाना शुरू किया। बच्चे की मां की शोर सुन आस पास के ग्रामीण वहां पहुंचे और दोनों बच्चों को पानी में डूबते देखा। ग्रामीण उन बच्चों को बचाने तालाब में कूदे, काफी मशक्कत के बाद दोनों को तालाब से बाहर निकाला। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। तालाब के गहरे पानी मे डूबने से दोनों बच्चे की मौत हो चुकी थी। इस हृदय विदारक घटना के बाद पूरे माथाडीह गांव का माहौल गमगीन हो गया। वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। वहीं देर रात परिजन द्वारा दोनों बच्चों का अंतिम संस्कार कर दिया।



## बंद स्ट्रीट लाइट को चालू करने की मांग

**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** धनबाद नगर निगम की ओर से सिंदरी अंचल के वार्ड नंबर 53 गौशला बाजार में लगाया गया स्ट्रीट लाइट अब शोभा की वस्तु बन गई है। करोड़ रुपए के लागत से लगाए गए स्ट्रीट लाइट खराब पड़े हैं। गौशला मुख्य पथ पर जाने वाला मार्ग में लगे दर्जनो स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी है। अंधेरा होने के कारण वहां आसामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। मेन रोड पर मयूर गेट से चेक पोस्ट अंबेदकर गोलमबर से कुवर सिंह चौक आदि स्थानों में लगे स्ट्रीट लाइट भी खराब पड़े है। स्थानीय लोगों ने जल्द उसे दुरुस्त करने की मांग की है।

## लगी घर में आग, लाखों के सामान जले

**कथारा (आजाद सिपाही)।** कथारा ओपी क्षेत्र के बांध बस्ती निवासी महिला सीसीएल कर्मी के घर में रविवार की सुबह अचानक आग लग गई। जिसमें नगदी सहित लाखों रुपए के आभूषण व कीमती कपड़े आदि जलकर खाक हो गये। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पता चला है कि बेटे की शादी को लेकर महिला कर्मी ने नगदी एवं कीमती सामान घर में रखे थे। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह कथारा कोलियरी में कार्यरत महिला कर्मी लोचनी देवी के बांध बस्ती स्थित घर में अचानक आग लग गई। देखते-देखते घर में रखा सामान आग के लपटों में जलने लगा, घबराहट में पड़ोसियों ने इसकी तत्काल सूचना कथारा ओपी प्रभारी जितेश कुमार को दी। ओपी प्रभारी ने इसकी सूचना डीवीसी बोकारो थर्मल स्थित अग्निशमन विभाग को दी। लेकिन राहत कार्य शुरू करने से पूर्व ही पूरा सामान जल गया।

# जयराम महतो ने किया गिरिडीह लोस से चुनाव लड़ने का एलान

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा से उम्मीदवार यूथ सेंसेशन जयराम महतो गिरिडीह लोकसभा सीट चुनाव लड़ने और जीतने का दावा किये हैं। फुसरो बाजार में पैदल चहलकदमी के दौरान पत्रकारों द्वारा उनसे सवाल पूछे जाने पर वे गिरिडीह लोस सीट से चुनाव जीतने को लेकर आश्वस्त दिखे। कहा कि जेबीकेएसएस के उम्मीदवार गिरिडीह के साथ धनबाद, हजारीबाग, चतरा, दुमका, सिंहभूम, रांची आदि लोकसभा केंद्रों पर चुनाव लड़ेंगें। कहा कि पहली बार चुनाव लड़ रहा हूं। वर्तमान सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी से सीधा सामना होगा और जनता अपना आशीर्वाद मुझे ही देगी। उन्होंने कहा कि गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के गांव-गांव में जयराम महतो की लहर है, क्योंकि वह गरीबों की आवाज बनकर आया है। कहा कि परीक्षा पत्र में गड़बड़ी हो रही है और वर्तमान सांसद मौन धारण कर लेते है। जेपीएससी फिर से पेपर लीक मामले पर उन्होंने कहा कि जब तक झारखंड की राजनीति में पढ़े-लिखे युवा नहीं आते हैं तब तक इस तरह का कार्य होता रहेगा। युवाओं को सड़क से लेकर राजनीति में आना होगा। कहा कि वर्तमान सांसद या पूर्व सांसद और राजनेता नहीं है, बल्कि ये लोग व्यवसायी है और अपनी व्यवसाय को संरक्षण देने के लिए राजनीति कर रहे हैं। बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह को लेकर कहा कि वह मुझे छोटा भाई मानते हैं और मैं उनको अपना बड़ा भाई मानता हूं। पर हम दोनों की लड़ाई वैचारिक और न्याय की है। बेरमो में बहुत अधिक प्रदूषण, पलायन और भुखमरी है इस पर वर्तमान विधायक गंभीर नहीं है। एक प्रश्न के जवाब में कहा कि गिरिडीह से जयराम महतो की जीत नहीं होगी बल्कि उन युवाओं की जीत होगी जो पैसों की कमी की वजह से राजनीति में नहीं आ पाते हैं।



आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 18 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in



## न्यूज रील्स

### इटली बोला-यूक्रेन में नाटो सैनिक भेजे तो विश्व युद्ध होगा

इटली ने चेतावनी दी है कि अगर नाटो ने अपने सैनिक यूक्रेन भेजे तो तीसरा विश्व युद्ध छिड़ जायेगा। इटली के विदेश मंत्री एंटोनियो तजानी ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि मुझे नहीं लगता है कि नाटो को अपने यूक्रेन भेजने चाहिए। अगर ऐसा हुआ तो ये बड़ी गलती होगी। हमें यूक्रेन की इतनी मदद करनी चाहिए, जिससे वो अपनी रक्षा कर सके। यूक्रेन में घुसकर रूस के खिलाफ लड़ने का मतलब तीसरे विश्व युद्ध को न्योता देना होगा। इटली के विदेश मंत्री का कमेंट उस समय आया है जब फ्रांस के राष्ट्रपति ने यूक्रेन में सैनिक उतारने की बात कही थी।

# अपराध शाखा की हिरासत में इडी के 2 फर्जी अधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** क्राइम ब्रांच की हिरासत में फर्जी इडी अधिकारी आये हैं। दोनों आरोपी ढेंकनाल दोलमंडप साही के तारिणीसेन महापात्र और ब्रह्मशंकर महापात्र हैं। शिकायत के अनुसार दोनों आरोपी भाइयों ने इडी अधिकारी बन कर 300 सरकारी अधिकारियों से लाखों रुपये ठगे। वे राज्य में और राज्य के बाहर जहां भी इडी की छापेमारी की जा रही थी, वहां पहुंच जाते थे। सरकारी अधिकारी या जिन लोगों के घरों पर इडी द्वारा छापे मारे जा रहे थे, वे गलत जांच कर रहे थे। वह उन्हें झूठे मामले दर्ज कराने की धमकी देकर उनसे पैसे वसूलता था।

छत्रपुर के उप-कलेक्टर देबदत्त महंत की शिकायत के बाद अपराध शाखा द्वारा उनकी जांच की गयी थी। वे झारखंड के रांची में रहते थे और संदेह से बचने के लिए एक एनजीओ चलाते थे।

पुलिस ने पाया है कि उसके फोन पे के माध्यम से 16 लाख रुपये से अधिक का लेन-देन किया गया था। वह पैसे लेने के बाद गलत क्लियरेंस रिपोर्ट भी देते थे। उनके पास से डेस्कटॉप, मोबाइल, बैंक पासबुक, नकली पहचान पत्र और 17 एटीएम कार्ड जब्त किये गये। एसटीएफ ने दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए राजनीतिक दलों से सहयोग मांगा




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत के चुनाव आयोग ने आज राज्य में 21 लोकसभा और 147 विधानसभाओं के लिए एक साथ आम चुनावों की तारीखों की घोषणा की। इसके साथ ही पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है। चुनाव की घोषणा के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी निकुंज बिहारी धल ने विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

श्री धल ने राज्य में शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग मांगा और आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन करने का आग्रह किया। श्री धल ने आशा व्यक्त की कि सभी राजनीतिक दल राज्य में स्वच्छ, मुक्त, निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के लिए प्रतिबद्धता दिखायेंगे।

# ओड़िशा बीजेपी उम्मीदवारों की लिस्ट तैयार

## केंद्रीय संसदीय बोर्ड के पास मुहर के लिए जल्द भेजी जायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** ओडिशा भाजपा ने प्रदेश में चुनावी तैयारी शुरू कर दी है। भाजपा की भुवनेश्वर प्रदेश कार्यालय में हुई चुनाव समिति की बैठक में संभावित उम्मीदवारों की सूची तय की गयी है। संभावित उम्मीदवारों की सूची सभी 147 विधानसभा, 21 लोकसभा के लिए निर्धारित की गयी है। संभावित उम्मीदवारों की यह सूची केंद्रीय संसदीय बोर्ड को भेजी जायेगी।

### भाजपा जारी करेगी अंतिम सूची

केंद्रीय संसदीय बोर्ड से मुहर लगने के बाद प्रदेश भाजपा अपने उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी करेगी। इसके साथ ही विकसित भारत के निर्माण में जनभागीदारी और जन-सहयोग के लिए देशवासियों को लिखे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पत्र को प्रदेश के एक करोड़ परिवारों तक पहुंचाने की योजना राज्य भाजपा ने तैयार की है। भाजपा की प्रदेश कार्यालय में वरिष्ठ नेताओं को लेकर चुनाव कमेटी की बैठक संपन्न हो गयी है। पहले राज्य कोर कमेटी की बैठक हुई। इसके बाद चुनाव कमेटी की बैठक हुई और बैठक में 2024 चुनाव पर फोकस रहा।

### चुनाव पर हुई चर्चा

चुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा कर विधानसभा एवं लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवारों की सूची तैयार किए जाने की बात सामने आयी है। बैठक में मोदी सरकार की 10 वर्ष की सफलता को घर-घर पहुंचाने, लोगों का मतामत संग्रह करने का निर्णय लिया गया है।

### भाजपा पूरे दम से चुनाव लड़ेगी : सांसद

राज्य भाजपा कार्यालय में आम चुनाव को लेकर चल रही बैठक के बीच पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा भाजपा सांसद प्रताप षाड़ंगी ने कहा है कि ओड़िशा भाजपा चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। पार्टी पूरे दम से चुनाव लड़ेगी। राज्य भाजपा कार्यालय में रविवार को वरिष्ठ नेताओं को लेकर एक बैठक हुई। इसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। चुनाव के लिए राज्य के सभी 147 विधानसभा एवं 21 लोकसभा सीट पर किसे उम्मीदवार बनाया जाए एवं किस तरह कार्यकर्ताओं को संतुष्ट रखा जाए, इस पर विस्तृत चर्चा होने की बात पता चली है।

## ओड़िशा ओलंपिक संघ को राज्य सरकार का तोहफा

# लीज पर दी बारबाटी स्टेडियम की जमीन

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** ओड़िशा ओलंपिक संघ को फिर से बारबाटी स्टेडियम की जमीन को लीज में दी गयी है। इसके चलते स्टेडियम का विकास कार्य में अब किसी भी तरह की रुकावट नहीं आयेगा। इसके द्वारा लंबे 35 साल की प्रतीक्षा का अंत हुई है। राज्य सरकार कैबिनेट में बारबाटी स्टेडियम के कुल 20 एकड़ की जमीन को हर एक एकड़ के लिए 1 रुपये के हिसाब से फिर से लीज में दिया है।

**ओलंपिक संघ को 40 साल के लिए जमीन मिली लीज पर :** ओड़िशा ओलंपिक संघ को 40 साल के लिए यह जमीन लीज में प्रदान की गयी है। ओड़िशा में खेल के विकास के लिए तथा बारबाटी स्टेडियम के विकास में यह निश्चित तौर पर उल्लेखनीय घटना है। इसके चलते ओड़िशा ओलंपिक संघ के सचिव अभिजीत पाल, ओड़िशा फुटबॉल संघ के सचिव आशीर्वाद बेहेरा, ओड़िशा क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव संजय बेहेरा प्रमुख शनिवार की शाम को आयोजित पत्रकार सम्मेलन में गण माध्यम को इसके बारे में जानकारी दी। उन्होंने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और 5टी के अध्यक्ष वीके पांडियन को धन्यवाद अर्पण किया है।

**साल 2023 में बारबारी स्टेडियम का हुआ था शिलान्यास :** बता दें कि राज्य सरकार बारबाटी स्टेडियम की जमीन को वर्ष 1950 में 1 रुपए के हिसाब से 20 एकड़ जमीन को लीज में दिया था। वर्ष 1989 में नवीकरण न होने के कारण वह लीज रद्द हो गयी थी। बाद में उसकी नवीकरण नहीं किया गया था। ओड़िशा ओलंपिक संघ की ओर से उसके लिए बार-बार प्रयास की जा रही थी, लेकिन सफलता प्राप्त नहीं हुई थी। फिर पिछले 27 फरवरी को बारबाटी स्टेडियम के नवीकरण कार्य के लिए शिलान्यास की गयी थी।

**राज्य सरकार को दिया धन्यावाद :** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक बारबाटी स्टेडियम के इतिहास को सुरक्षित रखते हुए उसे एक विश्व स्तरीय स्टेडियम में तब्दील करने के लिए घोषणा की थी और इस बीच राज्य सरकार की ओर से ओड़िशा ओलंपिक संघ को बारबाटी स्टेडियम की जमीन को फिर से लीज में दी गयी है। इसके चलते ओड़िशा ओलंपिक संघ, ओड़िशा क्रिकेट संघ ने खुशी जताते हुए राज्य सरकार को धन्यवाद अर्पण किया है।

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

# एससीबी मेडिकल में दो दलाल दबोचे गये

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** राज्य का सबसे बड़ा अस्पताल कटक एससीबी मेडिकल से दो और दलाल गिरफ्तार किये गये। मंगलाबाग थाना पुलिस दोनों दलालों को गिरफ्तार करने के पश्चात मामला दर्ज करते हुए उन्हें कोर्ट चालान कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी हैं जाजपुर जिला बरी थाना अंतर्गत रामचंद्रपुर इलाके शिव महंतो (28) और नुआपड़ा जिला खरिआर इलाके का आशीष रथ (36)। पिछले एक महीने के अंदर एससीबी मेडिकल से अब तक 12 दलालों को गिरफ्तार किया जा चुका है। शिव और आशीष एससीबी मेडिकल में पहुंचकर एक मरीज एवं उनके रिश्तेदारों को बेहला फुसला कर वहां से एक निजी अस्पताल को ले जाने के लिए योजना बना रहे थे। इसके बारे में मंगलाबाग थाना पुलिस को खबर मिली। उसके पश्चात मंगलाबाग थाना पुलिस की एक टीम एससीबी मेडिकल में छापेमारी किया और उन दोनों दलालों को दबोच लिया। उन्हें थाने में लाकर पूछताछ की गयी, तो दोनों ने उस बात को कबूल किया। बाद में उनके नाम पर मामला दर्ज करते हुए उन्हें कोर्ट चालान कर दिया गया है।

# पुल से गिरी बारातियों से भरी गाड़ी, दो की मौत, 12 घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बरात लेकर जा रही एक पिकअप वैन अनियंत्रित होकर पुल के नीचे गिर गयी। इस हादसे में दो बारातियों की मौत हो गयी, जबकि 12 अन्य बराती घायल हुए हैं। हादसा कोरापुट जिले के कुंदुरा थाना अंतर्गत खटलापदर के पास हुआ है। सभी घायलों को कुंदुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। घायलों में तीन की हालत गंभीर बतायी गयी है। सभी घाल दलपुर इलाके के रहने वाले है। पिकअप वैन कोरापुट के बैपारीगुड़ा प्रखंड के धलपुर से बरातियों को लेकर बोरीगुम्मा प्रखंड के नुआगांव को जा रही थी। जानकारी के मुताबिक 20 से अधिक बराती एक पिकअप वैन में जा रहे थे। खटलापदर ब्रिज के समीप गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और गाड़ी पुल के नीचे गिर गयी। दुर्घटना में 12 बराती घायल हो गए। सूचना मिलने के बाद स्थानीय लोग एवं दमकल की टीम मौके पर पहुंच कर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से कुंदुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां पर दो बरातियों को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। अन्य का इलाज चल रहा है।

**पुलिस ने मामला किया दर्ज :** पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घटना की जांच कर रही है। प्राथमिक जांच में पता चला है कि पिकअप वैन का चालक नशा किया हुआ था, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ है।

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M
(ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

## झारसुगुड़ा में हुआ 'शष्टीपूर्ति मैरीज इवेंट' का आयोजन

# पूरे रीति रिवाज से 50 वृद्ध जोड़ों की हुई दोबारा शादी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** रविवार को झारसुगुड़ा में झारखंड श्रीवारी सेवा संघ की झारसुगुड़ा शाखा की ओर से रेलवे कॉलोनी में स्थित राम मंदिर में शष्टीपूर्ती मैरीज इवेंट (आयुष पूजा) का आयोजन किया गया था। शष्टीपूर्ती मैरीज इवेंट यह दक्षिण भारत की एक परंपरा जैसी ही। इसमें जिन लोगों उम्र शादी के बाद 60 वर्ष या उससे अधिक होती है और उनकी फिर से पूरे रीति रिवाज के साथ शादी करायी जाती है।

**अब झारखंड श्रीवारि सेवा संघ ने शुरू की ये सेवा :** पहले इसके लिए लोगों को तिरुपति बालाजी मंदिर जा कर वहां पर शादी करनी पड़ती थी और कुछ लोग अपने परिवार के साथ घर में ही शादी की रस्म पूरी करते थे। इसमें हजारों रुपये का खर्च आता है। इसी को ध्यान में रखते हुए झारखंड श्रीवारि सेवा संघ ने 60 वर्ष व उससे अधिक उम्र के लिए सामूहिक विवाह के लिए कदम आगे बढ़ाया है। झारखंड श्रीवारी सेवा संघ के मुख्य के साईं राम ने बताया की हमने लोगों के लिए इस तरह का आयोजन शुरू किया है। हम इसके लिए माझ तीन हजार रुपये लेते हैं और इसी में शादी की पूरी रस्म व खाना-पीना करवाते हैं। इसका यह फायदा होता है की इनकी वर्षों पुरानी याद ताजी हो जाती है और सबसे बड़ी बात तो यह है की इस शादी में उनके नाती पोते व पूरे परिवार शामिल होते हैं, जो एक नया अनुभव होता है।

**50 से अधिक जोड़ों ने किया विवाह :** रविवार को झारसुगुड़ा में इस सामूहिक विवाह में 50 से अधिक जोड़ो ने अपने परिवार के साथ अंश ग्रहण किया था। हमने अपने संघ की ओर से विवाह की पूरी रस्म के को मंत्रोचार व रितिक रिवाज से करवाया। रविवार को झारसुगुड़ा सहित, छत्तीसगढ़ के जगदलपुर, ओडिशा के विभिन्न जिलों से भी आए दस जोड़ों ने अंश ग्रहण किया था। झारसुगुड़ा में हुई इस निराली शादी का आयोजन चर्चा का विषय बन गया है। शादी के रस्म के बाद सभी ने सामूहिक रूप से एक साथ पार्टी का लुत्फ भी उठाया।

Alpha Institute of Computer Education
FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Franchise Benefit
All Computer courses
Vocational courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
Branded Name
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate Verification
Yearly Career Guidance - Seminar in your city
Paper and Media Support
Registered Office : 262, Delta Bhawan,Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand) Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand), Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**